आषाढ़ कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 135, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारतीय महिला टीम ने जीती श्रृंखला 13

अमिताभ ने अभिषेक के साथ देखी कल्कि 2898 एडी 14

# खुद को हिंदू कहने वाले करते हैं हिंसा की बात

## धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर लोकसभा में हुआ भारी हंगामा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जोरदार हमले किए। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोलने उठे राहुल गांधी की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी तीखी नोकझोंक हुई। राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत हाथ में संविधान की कॉपी लेकर की, लेकिन बीच भाषण में ही उन्होंने भगवान शिव की तस्वीर दिखाते हुए जो टिप्पणी की, उस पर सदन में हंगामा हो गया। राहुल ने कहा, खुद को हिंदू कहने वाले हिंसा की बात करते हैं। राहुल गांधी ने जब भाजपा पर यह आरोप लगाया तो प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने आपत्ति जताते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ने पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहा है।

दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को फिर से लोकसभा और राज्यसभा का सत्र शुरू हुआ तो केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, नीट और अग्निपथ जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर संगठित हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अग्निवीर सैनिक 'यूज एंड थ्रो' मजदूर बन गए हैं। राहुल ने भाजपा पर युवाओं, छात्रों, किसानों, मजदूरों, दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों में डर पैदा करने का आरोप लगाया।

नीट-यूजी में अनियमितता का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने एक पेशेवर परीक्षा को व्यावसायिक परीक्षा में तब्दील कर दिया है। अब छात्रों को नीट की परीक्षा पर विश्वास नहीं रहा। राहुल गांधी ने भाषण के दौरान भगवान शंकर की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि मोदीजी ने अपने भाषण में एक दिन कहा था कि हिंदुस्तान ने कभी किसी पर हमला नहीं किया। इसका कारण है। हिंदुस्तान अहिंसा का देश है, यह डरता नहीं है। शिवजी कहते हैं- डरो मत, डराओ मत और त्रिशूल को जमीन में गाड़ देते हैं। दूसरी तरफ जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं, वे 24 घंटे हिंसा-हिंसा..नफरत-नफरत करते हैं। आप हिंदू हो ही नहीं। राहुल गांधी के बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना ठीक नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'नेता विपक्ष ने कहा है कि जो अपने आपको हिंदू कहते हैं, वो हिंसा करते हैं। इनको मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग अपने आप को गर्व से हिंदू कहते हैं, क्या वे सभी लोग हिंसा करते हैं। उन्हें (राहुल) माफी मांगनी चाहिए।



### भगवान शिव की तस्वीर दिखाने पर अध्यक्ष ने रोका

राहुल ने अपने भाषण के दौरान भगवान शिव की तस्वीर दिखाई। स्पीकर ओम बिरला ने रोका और एक मिनट रुकने के लिए कहा। बिरला ने कहा कि आपने सवाल उठाया। आपके माननीय सदस्यगण 352 का नियम बता रहे थे। आपने कहा कि नियम प्रक्रिया से सदन चलना चाहिए। नियम में कोई भी प्लेकार्ड या तस्वीर नहीं दिखाया जा सकता। राहुल ने सवाल किया, ' 'क्या इस सदन में शिवजी की फोटो दिखाना मना है? अगर मैं कह रहा हूं कि मुझे इनसे प्रोटेक्शन मिली, लेकिन आप मुझे रोक रहे हैं। मैं इस तस्वीर को क्यों लाया, क्योंकि इस तस्वीर में आइडिया टू डिफेंड है। शिवजी के गले में सांप हैं, इसके पीछे का मकसद है किसी ने डरना नहीं चाहिए।

### प्रधानमंत्री-गृहमंत्री ने कहा-पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना आपत्तिजनक

#### राहुल ने भाजपा के बारे में बोला: प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा कि राहुल गांधी कभी हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते और उन्होंने सदन में भाजपा एवं उसके नेताओं के बारे में बोला है। प्रियंका, राहुल गांधी के भाषण को सुनने संसद भवन पहुंची थीं। प्रियंका ने कहा, मेरे भाई कभी हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते।

#### हिंदुओं से माफी मांगें राहुल : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिंदुओं को लेकर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने निंदनीय बयान से भारत माता की आत्मा को लहूलुहान करने का कार्य किया है। इसके लिए उन्हें दुनियाभर में फैले करोड़ों हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए।

#### अग्निवीर पर गलतबयानी कर रहे राहुल : राजनाथ

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने मोदी सरकार की अग्निवीर योजना पर भी तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि एक बारूदी सुरंग से एक अग्निवीर शहीद हुआ। मैं उसे शहीद कह रहा हूं, लेकिन भारत सरकार और नरेंद्र मोदी उसे शहीद नहीं कहते, उसे अग्निवीर कहते हैं, उसे पेंशन नहीं मिलेगी। उस घर को मुआवजा नहीं मिलेगा। शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। राहुल गांधी के भाषण के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गलतबयानी करके सदन को गुमराह करने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि युद्ध के दौरान या सीमा सुरक्षा के दौरान किसी अग्निवीर की मौत होती है तो उसके परिजन को एक करोड़ रुपये सहायता राशि दी जाती है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी खड़े होकर राहुल गांधी को सदन में झूठ न बोलने की नसीहत दी। कहा कि अगर ये अपने बयान का सत्यापन नहीं करते हैं तो उन्हें सदन, देश और अग्निवीरों से माफी मांगनी चाहिए।

# न्याय की अवधारणा को मजबूत करेंगे नए कानून

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को भारतीय न्याय व्यवस्था में लागू हुए 3 नए आपराधिक कानूनों का राज्य में औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने तीन नए कानूनों पर आधारित आईओ एप्लीकेशन का शुभारंभ करने के साथ ही विवेचकों को टैबलेट दिए।

पुलिस मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून लागू होना भारतीय न्याय व्यवस्था के लिए ऐतिहासिक है। पुराने और गैरजरूरी कानूनों को हटाकर वर्तमान परिस्थिति के हिसाब से नए आपराधिक कानून लागू हो रहे हैं। नए कानून की अवधारणा को मजबूत करेंगे और न्याय की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने में पुलिस और न्यायालयों की वृहद स्तर पर मदद करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नए कानूनों में ई- एफआईआर की सुविधा शुरू हुई है। अब न्यायालय पीड़ित को सुनवाई का अवसर दिए बिना मुकदमा वापस लेने की सहमति नहीं देगा। नए कानूनों में टेक्नोलॉजी के प्रयोग और फॉरेंसिक विज्ञान को बढ़ावा दिया गया है। नए कानूनों को लागू किये जाने के लिए राज्य सरकार ने पृथक रूप से 20 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है।



- नए कानूनों को राज्य में लागू करने के लिए 20 करोड़ की राशि का प्रावधान

कार्यक्रम में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, सचिव शैलेश बगौली, सचिव गृह दिलीप जावलकर, निदेशक अभियोजन डॉ पीवीके प्रसाद, अपर पुलिस महानिदेशक डा. वी मुरुगेशन, अमित सिन्हा, अपर महानिदेशक कानून व्यवस्था एपी अंशुमान के अलावा आईजी स्तर के अधिकारी, जिलों के एसएसपी व एसपी मौजूद रहे।




## एक नजर

### प्राइज फॉर फिक्शन की सूची में दो भारतीय

**नई दिल्ली।** दो भारतीय लेखकों और एक भारतीय मूल के लेखक की पुस्तकें 'एशियन प्राइज फॉर फिक्शन' की सूची में शामिल हुई हैं। यह पुरस्कार वैश्विक साहित्यिक परिदृश्य को आकार देने वाली विविध आवाजों का सम्मान करता है। अरेफा तहसीन की विच इन द पीपल ट्री, मृणालिनी हरचंदराय की रेस्क्यूइंग अ रिवर ब्रिज और नेपाली-भारतीय लेखिका स्मृति रवींद्र की वूमन हू क्लाइंब्ड ट्रीज हैं।

### सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के परिणाम सोमवार को घोषित हुए। यह परीक्षा 16 जून को हुई थी। यूपीएससी ने कहा कि अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा के अंक, कट ऑफ अंक व उत्तर कुंजी सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

### मेधा पाटकर को पांच माह की जेल, 10 लाख जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को 23 साल पुराने मानहानि के मामले में सोमवार को 5 महीने जेल व 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। ये मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने तब दायर किया था जब वह गुजरात के अहमदाबाद में एनजीओ प्रमुख थे।

# नीट-यूजी पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनटीए ने संशोधित रैंक की सूची भी जारी की
- 1563 अभ्यर्थियों के लिए कराई गई थी परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित किए और संशोधित रैंक सूची जारी की। एनटीए ने पांच मई को आयोजित की गई परीक्षा में छह केंद्रों पर देरी से परीक्षा शुरू होने के कारण समय के नुकसान की भरपाई के लिए 1,563 परीक्षार्थियों को कृपांक दिए थे। इन्हीं परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा आयोजित किए जाने के बाद यह संशोधित परिणाम जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 23 जून को सात केंद्रों पर आयोजित की गई पुनः परीक्षा में 1,563 परीक्षार्थियों में से 48 प्रतिशत उपस्थित नहीं हुए थे। एनटीए के अधिकारियों ने बताया कि 1,563 परीक्षार्थियों में से 813 ने दोबारा परीक्षा दी जबकि अन्य ने कृपांक छोड़ने का विकल्प चुना। चंडीगढ़ केंद्र में सिर्फ दो अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी वहां एक भी परीक्षार्थी उपस्थित नहीं हुआ।

# प्राथमिकी दर्ज होने पर अब तीन साल के भीतर मिलेगा न्याय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 सोमवार से पूरे देश में प्रभावी हो गए। इन तीनों कानून ने ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 'इंडियन एविडेंस एक्ट' की जगह ली है। इसके साथ ही न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव की शुरूआत हो गई।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नए आपराधिक कानूनों के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर सभी मामलों में सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय मिलेगा। शाह ने उम्मीद जताई कि भविष्य में अपराधों में कमी आएगी और नए कानूनों के तहत 90 प्रतिशत मामलों में दोषसिद्धि होने की संभावना है।

गृहमंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर मिल सकता है। तीनों आपराधिक कानूनों के लागू होने से भारत में दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी। उन्होंने कहा कि नए कानून, आधुनिक न्याय प्रणाली को स्थापित करते हैं जिनमें 'जीरो एफआईआर', शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे तरीकों से समन और अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी शामिल हैं। शाह ने बताया कि नए कानून के तहत पहला मामला ग्वालियर में रविवार रात 12 बजकर 10 मिनट पर मोटरसाइकिल चोरी का दर्ज किया गया।

### नए आपराधिक कानून लागू



- गृहमंत्री शाह ने कहा-अब दंड की जगह न्याय प्रदान करने को मिलेगी प्राथमिकता

### नए कानून के तहत उप्र के अमरोहा में दर्ज हुई पहली एफआईआर

- डीजीपी ने कहा- पुलिस ने कर रखी थीं पहले से तैयारियां

**लखनऊ/अमरोहा।** डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि बिना किसी दिक्कत के प्रदेश के सभी थानों में नए कानून के तहत एफआईआर दर्ज की जा रहीं हैं। इस क्रम में पहले दिन जल्द सुबह बरेली और अमरोहा में दर्ज की गई एफआईआर का जिक्र किया। प्रशांत कुमार ने बताया कि तीनों कानूनों को लागू करने के लिए पहले से ही उप्र. पुलिस ने व्यापक तैयारियां कर रखी थीं। अमरोहा संवाददाता के अनुसार जिले के रहरा थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत सोमवार सुबह 9 :51 बजे पहली एफआईआर दर्ज की गई है। जो गांव ढकिया खादर निवासी संजय सिंह ने दर्ज कराई है। सोमवार सुबह संजय के पिता जयपाल उर्फ मंगला धान की पौध लगाने गए थे। उनके पड़ोसी राजवीर ने खेत के चारों ओर बिजली के तार लगा रखे हैं। करंट लगने से जगपाल की मौत हो गई। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि मामले में मृतक जगपाल उर्फ मंगला के बेटे संजय सिंह की तहरीर पर राजवीर उर्फ रज्जु और भूप सिंह उर्फ भोलू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# राज्य में शुरू होगी टीचिंग शेयरिंग व्यवस्था

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का कहना है कि राज्य में नौनिहालों को गुणवत्तापरक शिक्षा देने के उद्देश्य से विद्यालयी शिक्षा विभाग में टीचिंग शेयरिंग व्यवस्था शुरू होगी। इसके लिए राज्य में संचालित विभिन्न बोर्डों के बीच शीघ्र ही अनुबंध होगा, जिसका प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार के लिए सीबीएसई द्वारा राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही बच्चों के तनाव को कम करने के लिए बस्ते का बोझ कम किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को प्रदेश के विद्यालयों में माह में एक दिन बैग फ्री डे तय करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य में संचालित शिक्षा बोर्डों के अधिकारियों एवं निजी विद्यालयों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में कई फैसले लिए गए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि टीचिंग शेयरिंग व्यवस्था के लिए प्रथम चरण में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आस-पास के विद्यालयों का समूह विकसित किया जाएगा, तदोपरांत सभी विद्यालयों में यह व्यवस्था लागू होगी। नई शिक्षा नीति-2020 में बच्चों के बस्ते का बोझ कम कर उनके सर्वांगीण विकास की सिफारिश की गई है। सभी बोर्डों के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में माह में एक दिन बैग फ्री डे लागू किया जाएगा। इस दिन वाद-विवाद, कृषि कार्य, खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कौशल विकास संबंधित गतिविधियां आयोजित होंगी।



डॉ. धन सिंह रावत, विद्यालयी शिक्षा मंत्री

- बोर्डों के बीच बनी सहमति, राजकीय स्कूलों के शिक्षकों को प्रशिक्षण देगा सीबीएसई

### बैठक में यह रहे मौजूद

महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी, निदेशक एससीईआरटी वंदना गर्ब्याल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा महावीर सिंह बिष्ट, निदेशक बेसिक शिक्षा रामकृष्ण उनियाल, अपर राज्य परियोजना निदेशक डॉ. मुकुल सती, अपर निदेशक एससीईआरटी अजय कुमार नौड़ियाल, वित्त नियंत्रक हेमेन्द्र प्रकाश गंगवार, उप सचिव सीबीएसई (देहरादून) राजेश गुप्ता, सचिव उत्तराखंड बोर्ड विनोद सिमल्टी, सीईओ प्रदीप रावत, प्रतिनिधि आईसीएसई बोर्ड व अध्यक्ष प्रोग्रेसिव स्कूल एसोसिएशन डॉ. प्रेम कश्यप, विद्या भारती शिक्षा संस्थान के मनोज रयाल, सहित विभागीय अधिकारी एवं निजी विद्यालयों के निदेशक व प्रधानाचार्य बैठक में शामिल हुए।

# सीबीआई की गिरफ्तारी को कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाला मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी और विशेष अदालत के केंद्रीय जांच एजेंसी को उन्हें हिरासत में देने के आदेश के साथ ही गिरफ्तारी को उचित बताने की टिप्पणी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ईडी के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल बंद केजरीवाल को 26 जून को औपचारिक तौर पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।



# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ 30 रुपये सस्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

- विमान ईंधन की कीमतों में 1.2% की हुई बढ़ोत्तरी

अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतों के अनुरूप विमान ईंधन की दर में सोमवार को 1.2% की वृद्धि हुई। हालांकि, वाणिज्यिक एलपीजी (19 किग्रा) सिलेंडर की कीमत में 30 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है।

दिल्ली में विमानन ईंधन (एटीएफ) की कीमत 1,179.37 रुपये प्रति किलोलीटर या 1.2% बढ़कर 96,148.38 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। एक जून को एटीएफ की दर में 6.5% (6,673.87 रुपये प्रति किलोलीटर) की कटौती हुई थी। मुंबई में एटीएफ की कीमत 88,834.27 रुपये से बढ़ाकर 89,908.30 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत 30 रुपये कमकर 1,646 रुपये प्रति सिलेंडर की है। कीमतों में लगातार चौथी बार कटौती की गई है। इससे पहले एक जून को 69 रुपये कम किए गए थे। एक मई को 19 और एक अप्रैल को 30.5 रुपये प्रति सिलेंडर कम किए गए थे।




# ऋषिकेश में गंगा में डूबा दिल्ली का युवक व महिला

**देहरादून।** ऋषिकेश के मुनि की रेती थाना क्षेत्र स्थित नीम बीच पर एक युवक व महिला गंगा नदी में डूब गए। एसडीआरएफ की टीम दोनों की तलाश में जुटी है, लेकिन उनका पता नहीं चल सका था।

पुलिस के अनुसार सोमवार दोपहर एक युवक व महिला मुनि की रेती से किराए की बाइक लेकर घूमने निकले थे। वे नीम बीच पर पहुंचे। तीन बजे महिला स्नान करने के लिए गंगा में उतरी और डूबने लगी। महिला को बचाने के लिए युवक ने नदी में छलांग लगा दी। यह सब देख वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाकर गोताखोरों को बुलवाया, लेकिन तब तक दोनों ओझल हो गए। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ के जवानों ने रेस्क्यू शुरू किया। युवक की पहचान लवप्रीत सिंह पुत्र सुखबीर सिंह निवासी ई-25 सुदर्शन पार्क पश्चिम दिल्ली के रूप में हुई। महिला भी दिल्ली की रहने वाली बताई जा रही है, लेकिन उसका नाम-पते की जानकारी नहीं हो सकी है।

- तलाश में जुटी एसडीआरएफ की टीम

पहली बार | सूर्य के बेहद करीब पहुंचने की कवायद, नासा का पार्कर सोलर प्रोब इस कारनामे को देगा अंजाम

# इंसान अंतरिक्ष में एक और इतिहास रचने को तैयार

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** इंसान सूर्य के बेहद करीब पहुंचने का इतिहास रचने जा रहा है। अमेरिका के नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) का पार्कर सोलर प्रोब इस कारनामे को अंजाम देने जा रहा है। पार्कर व सूर्य के बीच दूरी 5.3 मिलियन मील रह जाएगी।

यह पहली बार होने जा रहा है, जब कोई मानव निर्मित उपग्रह सूर्य के इतने करीब पहुंचेगा। पृथ्वी व सूर्य के बीच दूरी 15 करोड़ किलोमीटर है और हम जैसे-जैसे सूर्य के करीब पहुचेंगे, पिघला देने वाला तापमान बढ़ता चला जाएगा। जिस कारण सूर्य के करीब पहुंचना बड़ी चुनौती है। जिसे पार करना दुस्साहस भरा कदम है और पार्कर इस चुनौती को फतह करने जा रहा है। पार्कर का सफर यहीं थमने वाला नहीं है, वह दिसंबर में सूर्य के नजदीक पहुंचने का एक और कीर्तिमान बनाएगा। तब वह सूर्य के इतने करीब पहुंच चुका होगा कि वह लगभग सूर्य को स्पर्श कर चुका होगा और इनके बीच की दूरी सिर्फ 4 मिलियन मील रह जाएगी। यह दूरी इस प्रोब को बुरी तरह झुलसा देने वाली होगी। नासा का कहना है कि अंतिम पेरिहेलियन पर पार्कर सोलर प्रोब सूर्य को स्पर्श करेगा। सूर्य की परिक्रमा करते समय पेरिहेलियन निकटतम दृष्टिकोण का बिंदु है। पार्कर ने अपने पेरिहेलियन के समीप पहुंचने के दौरान करीब और करीब आने के मिशन के दौरान वृद्धिशील कदम उठाए हैं। इसमें 26 नियोजित पेरिहेलियन हैं। पार्कर 800,000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से यात्रा कर रहा है। इस अंतरिक्ष यान ने लंबे समय से सूर्य के सबसे करीब पहुंचने और सबसे तेज़ मानव निर्मित वस्तु के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस मिशन का सपना पहली बार 1958 में देखा गया था, जब यूजीन पार्कर ने सौर हवा के अस्तित्व की भविष्यवाणी की थी। 60 साल बाद अगस्त 2018 में यह सपना आखिरकार साकार हुआ। इस मिशन का अंतिम लक्ष्य मात्र छह महीने दूर रह गया है।



### छह वर्ष में कई रहस्य किए उजागर

अंतरिक्ष मिशन पार्कर छह वर्षों में सूर्य के अनेक रहस्य उजागर करने में कामयाब रहा है। मिशन के डेटा ने सूर्य के बारे में हमारी समझ, सौर मंडल, अंतरिक्ष मौसम और ब्रह्मांड के अन्य सितारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई है, जो नासा ही नहीं बल्कि दुनिया के सभी वैज्ञानिकों व खगोल विज्ञानजगत के लिए बेहद उपयोगी हैं।

# एनआईए ने दी रशीद को सांसद के तौर पर शपथ लेने की सहमति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2019 से तिहाड़ जेल में बंद कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद को 5 जुलाई को सांसद के तौर पर शपथ लेने के लिए सोमवार को विशेष अदालत के समक्ष अपनी सहमति दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह इस पर मंगलवार को आदेश पारित करेंगे। एनआईए के वकील ने कहा कि रशीद को कुछ शर्तों के साथ शपथ लेने की मंजूरी दी जानी चाहिए जैसे कि वह मीडिया से बात न करें। बारामूला से निर्दलीय सांसद रशीद को जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के वित्त पोषण के मामले में 2017 में गिरफ्तार किया गया था। राशीद ने शपथ लेने के लिए अंतरिम जमानत के लिए कोर्ट का रुख किया था। यहां विशेष अदालत ने 22 जून को मामले पर सुनवाई रद कर दी थी और एनआईए से जवाब मांगा था।



- तिहाड़ जेल में बंद है कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद

# भारत सरकार के प्रोजेक्ट पर खड़ा किया आशियाना

## वर्ष 2005 में केंद्र सरकार के हरियाली प्रोजेक्ट के तहत पक्का बनाया था पोखर, इसी पोखर पर कर रखा है कथित नेता ने कब्जा

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति का बहुचर्चित अवैध कब्जे का मामला



दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति वार्ड 36 में नहर को पाटकर बनाया जा रहा मकान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दमुवाढूंगा के कथित नेता के कारनामों के रोज नए खुलासे हो रहे हैं। जिस सरकारी भूमि पर कथित नेता इमारत का निर्माण करा रहा है, उस पर भारत सरकार का प्रोजेक्ट था। जिसके तहत कच्चे पोखर को पक्का किया गया था। समय के साथ इस्तेमाल बंद हो जाने से पोखर बंजर हो गया। इसी का फायदा उठाकर कथित नेता ने इसे कब्जाने का खेल कर दिया।

दमुवाढूंगा इलाके के जवाहर ज्योति वार्ड 36 में शर्मा आटा चक्की के सामने कब्जे का खेल चल रहा है। अमृत विचार की टीम ने कुछ और पड़ताल की तो पता लगा कि जिस जमीन पर छुटभैये नेता ने कब्जा कर मकान या दुकानें बनाई हैं, वहां कभी पोखर यानी तालाब हुआ करता था। ये पोखर सरकारी था और केंद्र सरकार की योजना के तहत इसे पक्का किया गया था। वर्ष 2005 में यह क्षेत्र ग्राम पंचायत दमुवाढूंगा खाम (जवाहर ज्योति) के नाम से जाना जाता था, जो वर्ष 2014 से नगर निगम में शामिल हो गया।

वर्ष 2005 में भारत सरकार का हरियाली प्रोजेक्ट आया। जिसके तहत गांवों में कच्चे पोखरों को बचाने के लिए उन्हें पक्का करने का काम शुरू किया गया। तब दमुवाढूंगा खाम (जवाहर ज्योति) के ग्राम प्रधान विजय कुमार पप्पू के प्रयास से इस पोखर को भी पक्का किया गया। इसके लिए करीब 50 हजार रुपये केंद्र सरकार की ओर से जारी किया गया। तब जलागम के अधिशासी अभियंता रहे उपाध्याय को ब्लॉक में हो रहे तमाम पोखरों की मॉनिटरिंग के लिए तैनात किया गया था। भूमि संरक्षण विभाग भी इस कार्य में शामिल था। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए बजट से पोखर के चारों ओर दीवार का निर्माण कर संरक्षित किया गया था, जिसे अब तथाकथित नेता खुर्द-बुर्द करने में जुटा है।

### रखरखाव का रुपया कहां गया

**हल्द्वानी :** विजय ने एक बड़ा सवाल उस विभाग पर भी उठाया है, जिसने पोखर को पक्का करने का काम किया। उनका कहना है कि भारत सरकार के जारी बजट से पोखर को पक्का किया गया। जिसके बाद 20-25 हजार रुपये भारत सरकार ने अतिरिक्त दिए। ताकि भविष्य में पोखर का रख-रखाव किया जा सके, लेकिन रख-रखाव के लिए एक रुपया खर्च नहीं किया गया और न ही पता लगा कि रख-रखाव का पैसा कहां गया।

### पुलिस चौकी बनाने की योजना का कर दिया विरोध

**हल्द्वानी :** ग्राम प्रधान रहे विजय कुमार पप्पू का कहना है कि पोखर को जब कब्जाने की कोशिश हो रही थी तब कई लोगों ने इसे बचाने की कोशिश भी की थी। मांग की थी कि पोखर पर कोई कब्जा करे इससे अच्छा यहां पुलिस चौकी बना दी जाए, लेकिन जिन लोगों को लाभ लेना था, उन्होंने विरोध कर दिया। विजय का कहना है कि मौजूदा वक्त में पोखर की सवा बीघा से अधिक जमीन को कब्जा लिया गया है।

# आपदा प्रबंधन और संचार विषय पर पांच दिनी कार्यशाला शुरू

**नैनीताल, अमृत विचार :** उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी में पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। जिसमें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान एवं प्रसार भारती भारत सरकार की ओर से आपदा प्रबंधन एवं संचार विषय पर अध्ययन कराया जा रहा है। इस दौरान एटीआई के महानिदेशक बीपी पांडेय ने कहा कि उत्तराखंड जैसे आपदा प्रभावित राज्य में आकाशवाणी दूरदर्शन और भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के साथ मिलकर दक्षता कार्यशाला आयोजन से न केवल इस राज्य को लाभ होगा, बल्कि प्रदेश के प्रभावित क्षेत्रों के भ्रमण एवं प्रभावित लोगों के अनुभवों के माध्यम से देश के अन्य लोग भी जागरूक हो सकेंगे। 5 जुलाई तक चलने वाली कार्याशाला में पर्यावरण, आपदा प्रबंधन तकनीकों, मौसम एवं अग्रिम भविष्यवाणी, स्वास्थ जोखिम एवं मौसम पूर्वानुमान आदि प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस दौरान डॉ. उपेन्द्रनाथ बोरा, प्रो. डॉ. सूर्य प्रकाश, डॉ. उमाशंकर सिंह, डॉ. महेश कुमार, डॉ ओमप्रकाश, डॉ. मंजू पांडे मौजूद रहे।

# देश के लिए ऐतिहासिक साबित होंगे नए कानून

- वरिष्ठ अधिवक्ता पिंकी आनंद ने कानून को बताया देश के लिए फायदेमंद

संवाददाता, नैनीताल



पिंकी आनंद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता, पूर्व सॉलिसिटर जनरल व कानून संशोधन कमेटी की सदस्य पिंकी आनंद सोमवार को निजी दौरे पर नैनीताल पहुंची। इस दौरान बातचीत में पिंकी आनंद ने कहा कि सरकार ने कानून में संशोधन कर ब्रिटिश कालीन कानून का अंत कर दिया है। जो तीन नए कानून बनाए गए हैं उससे देश की जनता को फायदा मिलेगा। सरकार के लागू किए गए कानून देश के लिए ऐतिहासिक साबित होंगे।

पिंकी आनंद ने कहा कि आपराधिक न्याय कानून में अधिकांश संशोधन नहीं हो पाए थे, जिनमें अब संशोधन होना शुरू हुआ है। तीन कानून लागू होने के बाद न्याय संहिता में काफी कुछ सुधार देखने को मिलेगा। महिला उत्पीड़न, देश की अर्थव्यवस्था से हो रहे खिलवाड़, न्याय प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर सुनवाई होगी, जिससे मामलों की सुनवाई के दौरान सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। न्यायालय आने वाले लोगों को कानून बनने के बाद एक तय समय सीमा के साथ न्याय मिलना संभव होगा। वित्तीय अनियमित, भ्रष्टाचार संबंधी मामलों के लिए यह कानून बेहद सकारात्मक है। कानून लागू होने के बाद पीड़ित को अपने मामले की संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। अब तक पीड़ित को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी जाती थी। कानून लागू होने से अब आरोपी को भी अपने केस की पूरी जानकारी आसानी से मिल जाएगी। देश की जनता के हित में तीनों कानून बनाए गए हैं।

## सार-संक्षेप



महिला को प्रमाण पत्र देतीं ईओ पूजा चंद्रा व अन्य। ● अमृत विचार

### समूह की महिलाओं को दिया ऐपण का प्रशिक्षण

**नैनीताल :** नगर पालिका और आरसेटी हल्द्वानी की ओर से 15 स्वयं सहायता समूह की 32 महिलाओं को छह दिवसीय ऐपण बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। 26 जून से शुरू हुए प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हो गया। सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र दिए गए। इस दौरान नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पूजा चन्द्रा, बुरांश महिला सहायता समूह, रेनू स्वयं सहायता समूह, जय श्रीराम स्वयं सहायता समूह, गार्गी स्वयं सहायता समूह, सहेली स्वयं सहायता समूह, शिवशक्ति स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।



सुलेख प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। ● अमृत विचार

### मानसिक विकास के लिए लाभप्रद है सुलेख प्रतियोगिता

**भीमताल :** श्री देवगुरु नागरिक पुस्तकालय तल्ली पोखरी (शिवनगरम्) ओखलकांडा में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग। पुस्तकालय प्रभारी डॉ. हेमन्त कुमार जोशी ने बताया कि पुस्तकालय उद्घाटन के बाद यह पहली प्रतियोगिता आयोजित की गई है। बच्चों के लेखनात्मक, बौद्धिक, मानसिक विकास के लिए सुलेख प्रतियोगिता लाभप्रद होती है। छोटी कक्षाओं से ही यदि लेख में ध्यान दिया जाए तो बच्चों को भविष्य में कॅरियर विकास के साथ ही व्यक्तित्व विकास भी होता है। उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों से अपने बच्चों को पुस्तकालय के साथ जुड़ने के लिए अभिप्रेरित करने को कहा है।

### नहीं रहे उमेदपुर के पूर्व सरपंच निर्मल सिंह



निर्मल सिंह।

**रामनगर :** उमेदपुर गांव निवासी भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष नवजोत सिंह ग्रेवाल के दादा पूर्व सरपंच निर्मल सिंह ग्रेवाल (87 वर्षीय) का निधन हो गया। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। स्व. निर्मल सिंह एक प्रगतिशील किसान थे। उनकी अंतिम अरदास तीन जुलाई को उमेदपुर गांव के गुरुद्वारे में की जाएगी। इस अवसर पर हजूर साहिब वाले बाबा मोहन सिंह और बाबा कर्म सिंह उपस्थित रहेंगे।

### खेत में गश खाकर गिरा किसान, मौत

**गरमपानी :** ताड़ीखेत ब्लॉक के हिडाम गांव के रमेश राम (60 वर्ष) गांव के समीप स्थित अपने खेतों पर कार्य के लिए पहुंचे। ग्रामीणों के अनुसार खेतो में हल चलाने के बाद रमेश राम ने एक गिलास पानी पिया और फिर अचानक बेसुध होकर गिर गए। काश्तकार के एकाएक बेसुध होने से अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे पर तब तक रमेश की मौत हो चुकी थी। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। किसान के हृदयाघात से मौत हो जाने का अंदेशा है। दोपहर बाद भुजान स्थित कोसी व कुंजगढ़ नदी के संगम पर स्थित श्मशान घाट में अंत्येष्टि की गई।



बैठक के दौरान मौजूद वन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

### विभाग की खराब कार्यप्रणाली पर जताया आक्रोश

**नैनीताल :** सहायक वन कर्मचारी संघ दक्षिणी कुमाऊं वृत तथा वन बीट अधिकारी संघ दक्षिणी कुमाऊं वृत की संयुक्त सभा का सोमवार को भूमि संरक्षण वन प्रभाग नैनीताल के संघ भवन में हुई। सभा में कर्मचारियों को फायर सीजन में अत्याधुनिक सुविधाएं देने समेत टेंडर प्रकिया से विभागीय कार्य कराये जाने, वन दरोगाओं को अनुभाग का चार्ज देने, 10 से 30 वर्ष की सेवा के उपरांत समय से एसीपी का लाभ देने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही विभागीय कार्यप्रणाली की गुणवत्ता पर रोष व्यक्त किया गया। उन्होंने टैंडर से कार्य कराने जाने की मांग की। बैठक में सभी समस्याओं के निराकरण के लिए समिति बनाकर उच्चाधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र निराकरण हेतु पत्र प्रेषित किए जाने की सहमति बनी। बैठक में अध्यक्ष चन्द्र शेखर जोशी, रणजीत सिंह थापा, जीवन कांडपाल, गोविंद राम, हेम चन्द्र कांडपाल, राजन, अतुल भगत, विमला राठौर, संतोष जोशी, सुनील टम्टा आदि उपस्थित रहे।

# समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल :** भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने डीएम वंदना से मुलाकात कर उन्हें नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से डीएसए मैदान में सौंदर्यीकरण कार्य के तहत गुरुद्वारा व कैपिटल सिनेमा के समीप प्रवेश द्वार, पालिका के समीप बैठने के लिए रैलिंग को पुराने स्वरूप में न बनाने, सीवर लाइनों को ठीक करने की मांग की। इसके अलावा आंतरिक मार्गों के निर्माण व चौराहों के चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र पूरा करने की भी मांग की। जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये। ज्ञापन देने वालों में सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, मोहित लाल साह, विक्रम सिंह रावत, लाल सिंह बिष्ट, अरविंद पडियार, दयाकिशन शामिल रहे।

# यूट्यूबर से मिलने इंदौर से भाग आया किशोर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- दुकान में काम कर जुटाए रुपये
- आधी रात पहुंचा यूट्यूबर के घर, सुबह पुलिस ले गई

**अमृत विचार :** यूट्यूबर से मिलने की दीवानगी में एक किशोर इंदौर से हल्द्वानी भाग आया। यूट्यूबर से मिलने के लिए उसने एक दुकान में नौकरी कर पैसे जुटाए थे। आधी रात वह यूट्यूबर के घर पहुंचा और सुबह पुलिस उसे अपने साथ ले गई।

मध्य प्रदेश के इंदौर का रहने वाला 13 वर्षीय किशोर हल्द्वानी के यूट्यूबर सौरभ जोशी का फैन है। पुलिस के मुताबिक किशोर इंदौर से दिल्ली और फिर हल्द्वानी तक ट्रेन से पहुंचा। यूट्यूबर के घर का पता उसने यूट्यूबर एकाउंट से निकाला और रविवार रात करीब 12 बजे वह यूट्यूबर के घर पहुंच गया। आधी रात किशोर को घर के बाहर पाकर सब हैरान रह गए। सौरभ ने रात उसे अपने घर पर रखा और सुबह पुलिस को सूचना दी। टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट मौके पर पहुंचे। उन्होंने बच्चे से बातचीत कर परिजनों को सूचना दी। सोमवार शाम पांच बजे किशोर की मां सीमा, नानी सुभद्रा और मौसा हल्द्वानी के लिए इंदौर से रवाना हुए। पूछताछ में किशोर ने बताया कि वह आठवीं का छात्र है। उसकी मां राईस मिल में काम करती हैं। बड़ा भाई इंदौर सिटी बस में कंडक्टर है। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि किशोर बाल कल्याण समिति के पास है। मंगलवार को परिजन उसे अपने साथ ले जाएंगे।



विकास भवन के बाहर विधायक राम सिंह कैड़ा का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

# 16 से 21 जुलाई तक होगा हरेला मेला

संवाददाता, भीमताल

- विकास भवन में मेले को लेकर हुआ समितियों का गठन

**अमृत विचार :** भीमताल में हरेला मेला 16 से 21 जुलाई तक होगा। इसको लेकर सोमवार को विकास भवन सभागार में बैठक का आयोजन हुआ।


जिसमें विभिन्न समितियों का गठन किया गया। बैठक में कई समितियों के सदस्यों को पूर्व की तरह ही जिम्मेदारी सौंपी गई। लेकिन कुछ सदस्यों ने समिति में रहने की इच्छा प्रकट नहीं की। जिस पर उनके स्थान पर नए सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई। तय हुआ कि मौसम खराब होने की स्थिति में एक-दो दिन मेले की अवधि को बढ़ाया जा सकता है। वहीं मेले में कई सुविधाओं को जुटाने के लिए विभिन्न विभागों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में एसडीएम प्रमोद कुमार, विधायक राम सिंह कैड़ा, मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, मनोज भट्ट, दिनेश सांगुड़ी, देवेन्द्र सिंह चनौतिया, पंकज जोशी, अखिलेश सेमवाल, अनिल चनौतया मौजूद रहे।

# आरोपी को फांसी की सजा पर सुनवाई 9 को

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने नौ वर्ष की बच्ची का अपहरण व दुष्कर्म के बाद हत्या करने के आरोपी को निचली अदालत द्वारा फांसी की सजा दिए जाने के मामले में सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ ने मामले की अंतिम सुनवाई के लिए 9 जुलाई की तिथि नियत की है।

हरिद्वार की पॉक्सो अदालत ने मुख्य अभियुक्त को फांसी की सजा की पुष्टि करने के लिए आदेश उच्च न्यायलय के रजिस्ट्रार जनरल को भेजा था। उसके बाद उच्च न्यायलय की रजिस्ट्रार ने आदेश की पुष्टि को रिफरेंस अपील दायर की। निचली अदालत के आदेशानुसार पॉक्सो कोर्ट हरिद्वार ने अभियुक्त रामतीरथ को फांसी और 1.30 लाख रुपए का अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं



सह अभियुक्त को कोर्ट ने 5 साल कैद एवं 1 लाख जुर्माने और तीसरे अभियुक्त के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिलने पर उसे बरी कर दिया। मामले के अनुसार समाचार पत्रों में छपी खबरों के आधार पर हरिद्वार पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ 20 दिसंबर 2020 को एक मुकदमा दर्ज किया। जांच के बाद हरिद्वार कोतवाली पुलिस ने ऋषिकुल कॉलोनी के एक मकान में 9 वर्ष की बच्ची का शव बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने मकान मालिक राजीव कुमार और उसके भांजे रामतीर्थ यादव को गिरफ्तार किया। पोस्टमार्टम में मासूम से दुष्कर्म और बाद में गला घोंटकर हत्या की पुष्टि हुई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी राम तीरथ यादव, राजीव कुमार व गंभीर चंद उर्फ गौरव निवासी ऋषिकुल हरिद्वार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### डेटिंग में सिर्फ किशोर को कस्टडी में लेने पर मांगा जवाब

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने नाबालिग लड़के-लड़कियों के प्यार व डेटिंग के दौरान पकड़े जाने पर लड़के को गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए केंद्र व राज्य सरकार से जबाव दाखिल करने को कहा है। याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितू बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में हुई। हाईकोर्ट की अधिवक्ता मनीषा भंडारी ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि नाबालिग लड़के-लड़कियों के प्यार के मामले में हमेशा दोषी लड़के को माना जाता है। जिनमें कुछ मामलों में लड़की बड़ी होती है, तब भी लड़के को ही कस्टडी में लिया जाता है और उसे क्रिमिनल बनाकर जेल में डाल दिया जाता है। उसकी गिरफ्तारी के बजाय काउंसलिंग होनी चाहिए। ऐसे में जिस उम्र में उसे स्कूल कॉलेज होना चाहिये था, वह जेल में होता है। ऐसे मामले में जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत लड़के-लड़कियों व परिजनों की काउंसलिंग की जानी चाहिये। जबकि भारतीय दंड संहिता में 16 से 18 साल के अपराधी बच्चों को दंड देने के बजाय उनकी मानसिक स्थिति को जानने के लिए बोर्ड का गठन करने का प्रावधान है। इसके विपरीत पॉक्सो एक्ट के कुछ धाराओं में जेल भेज जाता है। यह अपने आप में सोचनीय विषय है। इस पर विचार किया जाना आवश्यक है। नाबालिगों को सीधे जेल न भेजकर उनकी काउंसलिंग की जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान कोर्ट के संज्ञान में आया कि हल्द्वानी जेल में ऐसे आरोपों से सम्बंधित 20 बच्चे बन्द हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार से जबाव मांगा है।

# पालिका प्रशासक ने बताए डिजिटल सर्वे के लाभ

संवाददाता, नैनीताल

- बैठक में व्यापारियों व लोगों ने सर्व को लेकर जताई सहमति

**अमृत विचार :** नगर पालिका प्रशासक ने सोमवार को नगर के व्यापारियों व लोगों के साथ बैठक कर उन्हें क्षेत्र में हो रहे डिजिटल सर्वे के बारे में बताया। साथ ही इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। जिस पर सभी लोगों ने सर्वे को लेकर सहमति जताई।

पालिका प्रशासक केएन गोस्वामी ने बताया कि शासन से जारी शासनादेश के तहत सर्किल रेट के आधार पर कर में 0.01 प्रतिशत से 01 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी का प्रावधान है। जिसमें नगर पालिका ने 0.01 प्रतिशत बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव कराया कराया है। वर्तमान में दिये जा रहे कम में अधिकतम पांच प्रतिशत तक की ही बढ़ोत्तरी की जा सकती है। दोनों नियम लागू होने के बाद कर में मामूली बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर निकाय क्षेत्र में आने वाली सभी संपत्तियों आवासीय, व्यवसायिक, कार्यालयी भवनों समेत बाजार व खाली भूमि का डिजिटल डेटा तैयार किया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक संपत्ति को यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी।

बैठक में ईओ पूजा चन्द्रा, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, तल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष अमनदीप सिंह, मल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन सिंह नेगी, त्रिभुवन सिंह, रुचिर शाह, वेद शाह मौजूद थे।

# नहीं चुका सका शादी का कर्ज, युवक ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- अपनी शादी के लिए चार साल पहले युवक ने लिया था कर्ज
- कर्ज के साथ हर माह की कमेटी से तनाव में आ गया था युवक

**अमृत विचार:** एक युवक ने कर्ज लेकर शादी की। शादी को चार साल गुजर गए, लेकिन वह कर्ज नहीं चुका पाया। हर महीने की जमा होने वाली कमेटी से वह मानसिक तनाव में आ गया। जिसके चलते उसने फांसी लगा ली। पांच दिन चले उपचार के बाद युवक ने डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

फतेहउल्लाहगंज ठाकुरद्वारा मुरादाबाद निवासी अजय कुमार (38 वर्ष) पेशे से मजदूर था। परिजनों के मुताबिक चार साल पहले उसने काफी कर्ज लेकर बबिता से शादी की थी। उसकी दो बेटियां भी हैं। शादी के कर्ज के साथ वह मासिक कमेटी भी जमा कर रहा था। इससे वह काफी तनाव में आ गया। 25 जून की रात अजय ने कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों ने देखा तो वह फंदे पर लटका तड़प रहा था। उसे फौरन फंदे से उतार कर परिजनों ने मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर उसे 29 जून को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। यहां रविवार रात उसकी मौत हो गई।

# मल्लीताल क्षेत्र में मिला अधेड़ का शव

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में एक अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सोमवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि मल्लीताल 7 नम्बर क्षेत्र में एक बंद कमरे से दुर्गंध आ रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोला तो बिस्तर में एक अधेड़ मूर्छित अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसके शरीर से तेज दुर्गंध आ रही थी। पुलिस अधेड़ को बीडी पांडे अस्पताल लेकर आई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधेड़ की शिनाख्त अल्मोड़ा भनोली निवासी यशवंत के रूप में हुई, जो नैनीताल में नाव चलाता था। वह बीमार रहता था और सात नम्बर क्षेत्र में किराए के कमरे में रहता था। एसआई प्रियंका मौर्य ने बताया कि परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

# छात्रावास निर्माण के लिए जल्द करें भूमि का चयन

- अपर सचिव समाज कल्याण ने किया राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** अपर सचिव समाज कल्याण ओंकार सिंह ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पाइंस का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना के अंतर्गत नैनीताल के लिए 100 छात्रों का छात्रावास स्वीकृत हुआ है। छात्रावास निर्माण के लिए शासन ने मंडी को कार्यदायी संस्था बनाया है। उन्होंने अब तक छात्रावास का कार्य शुरू नहीं होने पर नाराजगी प्रकट की। साथ ही मंडी के अभियंता को शीघ्र ही छात्रावास निर्माण के लिए भूमि का चयन कर निर्माण शुरू करने के निर्देश दिये। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि सभी पेंशनरों को हर माह की एक से पांच तारीख तक पेंशन की राशि बैंक खाते में दे दी जाती है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में पेंशन का बजट विलंब से प्राप्त होने के कारण अप्रैल और जून माह की पेंशन राशि 2 जुलाई को प्रेषित कर दी जाएगी।

### भंडारे का आयोजन

**गरमपानी :** मां जियारानी बेलेश्वर महादेव मंदिर कत्यूर घाटी तिपोला में धार्मिक अनुष्ठान से माहौल भक्तिमय हो गया। विशेष मंत्रोच्चार के साथ क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि को प्रार्थना की गई। हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद भंडारे के साथ कार्यक्रम का पारायण हुआ।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

**आज का मौसम**

गरज के साथ हल्की बौछार

32.0⁰ अधिकतम तापमान | 26.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.17 | सूर्यास्त 07.15

## एक नजर

### आपदा प्रबंधन एवं मानसून सत्र की समीक्षा बैठक कल

**हल्द्वानी :** अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रुहेला की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन एवं मानसून सत्र की समीक्षा बैठक 3 जुलाई को सुबह 10.30 बजे जिला सभागार कार्यालय नैनीताल में होगी। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में सभी अधिकारी समय से पहुंचे।

### 22.92 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा पुलिस ने रविवार की रात गौलापुल को जाने वाली चोरगलिया रोड से दो तस्करों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। जवाहर नगर वार्ड 15 निवासी मोहम्मद वाशिद को 7.30 ग्राम और लाइन नंबर 18 निवासी मुनव्वर खान को 15.62 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### अधेड़ की मौत, जहर खाने की आशंका


**हल्द्वानी :** पुलिस के मुताबिक सौर मल्लीताल नैनीताल निवासी ललित सिंह (49 वर्ष) की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद ललित सिंह को परिजनों ने डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां रविवार रात उनकी मौत हो गई। पूछताछ में पुलिस के सामने जहरीला पदार्थ खाने की बात सामने आई है। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चल पाएगी।

### 19 जुलाई से होंगी यूओयू की परीक्षाएं

**हल्द्वानी :** मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) की सेमेस्टर और वार्षिक परीक्षाएं 19 जुलाई से होंगी। जिसमें 71,166 विद्यार्थी भाग लेंगे। परीक्षाएं तीन पालियों में होंगी, जिसके लिए 71 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक सोमेश कुमार ने बताया कि परीक्षाएं 12 सितंबर तक चलेंगी। पहली पाली की परीक्षाएं सुबह 9 से 11, दूसरी पाली 12 से 2 और तीसरी पाली की परीक्षा 3 से 5 बजे तक होगी। कावड़ यात्रा के चलते 28 जुलाई से 4 अगस्त तक परीक्षाएं नहीं होंगी।



नैनीताल में पटवाडांगर मार्ग पर आया मलबा। ● अमृत विचार




कुंआताल नाले में आया मलबा मकानों तक पहुंचा। ● अमृत विचार

# जागो प्रशासन! हल्द्वानी से लालकुआं तक हजारों घरों में घुसा पानी

## गौजाजाली पश्चिम से लालकुआं तक एक दर्जन से अधिक इलाकों में घरों व खेतों में कूड़े-कचरे के साथ पहुंचा पानी

संवाददाता, हल्द्वानी/लालकुआं

**02** हजार से अधिक घरों व खेतों में घुसा पानी

**12** से अधिक इलाकों में हुई दिक्कत

**35** डिग्री सेल्सियस रहा हल्द्वानी में अधिकतम तापमान

**अमृत विचार :** महज तीन घंटे की बारिश में ही प्रशासन व सिंचाई विभाग के नहरों की सफाई और ड्रेनेज सिस्टम के दावे बह गए। कूड़े से पटी नहरों के ओवरफ्लो होने से हल्द्वानी के तीनपानी से लालकुआं तक दो हजार से अधिक घरों व खेतों में पानी घुस गया। वहीं अधिकारियों ने निरीक्षण की औपचारिकता पूरी कर जिम्मेदारी से मुक्ति पा ली है।

रविवार की देर रात लगभग दो से तीन घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। बारिश का पानी नहरों-नालों से होते हुए तीनपानी तक पहुंचा। इसके बाद नहरें कूड़े-कचरे से पटी हुई थीं। इस वजह से पानी ओवरफ्लो होने लगा, कुछ ही देर में गौजाजाली पश्चिम, तीनपानी, जयपुरबीसा, मोटाहल्दू और गोरापड़ाव में 1 हजार से अधिक परिवारों के घरों व खेतों में पानी घुस गया। पानी के साथ बहकर कूड़ा कचरा भी आया, जिसने उनका जीना मुहाल कर दिया। लोगों ने जैसे-तैसे रात काटी। सुबह देखा तो खेत व घर कचरे से पटे हुए थे। प्रभावितों ने इसकी शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से की और खुद ही सफाई में जुट गए। जलभराव की सूचना पर प्रशासन, सिंचाई व एनएचएआई के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। लालकुआं के भी कई इलाकों में जलभराव से बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। टांडा क्षेत्र से पटरिया के बीच आए पानी के तेज प्रवाह से गौला रोड व रेल पटरियां जलमग्न हो गईं। वहीं, 25 एकड़ रोड राम मंदिर से आगे, रेल पटरी के किनारे का खड्डी मोहल्ला, बजरी कंपनी, संजयनगर लाइनपार और भी कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने कई दीवारों को तोड़कर पानी निकाला। लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि नैनीताल रोड पर वॉकवे मॉल के पास जलभराव समाप्त करने के लिए देवखड़ी नाले का पानी नहरों में छोड़ दिया। इंद्रा नगर नाले का पानी जाता ही है। इस वजह से तीनपानी और लालकुआं में जलभराव हो रहा है। उन्होंने प्रशासन, लोनिवि, सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ वॉकवे मॉल के पास, एसबीआई के समीप और तिकोनिया मिलिट्री स्टेशन और सौरभ होटल के समीप नालों का निरीक्षण किया। हीं, सिटी मजिस्ट्रेट वाजपेयी ने बताया कि एडीबी देवखड़ी नाला और इंद्रा नगर नाले को गौला नदी में मिलाने का प्रोजेक्ट बना रहा है लेकिन इसमें समय लगेगा। इस पर विधायक ने लोनिवि और सिंचाई ईई को तात्कालिक समाधान के निर्देश दिए।



भारी बरसात से जलमग्न हुई लालकुंआ में गौला रोड। ● अमृत विचार



जलभराव से बच्चों को पीठ पर लादकर ले जाने को मजबूर पिता।

### कमेटिया और रकसिया नाले किनारे घर खाली करने के निर्देश

**हल्द्वानी :** बारिश शुरू होते ही प्रशासन व वन विभाग को बरसाती नालों की याद आ गई है। इन नालों के किनारे नए निर्माण का सर्वे और किनारों पर बसे परिवारों को घर खाली करने के नोटिस दिए जा रहे हैं। सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी व रामनगर वन डिवीजन की एसडीओ किरन साह ने दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति में बरसाती नाला कमेटिया का निरीक्षण किया। टीम को मौके पर नया निर्माण नहीं मिला, लेकिन नाले को पाटकर कॉलोनी बसाई गई थी। वहीं हरिपुर गांगू में 8, कालिका मंदिर के पीछे 15-20 मकान बने हुए थे। इसके अलावा नाले में बकरी पालन के लिए भी निर्माण किए गए थे। इस पर अधिकारियों ने फटकार लगाई। सभी को बारिश में आपदा के मद्देनजर घर खाली करने के नोटिस दिए जा रहे हैं। इस दौरान फतेहपुर रेंजर केआर आर्य, नायाब तहसीलदार युगल किशोर पांडेय, उपनिबंधक राणा आदि मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से रकसिया नाले के किनारे बसे परिवारों को भी घर खाली करने की आम सूचना दी जा रही है।

### पूरे शहर में नहीं, कहीं-कहीं हो रही बारिश

**हल्द्वानी :** मानसूनी बारिश का अलग रंग नजर आ रहा है। पूरे हल्द्वानी में बारिश नहीं हो रही है। सोमवार की सुबह हल्की धूप निकली थी। बाद में दोपहर के समय बादल छा गए और मौसम बदल गया। रानीबाग और काठगोदाम क्षेत्र में दोपहर को अच्छी बारिश हुई। साथ ही लालडांठ, कुसुमखेड़ा क्षेत्र में भी बारिश हुई। बाकी इलाकों में सिर्फ हल्की बूंदाबांदी ही हुई। अपरान्ह में मौसम साफ होने लगा और शाम के समय धूप निकल गई। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस रहा।




माल रोड में दुकान के ऊपर गिरा विशालकाय पेड़। ● अमृत विचार

# सड़कों पर आया मलबा, कई पेड़ गिरे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** रविवार की देर रात से सोमवार सुबह तक हुई तेज बारिश ने अपना रौद्र रूप दिखाया। बारिश के कारण जिले की छह सड़कों में मलबा आ गया। जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। वहीं कई जगह पेड़ भी गिर गये। हालांकि जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

बारिश से नैनीताल-कालाढूंगी मार्ग, नैनीताल-भवाली मार्ग, अधौड़ा मार्ग, पटवाडांगर मार्ग, जलाल गांव मार्ग और पंगोट मार्ग में पहाड़ी से मलबा आ गया। जिससे सभी मार्गों में यातायात ठप हो गया। सोमवार की सुबह लोक निर्माण विभाग ने जेसीबी की मदद से कालाढूंगी और पंगोट मार्ग से मलबा हटाया और यातायात सुचारू किया। वहीं नैनीताल-भवाली मार्ग से मलबा हटाने का कार्य जारी है। पटवाडांगर मार्ग में सड़क से पेड़ हटाने के लिए जेसीबी भेज दी गई है। लोनिवि के एई जीएस जनौटी ने बताया कि बंद मार्गों को खोलने का कार्य तेजी से चल रहा है। इधर, सोमवार को नैनीताल में सुबह के समय हल्की बारिश हुई। दिनभर आसमान में काले बादल छाये रहे। मौसम विभाग के अनुसार जिले में 135 एमएम और नैनीताल नगर में 95 एमएम बारिश रिकॉर्ड हुई है। उधर, बारिश के दौरान माल रोड में दुकान के पीछे से एक पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से दो दुकानें आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई हैं। दुकान नंद लाल गिफ्ट शॉप और दूसरी रियाज अहमद शूट शॉल की है। पेड़ बिजली के तारों और दूसरे पेड़ में फंस गया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### झील में समा रहा कूड़ा

बारिश के बाद सड़कों में फैला कूड़ा नालियों के जरिये नैनी झील में गिर रहा है। सभी नालों के मुहाने पर जालियां लगाई गई हैं, उसके बावजूद झील में कूड़ा तैरता नजर आ रहा है। अधिशासी अधिकारी पूजा चन्द्रा ने बताया कि शहर से कूड़ा उठाया जा रहा है। कर्मचारियों को भेजकर झील की सफाई करा दी जाएगी।

# सेमलखलिया में बहे खेत, ग्रामीण भयभीत

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** रविवार रात से सोमवार सुबह तक हुई बारिश से नदी-नाले उफान पर आ गये हैं। कई कॉलानियों में पानी भर गया। सावल्दे स्रोत से सेमलखलिया में नाले के किनारे बने रिजॉर्ट को खतरा पैदा हो गया है। वहीं कई किसानों की भूमि भूकटाव के कारण बह गई है।

सेमलखलिया निवासी देवेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, सुंदर सिंह, गोपाल सिंह, राधा देवी, चन्दन सिंह, हंसी देवी, नरेंद्र सिंह, उत्तम सिंह, नरेंद्र सिंह, महिपाल सिंह, दीनदयाल सिंह की सावल्दे नाले ने खेतों की भूमि काटी है। पानी कम नहीं हुआ तो गांव को भरी नुकसान हो सकता है। उधर, ढेला नदी, सावल्दे, धनगढ़ी और पनोद नाले में पानी आने से एक घंटे तक यातायात रोकना पड़ा। नालों के उफान पर आने से बच्चे पहले दिन देर से सकूल पहुंचे। एनएच 307 के एई कपिल कुमार ने बताया कि धनगढ़ी के नाले में पानी के साथ बोल्डर और रेता आने से कुछ देर यातायात रोका गया गया। बाद में जेसीबी से मलबा हटाकर यातायात सुचारू कराया गया। कोसी का जल प्रवाह 5067 क्यूसेक पहुंच गया। इधर, ग्राम हिम्मतपुर डोटियाल स्थित बजरंग कॉलोनी में बारिश और बरसाती नालों से आया पानी कई घरों में भर गया। सोमवार सुबह पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी और तहसीलदार कुलदीप पांडे ने कॉलोनी पहुंचकर जलभराव का जायजा लिया और जेसीबी से मिट्टी हटाकर पानी की निकासी कराई। वहीं पीरूमदारा के किसान इंटर कॉलेज समेत कई कॉलोनियों में भी जलभराव की खबर है। एसडीएम राहुल शाह ने सभी बाढ़ चौकियों पर तैनात कर्मियों को पल-पल की रिपोर्ट देने को कहा है।



किसानों की भूमि काटता सेमलखलिया स्रोत। ● अमृत विचार



कमेटिया नाले का निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी व वन अधिकारी।

### बारिश से जिले में 10 सड़कें बंद

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बारिश से हुए भूस्खलन के बाद जिले में एक राज्य मार्ग समेत 10 मार्ग बंद हो गए हैं। लोनिवि इन मार्गों को खोलने में जुट गया है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक गर्जिया-बेतालघाट-खैरना राज्य मार्ग नंबर 62 रविवार को बंद हो गया। इसी तरह डोला न्याय पंचायत मार्ग, फतेहपुर-पीपल अणिया मार्ग, लमजाला मोटर मार्ग, बजून-अघोड़ मार्ग, पंगोट देचौरी मोटर मार्ग भी बंद हो गया। रूसी बाईपास भी भूस्लखन की वजह से बंद रहा। हल्द्वानी खंड में नाई-भूमका मोटर मार्ग, खनस्यूं-टांडा मोटर मार्ग और हरीशताल मोटर मार्ग बंद रहा। प्रशासन ने मार्गों को खुलवाने का काम शुरू कर दिया था।

### बजट नहीं मिलने से धूल फांक रहे बाढ़ सुरक्षा के प्रस्ताव

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सिंचाई विभाग के ईई बीसी नैनवाल ने बताया कि गौला नदी किनारे बसे बिंदुखत्ता के इंदिरानगर में बाढ़ सुरक्षा के लिए 8.5 करोड़ से 700 मीटर की सुरक्षा दीवार, ढोकर बस्ती में 4 करोड़ से 400 मीटर की सुरक्षा दीवार, चौहान भट्टा में 8 करोड़ से 500 मीटर सुरक्षा दीवार और अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम की ढाई करोड़ से 200 मीटर की सुरक्षा दीवार बनाई जानी थी। बारिश शुरू हो चुकी है, लेकिन बजट नहीं मिलने से काम शुरू नहीं हो सका है। इसी तरह नंधौर नदी में विभिन्न गांवों की बाढ़ सुरक्षा के लिए 9.92 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाया था, लेकिन यह प्रस्ताव वन विभाग की अनुमति की वजह से लंबित है।

# खतौनी की ऑनलाइन प्रति उपलब्ध करवाएं

ब्यूरो, देहरादून



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजस्व विभाग की समीक्षा में कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि खतौनी की अधिकृत प्रति के लिए लोगों को तहसील जाने की जरूरत न पड़े। इसके लिए ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित शुल्क की व्यवस्था कर 15 जुलाई तक खतौनी की ऑनलाइन अधिकृत प्रति उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

सचिवालय में समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में सप्ताह में दो दिन सुनवाई अनिवार्य की जाए। यदि मजिस्ट्रेट किसी कारणवश तिथि को न्यायालय में नहीं बैठ पाए तो वे कोर्ट डायरी में इसका स्पष्ट उल्लेख करें। मुख्यमंत्री ने जमीन के दाखिल खारिज की कार्यवाही निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गढ़वाल और कुमांऊ कमिश्नर को निर्देश दिए कि दाखिल खारिज और राजस्व न्यायालयों के वादों के निस्तारण के सबंध में नियमित समीक्षा करें। उन्होंने निर्देश दिये कि 'अपुणि सरकार पोर्टल' के तहत सेवा के अधिकार में जो सेवाएं दी जा रही हैं, वह लोगों को निर्धारित समयावधि में मिले, इसमें लापरवाही करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए।

**निरीक्षण** — एसडीएम, विधायक और जनप्रतिनिधियों ने किया मौका मुआयना

# कुंआताल नाले में आया मलबा, खतरे की जद में चार घर

**▸▸ पटवारी को प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के दिए गए निर्देश, नाले की मरम्मत नहीं होने से हुई दिक्कत**

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** नगर का कुंआताल नाला फिर से सक्रिय हो गया है। नाले में बड़ी मात्रा में मलबा आने से चार घर खतरे की जद में आ गये हैं। सूचना पर एसडीएम नैनीताल प्रमोद कुमार, विधायक राम सिंह कैड़ा व अन्य जनप्रतिनिधियों ने मौका मुआयना किया। साथ ही पटवारी को प्रभावित परिवारों को अन्य जगह ठहराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

क्षेत्र के निर्वतमान सभासद बंटी आर्या ने बताया कि रविवार की देर रात बारिश से कुंआताल नाले में अचानक पानी बढ़ गया और बड़ी मात्रा में मलबा बिशन राम के आवास व अगल-बगल रहने वाले उनके चार पुत्रों के आवास में आ गया। जिससे रात में ही परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया। इधर, बिशन राम ने बताया कि नाले से लगातार मलबा आ रहा है, जिससे परिवार के लोग डरे सहमे हैं। मुआयने के दौरान भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी, पंकज जोशी भी मौजूद रहे। इधर, कुंआताल नाले की मरम्मत न होने से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। तत्कालीन सीडीओ डॉ. संदीप तिवारी, एसडीएम, विधायक और नगर पंचायत अध्यक्ष ने पूर्व में क्षेत्र का निरीक्षण किया था। इसके बाद भी नाले की मरम्मत नहीं हो पाई। जबकि ग्रामीण लंबे समय से नाले की मरम्मत की मांग उठा रहे हैं।



प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते जनप्रतिनिधि और उपजिलाधिकारी नैनीताल।

### बोले जनप्रतिनिधि



"कुंआताल नाला खतरा बन चुका है। हर बार बरसात में बड़ी तबाही मचाता है। इसकी मरम्मत के लिए पिछले तीन वर्षों से क्षेत्रवासी संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है।"
**-बंटी आर्या**, पूर्व सभासद



"नाले को मरम्मत की जरूरत है। जिला प्रशासन और नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से कहा जा रहा है। ताकि शीघ्र ही कार्य प्रारंभ हो सके और प्रभावित लोगों को राहत मिले।" **-मनोज भट्ट**, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा

# कानून के रक्षक ही भक्षक बने: सुमित



**हल्द्वानी, :** कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने ऊधमसिंह नगर जिले में एक इंस्पेक्टर का अश्लील ऑडियो वायरल होने पर कहा कि भाजपा राज में देवभूमि लगातार शर्मसार हो रही है। वहीं अब कानून के रक्षक ही भक्षक बनकर देवभूमि को कलंकित करने पर उतारू हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं और पुलिस प्रसाशन की आपसी सांठगांठ जगजाहिर है। पुलिस इंस्पेक्टर की अश्लील ऑडियो की गहन जांच के बाद उचित कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने एक जागरूक जनप्रतिनिधि के नाते इस गंभीर मामले को तत्परता से उठाया है जो सभी के लिए नजीर है।

# नई न्याय संहिता लागू, पुलिस ने लोगों को किया जागरूक

## कोतवाली सभागार में एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा की मौजूदगी में पूर्व निदेशक विधि हरि विनोद जोशी व अन्य ने दी जानकारियां

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नई न्याय संहिता लागू होने के साथ सोमवार को विभिन्न थानों व चौकियों में लोगों को जागरूक किया गया। हल्द्वानी कोतवाली सभागार में एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा की मौजूदगी में पूर्व निदेशक विधि हरि विनोद जोशी, सहायक अभियोजन अधिकारी आशीष गुप्ता व उप निरीक्षक मास्टर ट्रेनर प्रताप सिंह नेगी ने न्याय संहिता से जुड़े विधिक पहलुओं की जानकारी दी।

एसएसपी ने कहा कि एसपी क्राइम/ट्रैफिक हरबंस सिंह (नोडल अधिकारी) के पर्यवेक्षण में जिले के सभी थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमें जनता को जागरूक करेंगी। नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस मुख्यालय सभागार से ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के पुलिस प्रभारी व थानों को सम्मिलित कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, एसपी क्राइम हरबंस सिंह, कोतवाल उमेश कुमार मलिक, व्यापार मंडल, आशा कार्यकर्ता, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी, छात्र वर्ग आदि लोग थे।



हल्द्वानी कोतवाली में नई कानून व्यवस्था को लेकर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद एसएसपी व अन्य लोग।

इधर, भीमताल थाने में थानाध्यक्ष जगदीप सिंह नेगी ने नए कानून से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों के बच्चे, अधिवक्ता, शिक्षक, आशा कार्यकत्री और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

वहीं, लालकुआं कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी संगीता ने लोगों को बताया कि नए कानून से मुकदमे जल्दी निपटेंगे। पुलिस प्रशासन समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाकर नए कानून के संबंध में जागरूक करेगा। यहां वरिष्ठ उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह नेगी, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान रुकमणि नेगी, हरेंद्र असगोला, रमेश जोशी, महेश चौधरी, कमलेश यादव, नवनीत चौहान, डॉ. पूनम म्यान, गीता शर्मा, सीमा पाठक मौजूद रहे।

इधर, रामनगर कोतवाली में पुलिस क्षेत्राधिकारी बीएस भंडारी व प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सैनी ने स्थानीय नागरिकों, महिला, बैंक, स्वास्थ्य कर्मियों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को नये भारतीय कानून में निहित प्रावधानों व कानूनो में बदलाव के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री, डीजीपी और प्रमुख सचिव ने भी संबोधित किया। जागरूकता कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।



चोरगलिया में लोगों को नई न्याय संहिता की जानकारी देते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

उधर,चोरगलिया थाने में थाना प्रभारी भुवन सिंह राणा ने बताया कि अब कोई भी व्यक्ति किसी भी थाने में जाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। उन्होंने हिट एंड रन, माउथ लिंचिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यहां पूर्व प्रधान नेत्र सिंह बिष्ट, प्रधान नंदन बोरा, प्रकाश पांडे, भाजपा नेता पान सिंह मेवाड़ी, कैलाश राज, गुड्डू आर्य, नवीन जोशी, गुड्डू मिश्रा, उद्यमी मुकेश परगाई, टीकम देवपा मौजूद थे।

### नई न्याय संहिता को तत्काल रद करने की मांग

**रामनगर, अमृत विचार :** समाजवादी लोकमंच ने एक जुलाई से लागू भारतीय न्याय संहिता, भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि अंग्रेजों ने देश को गुलाम बनाए रखने व अपना औपनिवेशिक शासन जनता पर थोपने के लिए के भारतीय दंड संहिता 1860 व अन्य कानूनों का निर्माण किया था। अब अंग्रेजों के बनाए गए कानूनों को हटाने के नाम पर भाजपा उक्त तीनों कानून के माध्यम से जनता को मिले नाममात्र के जनतांत्रिक अधिकारों को भी खत्म कर तानाशाही व पुलिस राज को स्थापित करना चाहती है। इन कानूनों में छोड़ दिए गए छेदों से दबंग और रसूखदार लोग बचकर निकल जाएंगे। इन कानून को बनाने से पहले देश में व्यापक बहस की आवश्यकता थी, जिसे सरकार ने नहीं किया।

# मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नंदी आर्या हुईं सेवानिवृत्त

संवाददाता, रामनगर

**विदाई**

- तहसील कार्यालय में कर्मचारियों ने दी भावभीनी विदाई
- नंदी आर्या के कार्यकाल और कार्यों की सराहना की

**अमृत विचार :** राजस्व विभाग में 35 वर्ष की सेवा के बाद मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नन्दी आर्या को तहसील कार्यालय में भावभीनी विदाई दी गयी। विदाई कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम राहुल शाह ने सेवानिवृत नन्दी आर्या के उज्जवल भविष्य की कामना की। तहसीलदार कुलदीप पांडे ने सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत नन्दी आर्या के द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की।

उत्तराखंड लेखपाल संघ के प्रदेश महामंत्री तारा चन्द्र घिल्डियाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। घिल्डियाल ने नन्दी आर्या के राजस्व विभाग में योगदान को प्रेरणादायक बताया। इस दौरान रजिस्ट्रार कानूनगो हरीश चन्द्र बुद्विष्ठ, सुनीता आर्य, राजस्व उप निरीक्षक हरीश यादव, राहुल आर्य, आरिफ हुसैन, रंजन आर्य, पूनम आर्य, दीपक नेगी, निर्मल भट्ट, इकबाल हुसैन,नजीर हुसैन, हिमांशु गौड़, जितेंद्र गोस्वामी, राकेश चौधरी, योगेश पंत, हरीश मेहरा, गौरव कुमार, निसार अहमद, बार एसोसिएशन से उमाशंकर टम्टा मौजूद रहे।



नंदी आर्या को विदाई देते राजस्व कर्मी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



मीरा मार्ग में प्याऊ का शुभारंभ करते महाराजा अग्रसेन युवा समिति के सदस्य।

### महाराजा अग्रसेन युवा समिति ने किया प्याऊ का उद्घाटन

**हल्द्वानी :** महाराजा अग्रसेन युवा समिति ने मीरा मार्ग स्थित प्याऊ का जीर्णोद्धार होने पर रिबन काटकर उसकी शुरुआत की। इससे पहले समिति के अध्यक्ष विपुल अग्रवाल और अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग ने पूजा-अर्चना की। विपुल अग्रवाल ने बताया कि 1999 को महाराजा अग्रसेन युवा समिति ने इस प्याऊ का निर्माण कराया था। कार्यकारिणी ने प्राथमिकता रखते हुए इसके जीणोद्धार का कार्य सभी के सहयोग से पूरा कराया। इस मौके पर युवा समिति महामंत्री कनव अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल सभा सुशील अग्रवाल पप्पी, अग्रवाल सभा महामंत्री मनोज अग्रवाल, अरुण अग्रवाल पिंटू, निवर्तमान पार्षद राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, देवेश अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, डॉ. पंकज अग्रवाल, असीम सिंघल आदि रहे।



थाना अध्यक्ष को ज्ञापन देते व्यापार मंडल अध्यक्ष पुष्कर खलनायक व अन्य।

### व्यापारियों ने पुलिसकर्मी पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**कालाढूंगी :** देवभूमि नगर उद्योग व्यापार मंडल ने पुलिस कर्मी पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष भगवान महर को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही करने की मांग की है। व्यापार मंडल अध्यक्ष पुष्कर खनायत के नेतृत्व में थाने पहुंचे व्यापारियों ने कहा कि लामाचौड़ में तैनात पुलिस कर्मी गुरजिंदर सिंह कालाढूंगी में किराये पर रहता है। दुकानदारों पर वर्दी का रौब झाड़कर उन्हें परेशान कर रहा है। दुकानदार विनीत कुमार मित्तल ने बताया रविवार को पुलिस कर्मी पांच थैली दूध ले गया। सोमवार दोपहर पुलिस कर्मी वापस दुकान पर आया और दूध फटने की बात कहकर गाली-गलौज करने लगा। ज्ञापन देने वालों में महामंत्री संजय बुढलाकोटी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश बुढलाकोटी, हितेश गुरंग, कमलेश पांडे, अनीष कुमार, विनीत कुमार रहे।



डॉक्टर्स डे के अवसर पर आयोजित हृदय रोग शिविर में रोगी की जांच करते चिकित्सक।

### शिविर में 105 लोगों की हुई हृदय जांच

**लालकुआं :** सेंचुरी पेपर मिल परिसर में डॉक्टर्स डे के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें 105 लोगों की हृदय की जांच की गई। साथ ही उन्हें निशुल्क दवा भी वितरित की गई। मिल के एचआर हेड डॉ. अरुण पांडे, महेंद्र हरित एवं एसके वाजपेई ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार मधवार ने हृदय रोगों से संबंधित कई जानकारी दी। मेडिसिटी अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक ने मरीजों की जांच की। शिविर में डॉ. बलजीत सिंह दुग्गल, डॉ. सीमा मधवार, देवेंद्र शर्मा, हितेश लालवानी, कमल, रमेश जोशी आदि रहे।

### महेश्वर महाराज के भंडारे में उमड़ी लोगों की भीड़



भण्डारे में आरती लेते लोग।

**रामनगर :** कॉर्बेट जिप्सी वेलफेयर एसोसिएशन व समस्त जिप्सी स्वामी, गौ रक्षक राजू यादव ने कॉर्बेट रिसेप्शन के बाहर महेश्वर महाराज का भंडारा सम्पन्न कराया। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगो की भीड़ उमड़ी। कढ़ी-चावल व खीर का वितरण किया गया। भंडारे में व्यापारी वर्ग के साथ-साथ कॉर्बेट रिसेप्शन के अधिकारी भी शामिल रहे। आयोजन में योगी बाबा सुनील नाथ, लट्ठा महादेव बाबा काली दास, पंडित गणेश तिवारी, जिप्सी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम सिंह मेहरा, सचिव ललित नेगी, निर्मल पांडे आदि रहे।

# नोकझोंक के बीच शनि बाजार नाले से हटाया अतिक्रमण

**विरोध**

- बीते दिनों बारिश से नाले का गंदा पानी कालोनियों में घुस गया था
- नाले के ऊपर किए अतिक्रमण हटाने पर भड़के लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने सोमवार को शनि बाजार स्थित नाले पर किये गये अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान निगम अधिकारियों की अतिक्रमणकारियों के साथ नोकझोंक भी हुई।

शनि बाजार स्थित नाले की सफाई नहीं होने से बीते दिनों बारिश से नाले का गंदा पानी जोशी कॉलोनी, जोशी विहार के कई लोगों के घरों में घुस गया था। जिसके बाद नगर निगम ने नाले की सफाई कर रहे ठेकेदार को नोटिस भेजा। ठेकेदार ने अधिकारियों को बताया कि शनि बाजार स्थित नाले के ऊपर लोगों ने जगह-जगह अतिक्रमण कर रखा है, जिससे सफाई कराने में दिक्कत आ रही है। लोगों ने अपने घरों व दुकानों के बाहर नाली के ऊपर पटाल डाल रखी थी, जिसे हटाने के लिए सोमवार को नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची।



शनि बाजार क्षेत्र में नाले के ऊपर किए अतिक्रमण को हटाती नगर निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार

इस बीच नगर निगम के अधिकारियों की अतिक्रमणकारियों से नोकझोंक भी हुई। लोग नाले के ऊपर रखे पटालों को तोड़ने के बजाए हटाकर सफाई करने की बात कर रहे थे, लेकिन अधिकारियों ने उनकी नहीं सुनी। नाले के ऊपर लगाए गए सभी पटालों को जेसीबी से हटाया गया। कई स्थानों पर नाले के ऊपर लोहे की जाली लगाई गई थी, लोग उन्हें हटाने लगे, लेकिन अधिकारियों ने उन्हें भी जेसीबी से तुड़वा दिया।

नगर निगम के एई नवल नौटियाल ने बताया कि करीब 700 मीटर लंबे इस नाले में लगभग 200 मीटर तक अतिक्रमण किया गया था, जिसे जेसीबी से हटा दिया गया है। 3 दिन में नाले की सफाई करा दी जाएगी। टीम में सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, सफाई निरीक्षक अमोल असवाल व चतर सिंह आदि मौजूद रहे।

### अपना अतिक्रमण नजर नहीं आया निगम को

**हल्द्वानी :** नगर निगम की टीम ने शनि बाजार स्थित नाले के ऊपर किये गये अतिक्रमण को ध्वस्त किया, लेकिन अधिकारियों को अपना अतिक्रमण नजर नहीं आया। इसी नाले पर नगर निगम ने एक कूड़ा घर बनाया है और सार्वजनिक शौचालय तक जाने के लिए नाले के ऊपर पटाल रखी है। साथ ही पेयजल निगम के कार्यालय के बाहर भी नाले पर अतिक्रमण किया गया है, लेकिन अधिकारियों को यह अतिक्रमण नहीं दिखा और इन्हें तोड़ा नहीं गया है।

# नशे में धुत बस परिचालक का वीडियो वायरल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** हल्द्वानी डिपो में तैनात एक परिचालक के नशे में धुत होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। डिपो प्रबंधन परिचालक पर कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। हल्द्वानी डिपो की बस रविवार को दिल्ली के लिए सवारी भर कर रवाना हुई। बस में तैनात परिचालक ने नशा किया था। जिसका बस में सवार किसी यात्री ने वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया में डाल दिया।

वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए डिपो प्रबंधन परिचालक पर कार्रवाई करने की बात कह रहा है। एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि वीडियो देखने के बाद संबंधित परिचालक का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### अधिकारियों की रणनीति फेल कर रहे वाहन चालक

**गरमपानी :** पहाड़ में दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को अफसर एसी कमरों में तमाम रणनीति तैयार कर रहे हैं पर धरातल पर नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक अफसरों की रणनीति को फेल कर दे रहे हैं।

मालवाहक वाहनों में यात्रियों को ढोकर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। बेतालघाट में पूर्व में हुई घटना के बावजूद जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। जहां एक ओर टैक्सी वाहन चालक तय मानक से कहीं अधिक संख्या में सवारियां वाहनों में ठूंस रहे हैं। वहीं मालवाहक वाहनों में भी खुलेआम यात्रियों को ढोने का सिलसिला जारी है। पुलिस टीम लगातार वाहन चेकिंग अभियान में जुटी है पर वाहन चालक पुलिस की आंखों में भी धूल झोंक दें रहे हैं।

# हिंदूवादी संगठनों ने प्रशासन के खिलाफ किया प्रदर्शन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** विशेष समुदाय की धार्मिक इमारतों से ध्वनि विस्तारक यंत्र नहीं हटाए जाने से गुस्साए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भवानीगंज चौक पर धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम को ज्ञापन दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि बीते एक सप्ताह पूर्व पुलिस क्षेत्राधिकारी रामनगर को धार्मिक इमारतों से ध्वनि विस्तारक यंत्र हटाने की मांग को लेकर तहरीर देने के बाद भी प्रशासन मौन है। उन्होंने प्रशासन पर एक पक्षीय कार्रवाई करने का भी आरोप लगाया। कहा कि प्रशासन ने हिंदू समुदाय की धार्मिक इमारतों से ध्वनि विस्तारक यंत्र हटाए, जबकि विशेष समुदाय की धार्मिक इमारतों को छोड़ दिया। हिंदूवादी नेता सूरज चौधरी ने बताया कि अगर प्रशासन ने तुरंत समुचित कार्रवाई नहीं की तो वह प्रदेश स्तर पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष सूरज चौधरी, प्रखंड अध्यस ह्रदेश शर्मा, अश्वनी कश्यप, सत्य प्रकाश, रोहित, अंकुर विक्की, चंदन,मनोज, करण कश्यप मौजूद रहे।




रामनगर में प्रदर्शन करते हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

# बीमार शिक्षकों को विभाग देगा अनिवार्य सेवानिवृत्ति

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अब शिक्षक स्थानांतरण होने के बाद अचानक से बीमारी का बहाना बनाकर चिकित्सा अवकाश में नहीं जाएंगे। साथ ही विभाग में कार्यरत गंभीर रूप से बीमार शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जाएगी।

प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा ने बताया कि अमूमन देखा जाता है कि गंभीर रूप से बीमार शिक्षक समय-समय पर चिकित्सा अवकाश लेते रहते हैं, जिससे पठन-पाठन बाधित होता है। साथ ही यह शिकायत भी मिलती है कि शिक्षक अपनी मनपसंद जगह पर स्थानांतरण नहीं होने पर चिकित्सा अवकाश ले लेते हैं। अब विभाग ऐसे मामलों में शिक्षकों का सत्यापन कर जांच कराएगा और उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति योजना (सीआरएस) के आधार पर सेवानिवृत्ति देगा।

**दिक्कत** बारिश से शीतलाहाट और शीशमहल फिल्टर प्लांटों में सिल्ट आने से बड़ी मुसीबत

# फिल्टर प्लांटों में सिल्ट आने से जलापूर्ति ठप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रविवार की देर रात हुई तेज बारिश से सोमवार को गौला बैराज का जलस्तर 8,300 क्यूसेक पहुंच गया। वहीं बारिश से शीतलाहाट और शीशमहल फिल्टर प्लांट में सिल्ट आ गई, जिससे सुबह के समय अधिकांश क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित रही। इससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

जल संस्थान के कर्मचारी दोनों फिल्टर प्लांटों में दोपहर एक बजे से शाम 4 बजे तक सफाई कार्य में जुटे रहे। लेकिन प्लांटों से पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई। शीतलाहाट फिल्टर प्लांट से जुड़े काठगोदाम, नई बस्ती, वार्ड-1 व 2, चांदमारी, नरीमन चौराह, काल टैक्स और रानीबाग आदि क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित रही। वहीं शीशमहल फिल्टर प्लांट से जुड़े इंदिरानगर, नैनीताल रोड, राजपुरा, लालाडांठ, कुसुमखेड़ा, कठघरिया, दमुवाढूंगा क्षेत्र में भी लोगों को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ी। करीब 20 हजार की आबादी को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। जलसंस्थान के एई नीरज तिवारी ने बताया कि बारिश के चलते फिल्टर प्लांटों में सिल्ट आने से पेयजल आपूर्ति बाधित हुई। सफाई के बाद आपूर्ति सुचारू कर दी जायेगी।



### पेयजल आपूर्ति में 40 प्रतिशत की आई कमी

बारिश के चलते गौला नदी का पानी दूषित हो गया है। फिल्टर प्लांटों से मिलने वाले पानी में 40 फीसदी तक की कमी आ गई है। हर दिन 34 .5 एमएलडी पानी देने वाले फिल्टर प्लांट में पानी गंदा होने की वजह से जल संस्थान 20 .5 एमएलडी पानी ही साफ कर पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक फिल्टर प्लांट से शहरी इलाकों को मिलने वाले पानी की मात्रा में लगभग 40 लाख लीटर की कमी आई है।



# प्रदेश में आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी के 253 पद खाली, कैसे होगा उपचार

## आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाओं पर स्टाफ की कमी का संकट, 30 प्रतिशत तक पद खाली

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आयुर्वेद भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जिसको बढ़ावा देने की बात कही जा रही है, लेकिन आंकड़ों को देखें तो सच्चाई कुछ और ही है। उत्तराखंड प्रदेश में आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी के स्वीकृत पदों में से करीब 30 प्रतिशत पद खाली चल रहे हैं। यही हाल अन्य पदों पर भी है।

आयुर्वेदिक चिकित्सा विभाग उत्तरखंड से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी के 758 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 505 पद ही भरे गए हैं। जिनमें 477 आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी नियमित और 28 पद संविदा से भरे गए हैं। राज्य में आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी के 253 पद खाली चल रहे हैं। यूनानी चिकित्साधिकारी की बात करें तो राज्य में पांच स्वीकृत पदों में से तीन पद ही भरे हुए हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सा विभाग ने सुदूर क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोले हैं, लेकिन इन स्वास्थ्य केंद्रों में स्वीकृत 90 पदों में से 21 खाली हैं। जो पद भरे गए हैं वे भी संविदा के आधार पर ही चल रहे हैं। फार्मासिस्ट आयुर्वेदिक के स्वीकृत पदों में तब भी राहत की बात है। राज्य में स्वीकृत 692 पदों में से 21 पद खाली हैं।

**अस्पतालों को देना पड़ रहा पीपीपी मोड पर:** स्टाफ की कमी के चलते आयुर्वेदिक अस्पतालों को पीपीपी मोड पर देना पड़ रहा है। हल्द्वानी में 50 बेड के आयुर्वेदिक अस्पताल को पीपीपी मोड पर देने की तैयारी चल रही है। अस्पताल के निर्माण के समय कहा जा रहा था कि आयुर्वेदिक चिकित्सा में यह मील का पत्थर साबित होगा।

### चिकित्सकों की कमी से पीजी की सीटों पर संकट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों की कमी के कारण पीजी की सीटें बढ़ाने का मामला खटाई में जाता नजर आ रहा है। बीते दिन चिकित्सकों के साक्षात्कार लिये थे, जिसमें 82 खाली पदों के सापेक्ष मात्र 10 चिकित्सक ही साक्षात्कार देने पहुंचे थे। मेडिकल कॉलेज में करीब 33 प्रतिशत चिकित्सकों की कमी है। इस कारण पीजी की सीटें लगातार कम हो रही हैं। चिकित्सकों की कमी पर नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) पिछले मई माह में मेडिकल कॉलेज पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगा चुकी




है। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने नए चिकित्सकों की भर्ती की योजना बनाई थी। 23 विभागों में 82 पदों पर चिकित्सकों की भर्ती के लिए साक्षात्कार आयोजित किए, जिसमें 10 चिकित्सक ही साक्षात्कार देने पहुंचे। खाली पदों में प्रोफेसर के आठ, एसोसिएट प्रोफेसर के 30 व असिस्टेंट प्रोफेसर के 47 पद हैं। अब पीजी की सीटों पर फिर से संकट मंडरा रहा है। कॉलेज प्रशासन को चिकित्सकों के खाली पदों को जल्द से जल्द भरना होगा। मेडिकल कॉलेज के अधीन डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल कुमाऊं का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। जिसमें रोजारा डेढ़ हजार से अधिक मरीज इलाज कराने आते हैं। चिकित्सकों की कमी के कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। इधर, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी का कहना है कि कॉलेज में चिकित्सकों की भर्ती के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# केंद्रीय राज्य मंत्री से सड़कों के चौड़ीकरण की मांग की

**मुलाकात**

- टम्टा से दिल्ली स्थित आवास में मिले विधायक बंशीधर भगत
- कैंची धाम में जाम से निपटने को टनल निर्माण सर्वे को कहा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विधायक बंशीधर भगत ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा से दिल्ली स्थित आवास में मुलाकात की और शुभकामनाएं दीं।

विधायक भगत ने कहा कि टम्टा को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से राज्य को लाभ मिलेगा। उन्होंने सामरिक दृष्टि से कुमाऊं और गढ़वाल को जोड़ने वाले कंडी मार्ग और नैनीताल जनपद के महत्वपूर्ण मार्गों को लेकर विचार-विमर्श किया। साथ ही सड़कों के चौड़ीकरण एवं बाईपास निर्माण पर भी चर्चा की। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा ने कहा कि ऑल वेदर रोड, भारत माला में हाईवे निर्माण को गति दी जाएगी। कुमाऊं और गढ़वाल की सड़कें जो बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पास हैं, उनका विस्तार किया जाएगा।

उन्होंने कहा नैनीताल जनपद में काठगोदाम से नैनीताल मार्ग पर ट्रैफिक का अत्यधिक दबाव देखते हुए टू लेन बनाने को डीपीआर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। ज्योलीकोट, भवाली, रानीखेत तक की सड़कों के चौड़ीकरण की डीपीआर तैयार करवाई जा रही है। कैंची धाम में जाम से निपटने के लिए टनल निर्माण सर्वे को कहा गया है।


केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा को बुके देते कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत।

## सार-संक्षेप

### विजडम स्कूल की छात्रा भूमि बिष्ट का नवोदय में चयन


भूमि बिष्ट। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** रामपुर रोड स्थित विजडम पब्लिक स्कूल की छात्रा भूमि बिष्ट का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय रुद्रपुर में हुआ है। उन्होंने 10वीं के बाद प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर कक्षा 11 में नवोदय विद्यालय में प्रवेश लिया है। उनकी इस सफलता पर पिता गोपाल सिंह बिष्ट, विद्यालय के प्रबंध निदेशक राजेंद्र सिंह पोखरिया, प्रधानाचार्य त्रिवेणी चंद्र कबडवाल और पूरे विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।


पौधरोपण करते लोग। ● अमृत विचार

### छायादार और फलदार पौधे लगाए

**हल्द्वानी :** चांदमारी काठगोदाम स्थित श्री बालाजी दरबार से जुड़े सदस्यों व पर्वतीय महासभा के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण बचाओ वृक्ष लगाओ अभियान चलाया गया। जिसके तहत अनेक छायादार, फलदार व औषधि युक्त पौधे लगाए गए। इस अवसर पर श्री बालाजी दरबार के संचालक विजय गौड़ और पर्वतीय महासभा के अध्यक्ष जीवन चंद्र उप्रेती, शराबबंदी संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष सुल्तान सिंह, रवि जुयाल, प्रेम शंकर, मोरपाल, अभिषेक शर्मा, हरविंदर सिंह, केशव पांडे, महेंद्र कश्यप, विजय सिंह, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### शतरंज प्रतियोगिता में तेजस ने मारी बाजी



**हल्द्वानी :** हरियाणा में आयोजित पांच दिवसीय प्रथम एएफसीए इंटरनेशनल ओपन क्लासिकल फिले रेटेड शतरंज प्रतियोगिता में तेजस तिवारी ने अंडर-7 केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तेजस ने 9वें राउंड में 4 मैच जीते। प्रतियोगिता में देश-विदेश से करीब 250 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। हल्द्वानी निवासी तेजस दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा एक के छात्र हैं। वह कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। तेजस की उपलब्धि पर प्रधानाचार्य प्राबलीन सलूजा वर्मा, श्वेता पांडेय, अंजना सतवाल, नीरज साह ने बधाई दी है।


बेस अस्पताल में रक्तदान करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### बेस अस्पताल में चिकित्सकों ने किया रक्तदान

**हल्द्वानी :** डॉक्टर्स डे के मौके पर आईएमए हल्द्वानी शाखा ने सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में रक्तदान किया और लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक भी किया। आईएमए हल्द्वानी के सचिव डॉ. प्रदीप पांडे ने बताया कि आईएमए डॉक्टर्स डे के अवसर पर हमेशा जनहित में काम करती है। इसको देखते हुए इस बार रक्तदान किया गया है। रक्तदान के अवसर पर चिकित्सकों ने कहा कि लोगों को रक्तदान करना चाहिए। इसे अब जिम्मेदारी के रूप में लेना चाहिए। इस दौरान डॉ. धीरेंद्र बनकोटी, डॉ. वीना बोरा वर्मा, डॉ. शिवम, डॉ. प्राची, डॉ. उषा भट्ट, डॉ. एसएस बिष्ट, डॉ. विजय जोशी, डॉ. अमरेंद्र कुमार, डॉ. शिवम कुमार, डॉ. महिमा भट्ट, डॉ. प्राची थपलियाल, डॉ. आशीष सुयाल आदि ने रक्तदान किया।

### चीफ प्रॉक्टर संजय बने यूओयू के कुलसचिव

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी के चीफ प्रॉक्टर संजय खत्री को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) का कुलसचिव बनाया गया है। संजय खत्री एमबीपीजी कॉलेज में वाणिज्य विभाग में प्रोफेसर हैं। उन्हें एक सप्ताह के भीतर उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करना होगा। उप सचिव ब्योमकेश दुबे ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। एमबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी और अन्य प्रोफेसरों ने उन्हें कुलसचिव के पद पर नियुक्ति मिलने पर शुभकामनाएं दीं।

### बारिश के कारण कई घंटे गुल रही बिजली

**हल्द्वानी :** बारिश के चलते शहर व आसपास के विभिन्न इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। सोमवार को शहर के नैनीताल रोड, राजपुरा, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, इंदिरानगर, मुखानी समेत कई इलाकों में बिजली कटौती रही। दिनभर बिजली की आंखमिचौली से लोग परेशान रहे। वहीं नैनी विहार, टीपीनगर समेत कई इलाकों में 1 से 2 घंटे तक बिजली कटौती रही। बिजली विभाग के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि कुछ इलाकों में फाल्ट आने के चलते शटडाउन लिया गया था।


प्रशस्ति पत्र के साथ चिकित्सक और सीए। ● अमृत विचार

### इनरव्हील क्लब ने डॉक्टर्स डे और सीए डे मनाया

**हल्द्वानी :** इनरव्हील क्लब की ओर से सोमवार को डॉक्टर्स डे और चार्टड अकाउंटेंट (सीए) दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉक्टर्स और सीए को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व क्लब अध्यक्ष इंदु पांडे ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. शलभ अरोड़ा, डॉ. सचिन, डॉ. रजनीश, सीए नीरज शारदा, रोहित कांडपाल ने विचार व्यक्त किए । इस अवसर पर लिली सिंह, मधुर, दीपा अमिता पांडेय, रमा, निधि, रश्मि, चंपा, शोभा, प्रतिभा, राशि, शशि, पुष्पा जोशी, पूर्णिमा, सुनीता, अलका, द्रौपदी, नीरजा, गंगा, पुष्पा भट्ट, निवेदिता, कल्पना , पूनम, शोभा, शशि आदि मौजूद थीं।

### रुटीन प्रैक्टिस में वापसी के लिए लगेंगे दो साल

**हल्द्वानी :** राष्ट्रीय समाजसेवी अधिवक्ता परिषद की नैनीताल इकाई की ओर से सोमवार को संगठन कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुद्दा सोमवार से लागू हुई नई धाराएं व अधिनियमों में हुए बदलाव को लेकर था। परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता गंगा प्रसाद ने बताया कि अब न्यायालयों में नई धाराओं के तहत मुकदमे लड़े जाएंगे। बताया कि नए बदलाव में पुलिस को काफी हद तक अधिकार बढ़ा दिए गए हैं। इस बदलाव से अधिवक्ताओं की दिक्कतें काफी बढ़ गई हैं। उन्हें एक-दो वर्षों तक अपने रुटीन प्रेक्टिस में आने में वक्त लगेगा। सरकार व बार काउंसिल की ओर से साप्ताहिक प्रशिक्षण शिविर लगाए जाने चाहिए। बैठक में अधिवक्ता सचिन, गजेंद्र बिष्ट, राजेंद्र प्रसाद, नईम मजहर, देवेंद्र पांडे मौजूद रहे।

# 20 जुलाई तक टीसी व सीसी जमा करें छात्र

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में जिन छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है उन्हें 20 जुलाई तक अपना स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) और चरित्र प्रमाण पत्र (सीसी) जमा करना होगा। वहीं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर, बीएससी गणित और बीएससी बायो वर्ग में समर्थ पोर्टल पर नए पंजीकृत छात्रों को 11 से 15 जुलाई तक मेरिट के आधार पर कॉलेज में प्रवेश दिया जाएगा।

यह निर्णय सोमवार को एमबीपीजी कॉलेज में प्रवेश समिति की बैठक में लिया गया। समिति के सदस्यों ने कहा कि यदि किसी छात्र को प्रवेश से संबंधित कोई तकनीकी जानकारी चाहिए तो वह समिति से संपर्क कर सकता है। समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत होने के बाद ही छात्र-छात्राओं की स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बैठक में प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी, चीफ प्रॉक्टर डॉ. संजय खत्री, प्रवेश प्रभारी डॉ. अमित सचदेवा, प्रवेश तकनीकी संयोजक डॉ. नवल किशोर लोहनी, डॉ. रोहित मौजूद रहे।

### तीन विषयों में नहीं मिलेगा प्रवेश

समर्थ पोर्टल में पूर्व में पंजीकृत अधिकांश छात्र-छात्राओं ने अपने अभिलेखों का सत्यापन कराकर प्रवेश ले लिया है। जिसमें बीए में 1401 छात्रों ने प्रवेश लिया है। बीए में अधिकांश छात्रों ने राजनीति विज्ञान, इतिहास और अंग्रेजी विषय को वरीयता दी है। इन तीनों विषयों की सीटें भर जाने के कारण अब अन्य छात्रों को इनमें प्रवेश मिलना संभव नहीं है। प्रवेश समिति ने बताया कि अन्य विषयों में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं 11 जुलाई के बाद कॉलेज में संपर्क कर सकते हैं।

# आढ़ती के मुनीम ने कैंटर चालक को पीटा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बड़ी मंडी में कहासुनी के बाद एक आढ़ती के मुनीम ने साथियों के साथ मिलकर कैंटर चालक पर हमला कर दिया। उसे बुरी तरह पीटा और चॉबी से गोद दिया। चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चांफी भीमताल निवासी नवल शर्मा कैंटर चालक है। पुलिस के मुताबिक नवल रविवार को बड़ी मंडी स्थित आढ़त बृजवासी एंड संस पहुंचा। यहां आढ़ती के मुनीम से उसकी किसी बात पर कहासुनी हो गई। बात बढ़ी तो मुनीम के कुछ साथी वहां पहुंच गए और सभी ने मिलकर उसे पीटना शुरू कर दिया। मुनीम ने चॉबी मार कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा और आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार तहरीर मिलते ही आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# वीर नारियों और वीरांगनाओं का सम्मान, जमकर झूमे पूर्व सैनिक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पूर्व सैनिकों ने परिवार के साथ 19 कुमाऊं का स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया। सभी कुमाउनी गीतों पर जमकर झूमे और रेजीमेंट का गौरवशाली इतिहास साझा किया।

आरटीओ रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत रेजीमेंटल गीत 'ऐसा देश कभी न देखा' गाकर की गई। इससे पूर्व शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रेजीमेंटल गीत के बाद वीर नारियों और वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया और उनकी हर समस्या में सदैव साथ खड़े रहने का पूर्व सैनिकों ने भरोसा दिया। मेजर कुंवर सिंह मेहरा ने 19 कुमाऊं के 45 साल का इतिहास लोगों से साझा किया। बताया कि रेजीमेंट को अभी तक तीन चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ यूनिट साईटेशन, दो जीओसी इन सी उत्तरी कमान यूनिट प्रशस्ति पत्र, एक कीर्ति चक्र, तीन शौर्य चक्र, दो युद्ध सेवा मेडल, एक बार टू सेना मेडल, 30 सेना मेडल, तीन विशिष्ट सेवा मेडल, एक जीवन रक्षक पदक, छह मेंशन इन डिस्पैचेज, 54 ऑफ आर्मी स्टाफ प्रशस्ति पत्र व 80 जीओसी इन सी प्रशस्ति पत्र मिल चुके हैं। कार्यक्रम का समापन पूर्व सैनिक व परिवारों ने पारंपरिक कुमाऊंनी गीत 'हम छूं कुमैया हमरो कुमाऊ' गाकर और 'पारंपरिक झोड़ा खोल दे माता खोल' भवानी के साथ किया।


स्थापना दिवस पर कुमाउनी गीतों पर झूमते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

# मांगों को लेकर संयुक्त मोर्चे ने सीएम धामी को दिया ज्ञापन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड जल संस्थान व पेयजल निगम संयुक्त मोर्चे ने विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को देहरादून स्थित कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन दिया।

संयुक्त मोर्चे के मुख्य संयोजक जितेंद्र देव ने बताया कि पेयजल निगम एवं जल संस्थान दोनों विभागों ने राजकीयकरण में विलंब होने की स्थिति में ग्लोबल सिस्टम के अंतर्गत ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भत्ते व पेंशन आदि के भुगतान के संबंध में सहमति के लिए प्रस्ताव भेजा था। पेयजल निगम ने प्रस्ताव वित्त विभाग को अनुमोदन एवं स्वीकृति के लिए भेजा है, इसको लेकर मुख्यमंत्री ने पूर्व में वित्त विभाग को उक्त संबंध में अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। वित्त विभाग से औपचारिकता पूरी करने के बाद कैबिनेट की स्वीकृति के लिए संयुक्त मोर्चे को आश्वासन प्राप्त हुआ है। मोर्चे की ओर से विभाग में ठेकेदारी प्रथा पर कार्यरत श्रमिकों को विभाग में समायोजित करने और उनका मासिक वेतन 25 हजार रुपये करने को लेकर भी मांग की गई है।

इस मौके पर रमेश बिंजोला, विजय खाली, अजय बेलवाल, श्याम सिंह नेगी, संदीप, धन सिंह चौहान समेत कई लोग मौजूद रहे।


देहादून में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते संयुक्त मोर्चे के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने कुछ असामाजिक तत्वों पर टैक्सी यूनियन का समर्थन बताकर लगेज कैरियर को लेकर वाहन चालकों को बरगलाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने इस संबंध में काठगोदाम थानाध्यक्ष को ज्ञापन देने कार्रवाई करने की मांग की है। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष कृष्णानंद पांडे ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व यूनियन का नाम खराब कर रहे हैं। टैक्सी यूनियन परिवहन विभाग की ओर से तय किये गए मानकों से पूरी तरह सहमत है। निर्धारित मानकों के अनुसार लगेज कैरियर वाहन की छत की पूरी क्षमता का 60 प्रतिशत और आधा इंच ऊपर होना चाहिए। कोई भी वाहन संचालक अपने वाहन के लगेज कैरियर को निर्धारित मानकों के अनुसार लगाकर आरटीओ कार्यालय से निशुल्क में प्रमाण पत्र ले सकता है। पांडे ने सभी वाहन संचालकों से मानकों के अनुसार लगेज कैरियर लगाकर प्रमाण पत्र लेने और यूनियन का नाम खराब करने वालों के संपर्क में नहीं आने की अपील की है।


काठगोदाम टैक्सी यूनियन के समर्थन में प्रदर्शन करते वाहन चालक। ● अमृत विचार

# पेड़ों के कटान पर लगे रोक: कुंवर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सड़क चौड़ीकरण की आड़ में वर्षों पुराने पेड़ों को काटे जाने का विरोध किया है। इसको लेकर उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भी सौंपा।

व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल के नेतृत्व में व्यापारी सोमवार को एसडीएम कोर्ट पहुंचे। यहां उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन सौंप कर कहा कि हल्द्वानी शहर में सड़क चौड़ीकरण की आड़ में वर्षों पुराने पेड़ों का अंधाधुंध कटान किया जा रहा है। जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। इस दौरान नेत्र बल्लभ जोशी, अतुल गुप्ता, रमेश चंद्र उपाध्याय, माधो सिंह देउपा, कार्तिक दास, जेडए अंसारी आदि मौजूद रहे।

# ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ में होगी परीक्षा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में सिपाही के पद पर राज्य के अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा, दस्तावेजों की जांच आदि ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ काठगोदाम में होगी। सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र के पुलिस उप महानिरीक्षक शंकर दत्त पांडेय ने बताया कि उत्तराखंड राज्य के सीबीटी परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही इसमें भाग लेंगे। भर्ती परीक्षा 10 जुलाई से 10 अगस्त तक चलेगी।

यहां सिपाही, चालक, फिटर, कारपेंटर, ब्रास बैंड, टेलर, विगुलर, कुक, गार्डनर, सफाई कर्मचारी, धोबी, बारबर, जल वाहक, दफ्तरी, फरास और प्यून की सीबीटी परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की पात्रता, शारीरिक दक्षत, दस्तावेजों की जांच, ट्रेड टेस्ट, डीएमई और आरएमई की दक्षता की परीक्षा होगी।

**खेती-किसानी** | जिले में 4500 किसान कर रहे हैं बासमती का उत्पादन, हरियाणा की कंपनी भेजती है विदेश

# नैनीताल का बासमती स्विट्जरलैंड में बिखेर रहा महक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल जिले का बासमती चावल स्विट्जरलैंड में अपनी महक बिखेर रहा है। जिससे किसानों को भी अच्छे दाम मिल रहे हैं। रामनगर, कोटाबाग व बेतालघाट में करीब 4500 किसान बासमती का उत्पादन कर रहे हैं। इन किसानों ने हरियाणा स्थित कंपनी नेचर बायो फूड के साथ करार किया है, जो किसानों से बासमती चावल खरीदकर उसे स्विट्जरलैंड आदि देशों में भेजती है।

कोटाबाग के किसान नंदन सिंह ने बताया कि वह जैविक तरीके से बासमती चावल का उत्पादन करते हैं। फसल को खराब होने से बचाने के लिए उन्होंने घर पर ही जैविक कीटनाशक तैयार किया है। बासमती की जैविकता के लिए कंपनी की ओर से किसानों का कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) में पंजीकरण कराया गया है। नंदन सिंह ने बताया कि शुरुआत में कोटाबाग में कुछ ही किसानों ने बासमती चावल लगाया था। वर्तमान में 500 किसान इसकी खेती कर रहे हैं। बताया कि बाजार की तुलना में कंपनी किसानों को अधिक दाम देती है। किसान सीएसआर-30 व टाइप-3 प्रजाति की बासमती तैयार कर रहे हैं, जिसका बाजार मूल्य 2183 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि कंपनी की ओर से किसानों को 4700 रुपये प्रति क्विंटल दिया जा रहा है।



### कई किसान विदेश में हो चुके हैं सम्मानित

बासमती चावल उत्पादन से किसान सिर्फ मुनाफा ही नहीं कमा रहे, बल्कि उन्हें विदेशों में सम्मान भी मिल रहा है। कंपनी अपने ग्राहकों से मिलाने के लिए विदेश में कई कार्यक्रम करती है, जिसमें जिले के किसानों को बुलाकर सम्मानित किया जाता है। स्विट्जरलैंड आदि देशों में बिकने वाले बासमती चावल के पैकेटों में किसानों की फोटो भी लगाई जाती है। एलटी फाउंडेशन के अध्यक्ष बहादुर सिंह बजवाल ने बताया कि संस्था ने कोटाबाग के गिनती गांव स्थित प्राइमरी स्कूल को पांच कंप्यूटर, दो हाइटेक टॉयलेट, डाइनिंग टेबल, कुर्सी आदि दान किए हैं।

> बासमती चावल का रकवा बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे अधिक किसानों को लाभ हो। जिले के किसानों का बासमती स्विट्जरलैंड आदि देशों में बिक रहा है, जिससे उनकी आय बढ़ रही है। **-डॉ. वीके यादव,** मुख्य कृषि अधिकारी



> शुरुआत में कुछ ही किसान बासमती बोने को तैयार हुए थे। जब मुझे स्विट्जरलैंड बुलाया गया और सम्मानित किया गया, उसके बाद अन्य किसानों ने भी बासमती बोना शुरू कर दिया है। **-उमा सिंह,** कोटाबाग

## एक नजर

### विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाया, हालत नाजुक

**बाजपुर :** अज्ञात कारणों के चलते विवाहिता ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे बेहोशी की हालत में उपजिला चिकित्सालय ले गए। विकासखंड बाजपुर में पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी के अंतर्गत ग्राम जगन्नाथपुर निवासी एक विवाहिता ने सोमवार की तड़के जहर का सेवन कर लिया। महिला को सरकारी अस्पताल बाजपुर में भर्ती कराया गया, चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार देकर हालत और बिगड़ने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। उसकी हालत काफी नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि विवाहिता की अपने पति से किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी जिसके चलते उसने यह कदम उठाया है।

### पति पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप

**बाजपुर :** बाहर वाली के चक्कर में घर वाली से गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। केलाखेड़ा निवासी मुस्कान पत्नी फइम ने पुलिस को बताया कि गदरपुर निवासी एक महिला जिसके पास पहले से ही चार बच्चे हैं वह अपने पति को छोड़कर मुस्कान के पति के साथ बाजपुर में रह रही है। आरोप है कि उसका पति भी महिला को अपने साथ में रखे हुए है तथा छोड़ने को तैयार नहीं है। इतना ही नहीं पति द्वारा आरोपित महिला के कहने में आकर उसे छोड़ने के लिए तैयार है तथा बच्ची को लेकर घर से निकलने को कह रहा है। पति को फोन करके समझाने पर मुस्कान के भाई को भी वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा पीड़िता को दिलाया है।

### नाले का पानी खेत में भरा धरने पर बैठा दंपति

**काशीपुर :** काशीपुर के ग्राम ढकिया नंबर एक में जमीनी विवाद को लेकर एक दंपति एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर आरोप भी लगाये। उन्होंने जल्द ही अपनी समस्या का समाधान की मांग की है। मांग पूरी नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।सोमवार को काशीपुर के ग्राम ढकिया नंबर एक निवासी राजकुमार गिरी अपनी पत्नी के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अनिश्चितकालीन धरना दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ढकिया क्षेत्र में उनकी जमीन है, जिसमें उनका परिवार खेती का कार्य करता है, लेकिन बीते साढ़े तीन साल पहले खेत से सटाकर एक सरकारी नाला बनाया गया।

### काशीपुर मेन बाजार, रतन सिनेमा रोड, एमपी चौक, माल गोदाम रोड में हर साल होती है जलभराव की समस्या

# मानसून: नगर निगम तैयार, 72 नालों की सफाई पूरी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** तराई में 28 जून से मानसून की शुरूआत हो चुकी है। ऐसे में शहर में जलभराव की समस्या न हो इसके लिए नगर निगम ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। नगर निगम ने शहर के 72 छोटे बड़े नालों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया है। साथ ही लोगों से नालों में गंदगी न फैलाने की अपील की है।

आपको बता दें कि काशीपुर नगर निगम के मेन बाजार, रतन सिनेमा रोड, एमपी चौक, माल गोदाम रोड समेत विभिन्न क्षेत्रों में हर साल जलभराव की समस्या सामने आती है। ड्रेनेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम ने मानसून से एक माह पूर्व ही नालों की सफाई का कार्य शुरू किया था। इस क्रम में नगर निगम ने शहर के 72 छोटे बड़े नालों को चिंहित कर सफाई का कार्य शुरू किया था। वहीं बीते दिन नगर निगम ने नालों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया है। साथ ही नगर आयुक्त ने कर्मियों को जलभराव को लेकर अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

#### संसाधनों सहित सफाई कार्य में डटे निगम कर्मी

नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार, शहर में ड्रेनेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए दो जेसीबी, एक पोकलैंड, ट्रैक्टरों और डंपरों की मदद से कर्मी नालों की सफाई कार्य कर रहे हैं।

"शहर में जलभराव की समस्या न हो इसके लिए कर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नालों की सफाई कार्य भी पूरा कर लिया है।
**-विवेक राय**, नगर आयुक्त, काशीपुर।

#### तराई में अगले तीन दिन होगी बारिश, कई जगह बिजली गिरने की संभावना



**काशीपुर :** तराई में अगले तीन दिन हल्की से मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान मौसम वैज्ञानिकों ने लगाया है। उन्होंने कहा कि तराई में अगले तीन दिन 10 से 40 एमएम तक बारिश हो सकती है। जबकि तराई के कई स्थानों पर बिजली गिरने व चमकने की संभावना है। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि सोमवार को तराई का अधिकतम तापमान 35 .4 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 25 .5 डिग्री सेल्सियस रहा। बताया कि सोमवार को तराई में 43 .4 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। बताया कि रविवार की तुलना में सोमवार को अधिक उमस रिकॉर्ड की गई। रविवार को हवा में नमी 58 फीसदी पाई गई थी। जबकि सोमवार को हवा में 64 फीसदी नमी को दर्ज किया गया। इससे लोगों को अधिक उमस महसूस हुई।

# चुनाव निरस्त करवाने को एसडीएम से मिले

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा के नेतृत्व में व्यापारियों ने उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को ज्ञापन सौंप कर किच्छा क्षेत्र में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के सदस्यता अभियान एवं चुनाव की प्रक्रिया को निरस्त किए जाने की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से व्यापारी नेता विजय अरोड़ा ने कहा कि वर्तमान में चुनाव संचालन समिति द्वारा किच्छा क्षेत्र में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव की घोषणा की गई है परंतु वर्तमान विधायक के समधि एवं चुनाव संचालन समिति के संयोजक की भूमिका निभा रहे व्यापारी द्वारा खुलेआम पक्षपात पूर्ण रवैया बनाकर अपराधिक प्रवृत्ति के कथित व्यापारी को व्यापार मंडल का अध्यक्ष बनाए जाने की साजिश रची जा रही है।

नए सिरे से पूरी पारदर्शिता से चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराई जानी चाहिए। उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के बाद तमाम व्यापारियों ने कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा को भी ज्ञापन की प्रतिलिपि सौंप कर कार्यवाही की मांग की।

# पंतनगर थाना प्रभारी पर मुकदमा दर्ज नहीं होने पर प्रदर्शन

## अश्लील ऑडियो का है मामला, यूथ कांग्रेस ने एसएसपी दफ्तर पर प्रदर्शन किया, ठोस कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पंतनगर थाना प्रभारी की अश्लील ऑडियो वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ऑडियो के आरोपी थाना प्रभारी पर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग को लेकर यूथ कांग्रेस ने एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और मुकदमा दर्ज नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

सोमवार को यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर सहित यूथ कार्यकर्ता एसएसपी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर एसपी को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि विगत किच्छा विधायक द्वारा पंतनगर थाना प्रभारी की अश्लील वार्ता की ऑडियो का प्रकरण उठाया था। पुलिस मुख्यालय के आदेश पर इंस्पेक्टर के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई तो हुई, लेकिन अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।

आरोप था कि लगातार पीड़िता के ऊपर दबाव बनाया जा रहा है। पुलिस अधिकारी मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं और सत्ताधारी नेताओं के इशारे पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने एसएसपी से आरोपी पंतनगर थाना प्रभारी के खिलाफ जल्द मुकदमा पंजीकृत किए जाने की मांग की। उन्होंने आगाह किया कि यदि पीड़िता को न्याय नहीं मिला और मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो यूथ कांग्रेस प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी। इस मौके पर सौरभ राज बेहड़, निशांत शाही, राजेंद्र निषाद, रणजीत सिंह राणा, रविंद्र सागर, इमरान सैफी, सोफिया नाज आदि मौजूद रहे।


एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन करते यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


किच्छा में जनता की समस्याएं सुनते विधायक तिलक राज बेहड़, जन संवाद कार्यक्रम में पंतनगर से पीड़ित लड़की के परिजन भी पहुंचे।

#### थाना अध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो कांग्रेस कार्यकर्ता उतरेंगे सड़कों पर: अरोरा

**गदरपुर :** पंतनगर थाना अध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज न करने पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता की उन्होंने कहा अगर थाना अध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे सोमवार को कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अरोरा ने कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस वार्ता की। इस दौरान नगर अध्यक्ष अरोरा ने कहा पंतनगर थाना अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ढागी एक महिला से मोबाइल पर अश्लील बातें करते हैं। वीडियो वायरल होने पर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड इसकी शिकायत डीजीपी से करते हैं डीजीपी मुकदमा दर्ज करने के आदेश देते हैं। लेकिन जिले के एसएसपी मुकदमा तो दर्ज करना दूर की बात दो दिन बाद थानाध्यक्ष पर पर निलंबन की कार्रवाई करते हैं। उन्होंने कहा जिले के एसएसपी डीजीपी से भी ऊपर हो गए हैं। डीसीबी के पूर्व अध्यक्ष सुभाष बहेड ने कहा अगर थाना अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ढागी पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अरोरा, पूर्व डीबीसी अध्यक्ष सुभाष बहेड, कांग्रेस नेता समीर पाठक मौजूद थे

#### पीड़िता के परिजनों ने विधायक बेहड़ से की मुलाकात, कल करेंगे धरना -प्रदर्शन

**किच्छा :** विधायक तिलक राज बेहड़ ने जन संवाद कार्यक्रम में तमाम लोगों की समस्याएं सुनीं। विधायक बेहड़ ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर समस्या का समाधान जल्द करने के निर्देश दिए। जन संवाद कार्यक्रम में पंतनगर निवासी पीड़िता के परिजनों ने विधायक बेहड़ से मुलाकात कर अश्लील फोन करने वाले आरोपी पंतनगर थाना अध्यक्ष के खिलाफ पुलिस द्वारा अभी तक मुकदमा दर्ज न किए जाने की शिकायत करते हुए मदद की गुहार लगाई है। परिजनों के अनुसार उनके द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखित पत्र भेजने के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी थाना अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की लिखित शिकायत की गई है परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। विधायक बेहड़ ने बताया कि पीड़िता को न्याय दिलाने तथा पंतनगर थाने से संबंधित अन्य मामलों को लेकर उनके द्वारा 3 जुलाई को एसपी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत दर्जनों लोगों ने राशन कार्ड, पेंशन, आर्थिक सहायता, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक सहायता, सड़क निर्माण आदि की समस्याएं दर्ज कराई।

# दो घंटे कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया

संवाददाता, रुद्रपुर


जीएसटी कार्यालय पर धरना- प्रदर्शन करते जीएसटी कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जीएसटी विभाग के तृतीय श्रेणी के लिपिक कर्मियों की पदोन्नति राज्य कर अधिकारी के पद समाप्त किए जाने के विचाराधीन निर्णय के खिलाफ जीएसटी कर्मियों ने दो घंटे का कार्य बहिष्कार व धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से पदोन्नति समाप्त करने का निर्णय वापस करने और कर्मियों को 50 फीसदी पदोन्नति किए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने आगाह किया कि यदि सरकार ने अपना निर्णय नहीं बदला तो आंदोलन को वृहद किया जाएगा।

सोमवार को उत्तराखंड राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय उपाध्याय के आह्वान पर दूसरे दिन भी कर्मचारी सुबह 11 बजे कार्यालय से बाहर निकाले और मुख्य गेट पर दोपहर एक बजे तक धरना प्रदर्शन कर रोष जताया। उनका कहना था कि प्रदेश सरकार राज्य कर अधिकारी के पदों की कटौती कर, संयुक्त आयुक्त, उपायुक्त और सहायक आयुक्त के पदों में बढ़ोतरी करने का निर्णय लेने जा रही है। जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा राज्य कर अधिकारी के पदों को समाप्त करने की प्रबल संभावनाएं दिख रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य कर अधिकारी के 50 फीसदी पदों पर तृतीय श्रेणी के कार्मिकों का अधिकार होता था। कारण कई वर्षों से सेवाएं देने के बाद कर्मियों का राज्य कर अधिकारी बनने का सपना पूरा होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 50 फीसदी पदों को समाप्त करने की कोशिश की तो मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन प्रदेश व्यापारी आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष भीम सिंह,शाखा मंत्री चंद्र सेन सागर, संरक्षक अरविंद सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुसुम वर्मा, राकेश जखमोला, शेखर सिंह, दीपक राणा, हेमचंद्र लोहनी, रवि प्रकाश, नीतीश कुमार, किरन भंडारी, कहकशा कुरैशी, शबा रानी, लोकेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## फाइनेंस कंपनी के कर्मी ऋण धारकों की जमा किश्तें लेकर हुए फरार

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी की ओर से ऋण धारकों की जमा किश्तों को लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। जब इसकी भनक शाखा प्रबंधक को लगी तो उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं करने पर प्रबंधक ने न्यायालय में याचिका डाली। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना ग्राम नगवा बुढ़ाना मुजफ्फरनगर यूपी निवासी रवि कुमार ने बताया कि वह आशीर्वाद माइक्रोफाइनेंस कंपनी का शाखा प्रबंधक है, जिसका मुख्यालय क्लब हाउस रोड, अन्ना सलाई चेन्नई में स्थित है, जबकि रुद्रपुर शाखा कार्यालय गंगापुर रोड में स्थित है। उन्होंने बताया कि ग्राम नगवा बुढ़ाना मुजफ्फरनगर यूपी निवासी अमित कुमार शर्मा भी फाइनेंस कंपनी में कार्यरत है और शाखा कार्यालय से संबंधित ऋण धारकों से प्राप्त किश्तों को जमा धनराशि को जमा करवाने का कार्य करता है। उन्होंने बताया कि फाइनेंस कंपनी से आरोपी कर्मचारी ने 39 से अधिक ऋण धारकों से लोन की किस्त एकत्र की और बैंक में छह अप्रैल 2022 को 48760 रुपये किस्त जमा कराई। जब बैंक द्वारा सालाना ऋण धारकों की किस्तों की जांच की तो पाया कि आरोपी फील्ड कर्मी अमित ने ऋण धारकों से किस्त एकत्र की, लेकिन शाखा में जमा नहीं कराई। बताया कि आरोपी 1.81 लाख रुपये लेकर फरार हो गया।

### तीन दिन से जलापूर्ति ठप होने पर आक्रोश, वार्डवासियों को भारी दिक्कतें

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के जिलामंत्री भुवन जोशी, किशोर जोशी, विमला बिष्ट ने सोमवार को जल संस्थान कार्यालय पर पहुंचकर पिछले तीन दिनों से भूड़ महोलिया की ठप पड़ी जलापूर्ति पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति बाधित होने से वार्डवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अवर अभियंता कमल जोशी ने उनकी समस्या को जायज ठहराते हुए कहा कि लाइन पर काम चल रहा है और आज शाम तक जलापूर्ति सुचारू हो जायेगी। इस अवसर पर पूर्व सैनिक सगठन अध्यक्ष गम्भीर सिंह धामी, महेश राणा, प्रकाश शर्मा आदि थे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

#### एडवाइजरी जारी

### जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के वैज्ञानिकों ने जुलाई के पहले पखवाड़े के प्रमुख कृषि कार्यों के लिए जारी की एडवाइजरी

# धान की सीधी बुवाई जल्द पूरी करें किसान

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के वैज्ञानिकों ने जुलाई के पहले पखवाड़े में किए जाने वाले प्रमुख कृषि कार्यों के लिए एडवाइजरी जारी की है। डॉ. एके शर्मा के अनुसार धान की रोपाई का कार्य जारी रखें जबकि सीधी बुवाई वाले धान की बुवाई पहले सप्ताह में पूरी कर लें।

डॉ. शर्मा ने बताया कि धान की उन्नतशील प्रजातियों के लिए रोपाई से पूर्व नत्रजन, फास्फोरस व पोटाश 50:60:40 किग्रा. प्रति हैक्टे. की दर से प्रयोग करें। खरपतवार नियंत्रण के लिए रोपाई के तीन दिन के अंदर प्रेटिलाक्लोर 50 ईसी या एक सप्ताह के अंदर एनिलोफॉस 30 ईसी 1.5 ली. प्रति हैक्टेयर की दर से प्रयोग करें। यदि किसी कारणवश रसायन का प्रयोग न कर पाए हों तो रोपाई के 15-20 दिन बाद विस्पायरीबैक सोडियम 10 ईसी का प्रयोग करें। गन्ने के खेतों में जल निकासी की व्यवस्था करें। अगेता तना छेदक व शीर्ष चोटी बेधक कीट के लिए क्लोरांट्रालिप्रोले और पायरिला के लिए मोनोक्रोटोफास घोल का छिड़काव करें। मक्का में निराई-गुड़ाई व सिंचाई करें। सोयाबीन और देर से पकने वाली अरहर की बुवाई जल्द पूरी कर लें। पर्वतीय क्षेत्र में मंडुवा, झंगोरा, काकुन व रामदाना की निराई-गुड़ाई कर बारिश के बाद यूरिया की टॉप ड्रेसिंग करें। झौंका रोग लगने पर फफूंदीनाशी जिनेब का घोल छिड़काव करें। सोयाबीन, अरहर, गहत, नौरंगी व राजमा में विरलीकरण और निराई-गुड़ाई करें। चेतकी/जेठी धान में निराई-गुड़ाई कर बारिश के बाद यूरिया की टॉप डेसिंग करें। खैरा लक्षण होने पर 100 ग्राम जिंक सल्फेट और 400 ग्राम यूरिया का घोल बनाकर छिड़काव करें। झौंका रोग आने पर 10 ग्राम कार्बेंडाजिम के घोल का छिड़काव करें।

#### पंतनगर विवि में हुई लोकपाल की नियुक्ति

**पंतनगर :** विश्वविद्यालयों में लोकपाल की नियुक्ति मामले में पूर्व में समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के बावत पंतनगर विवि की कुलसचिव डॉ. दीपा विनय ने बताया कि पूर्व में लोकपाल नामित करने की प्रक्रिया के लिए सचिव उच्च शिक्षा एवं यूजीसी रेगुलेशन-2013 में राजभवन स्तर से भी अनुमति लेनी होती थी। यह प्रक्रिया गतिमान थी, परंतु इसी बीच नए नियमों, 2023 के अनुसार उक्त अधिकार यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को प्रदान कर दिया है। चूंकि सूचना समय से नहीं मिल सकी थी, इसलिए सुचना मिलते ही विवि में लोकपाल की नियुक्ति कर दी गई है। इस आशय की जानकारी सचिव यूजीसी, उप सचिव राज्यपाल व सचिव उच्च शिक्षा उत्तराखंड सरकार को भेज दी गई है। साथ ही यूजीसी से पंतनगर विवि को डिफाल्टर सूची से हटाने का अनुरोध भी किया गया है।



#### सब्जी किसान और बागवान यह करें

**पंतनगर :** टमाटर में आखिरी जुताई के समय नत्रजन-फास्फोरस-पोटाश 160 :80 :80 किग्रा/हैक्टेयर का प्रयोग करें। फफूंदी जनित रोग के लिए ट्राइकोडर्मा व स्यूडोमोनास के घोल का छिड़काव करें। बैंगन की पौध रोपाई 60 गुणा 60 सेमी. की दूरी पर करके हल्की सिंचाई करें। मिर्च की पौध रोपाई 60 गुणा 45 सेमी. पर करें। अगेती फूलगोभी 50 गुणा 30 सेमी. की दूरी पर रोपाई करें। अगेती मूली हल्की मेड़ बनाकर 10-15 सेमी. की दूरी पर करें। शकरकंद की रोपाई 60 सेमी. पर करें। पर्वतीय क्षेत्र में टमाटर, बैंगन, तेज मिर्च, मूली व शलजम की रोपाई करें। अगेती फूलगोभी व गर्मी वाली प्याज की पौध तैयार करें। टमाटर की बेल वाली किस्मों में बीमारी से रोकथाम के लिए निचले पत्तों को एक फुट तक तोड़ दें। मैदानी क्षेत्र में आम, अमरूद, लीची, नीबू, केला के नए बाग लगाने का कार्य शुरू करें और जल निकासी की उचित व्यवस्था करें। केले में अवांछित पत्तियों को निकाल दें व जड़ों पर मिट्टी चढ़ा दें। पर्वतीय क्षेत्र में सेब व नाशपाती में काज्जली धब्बा व फायर ब्लाइट रोग रोग के लिए ब्लाइटाक्स का घोल बनाकर छिड़काव करें। आड़ू, आलूबुखारा व खुबानी के फलों में भूरा विगलन की रोकथाम के लिए बेनलेट का घोल बनाकर छिड़काव करें।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### बाजार गया किशोर संदिग्ध परिस्थिति में लापता

**काशीपुर :** घर से बाजार गया 15 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। मोहल्ला अल्ली खां निवासी नवी हसन पुत्र अब्दुल मजीद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि उसका 15 वर्षीय पुत्र समीर 26 जून को घर से बाजार जाने की बात कह कर गया था, लेकिन वह देर शाम तक भी वापस नहीं लौटा। इसके बाद उसने अपने रिश्तेदारों व आसपास में उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर समीर की गुमशुदगी दर्ज की है। पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है।

### सड़क हादसे में अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर :** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी मोहम्मदी पत्नी स्व. मुन्नन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि 11 जून को उसका पुत्र मोहम्मद रफी बिलासपुर यूपी से शादी समारोह में शामिल होकर घर आ रहा था। इस दौरान रामलीला मैदान के सामने उसको अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसको राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सबमर्सिबल मोटर से तार चोरी, तहरीर दी

**बाजपुर :** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग के यहां लगी सबमर्सिबल मोटर से अज्ञात व्यक्ति तार चोरी करके ले गया। काफी तलाशने के बाद भी जब पता नहीं चला तो उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम महेशपुरा निवासी नवदीप सिंह कंग पुत्र स्वर्ण सिंह ने पुलिस को बताया कि कल रात उनकी समरसिबल मोटर की कापर की तार किसी अज्ञात चोर द्वारा काट ली गई है। सोमवार सुबह इसकी जानकारी हुई और काफी तलाशने के बाद भी कुछ पता नहीं चला है। तहरीर में एक युवक पर चोरी का शक जाहिर कर कार्रवाई की मांग की।

### घर का ताला तोड़कर घरेलू सामान चोरी

**बाजपुर :** बंद घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर घरेलू सामान चोरी करके ले गए। रामराज रोड निवासी मोहम्मद फुरकान ने पुलिस को बताया कि 27 जून को वह अपने परिवार सहित घर हल्द्वानी गया हुआ था। परिजनों की गैर मौजूदगी में ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर फ्रिज, वाशिंग मशीन, एलसीडी, गैस चूल्हा, छोड़ा व बड़ा सिलेंडर, बर्तन, सर्विस टूल, जूते, कपड़े, गद्दा आदि घरेलू सामान निकाल ले गए हैं। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### प्राइमरी विद्यालय से छत के दो पंखे चोरी

**बाजपुर :** प्राइमरी विद्यालय में घुसे चोर कक्षों का ताला तोड़कर छत के दो पंखे खोल ले गए। चकरपुर के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मौर्य ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कक्षा संख्या-तीन का ताला तोड़कर छत के दो पंखे चोरी कर लिए हैं। सोमवार की सुबह जब वह विद्यालय पहुंचे तो कक्ष के ताले टूटे हुए तथा पंखे गायब थे। आसपास तलाशने के बाद उनका कोई पता नहीं चल पाया है। इससे पहले भी विद्यालय में चोरी की छुट-पुट घटनाएं हो चुकी हैं। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

# एक राज्य-एक पंचायत चुनाव करवाने के लिए जोरदार प्रदर्शन

## उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन ने दिया गांधी पार्क में धरना, मांग पर गौर नहीं करने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी

**मांग**

**12** जिलों का (हरिद्वार सहित) पंचायत चुनाव एक साथ कराने के लिए एक राज्य एक चुनाव का प्रावधान लाने को जरूरी बताया

**12** जनपदों का त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024-25 में किया जाना प्रस्तावित है, जबकि हरिद्वार का चुनाव बाद में कराया जाता है

संवाददाता, रुद्रपुर



गांधी पार्क में धरना-प्रदर्शन करते जिलेभर के बीडीसी सदस्य और ग्राम प्रधान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश में एक राज्य एक पंचायत चुनाव कराने का मुद्दा उठाते हुए उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन ने गांधी पार्क में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। उनका कहना था कि पीएम की पहल है कि एक देश-एक चुनाव कराने का। उसी प्रकार प्रदेश भी हरिद्वार सहित 12 जिलों का पंचायत चुनाव एक साथ कराया। इसके लिए एक राज्य एक चुनाव प्रावधान लाना जरूरी है। उन्होंने आगाह किया कि यदि उनकी मांग पर गौर नहीं किया तो संगठन प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगा।

सोमवार को जिले भर के प्रधान और बीडीसी सदस्य गांधी पार्क में एकत्रित हुए, जहां उन्होंने धरना प्रदर्शन कर अपना एक सूत्रीय मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि पीएम मोदी की अध्यक्षता में एक देश-एक चुनाव की रिपोर्ट केंद्र सरकार के पास पड़ी है। उसी तर्ज पर प्रदेश में भी एक राज्य एक पंचायत का चुनाव भी होना चाहिए, जबकि पता चला है कि सरकार वर्ष 2024-25 का त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 12 जिलों में कराना प्रस्तावित किया और हरिद्वार को छोड़ दिया है। उन्होंने बताया कि कोविड काल होने के कारण दो साल पंचायत के बेकार चले गए और कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ। कोविड काल में पंचायत की अहम भूमिका रही।

उन्होंने पीएम मोदी और सीएम धामी से 12 जिलों के साथ ही हरिद्वार का भी चुनाव कराने की मांग की। साथ ही मुद्दा उठाया कि चुनाव से पहले एक राज्य एक पंचायत का सिद्धांत लागू करना जरूरी है। निर्णय लिया कि यदि प्रदेश सरकार ने एक सप्ताह के अंदर कोई सकारात्मक पहल नहीं की तो त्रिस्तरीय पंचायत संगठन प्रदेश व्यापी आंदोलन को बाध्य होगा, क्योंकि पंचायत चुनाव का समय बेहद नजदीक है। ऐसे में सरकार का निर्णय भी जल्द होना चाहिए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ग्राम प्रधान भास्कर सभरवाल, राकेश कुमार, देवेंद्र सिंह, राधा देवी, कल्पना देवी, अमर जीत सिंह, नीलम रानी, सुमन देवी, संतोष कुमार सहित बीडीसी, पंचायत व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।



खटीमा में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते जनप्रतिनिधि।

### हरिद्वार के साथ हों 12 जनपदों के पंचायत चुनाव

**खटीमा :** उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर एक देश एक चुनाव के तहत प्रदेश में एक राज्य एक पंचायत चुनाव लागू कर हरिद्वार सहित पूरे प्रदेश का चुनाव एक साथ करने की मांग की है। जिलाधिकारी के माध्यम से पीएम और सीएम को भेजे ज्ञापन में कहा है कि हरिद्वार को छोड़कर 12 जनपदों का त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024-25 में किया जाना प्रस्तावित है, जबकि हरिद्वार का चुनाव बाद में कराया जाता है। उन्होंने कहा कि दो वर्ष के कोरोना काल के बीच कोई भी विकास के कार्य नहीं हुए हैं। उन्होंने इस कार्यकाल को हटाते हुए प्रदेश के 12 जनपदों के चुनाव बाद में होने वाले हरिद्वार के साथ ही करने की मांग की है, जिससे एक प्रदेश एक पंचायत चुनाव भी लागू हो जायेगा। जनपद के खटीमा, काशीपुर, रुद्रपुर, गदरपुर आदि के दर्जनों ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य शामिल थे। जिनमें ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, नीलम रानी, राजीव सिंह, नीलम गंगवार, सुमन देवी, राहुल तिवारी, तबस्सुम, सुनीता देवी, संतोष कुमार, बबली देवी, दीपक सिंह, विक्रम सिंह, जसविंदर कौर, मनोज देवरारी, बालेश, अरविंद कुमार, जितेंद्र गौतम, श्याम सिंह आदि थे।

# 40 लाख की फिरौती मांगने की जांच शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अधिवक्ता गोलीकांड मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। जहां यूके में बैठे एक युवक ने गोलीकांड की जिम्मेदारी ली थी। वहीं अब घायल अधिवक्ता के दोस्त से लाखों की फिरौती मांगने की पुष्टि हुई है। जिसके बाद एसएसपी ने अब मामले की जांच के लिए एसआईटी जा गठन कर दिया है।

बताते चलें कि 27 जून को दुर्गा मंदिर गली के सामने सुनार वाली गली गदरपुर निवासी अधिवक्ता प्रशांत सिंह को गोली मारकर घायल कर दिला था और घटना के कुछ ही घंटे बाद ही फेसबुक पर अमेरिका में बैठे एक युवक ने हमले की जिम्मेवारी लेते हुए पोस्ट की थी कि एक बार तो प्रशांत तेरी किस्मत साथ दे गई लेकिन अगली बार नहीं। इसके अलावा यह भी पोस्ट की थी कि अभी तेरे जैसे कई लोगों से मुलाकात जल्द होगी। पोस्ट की अभी पुलिस पड़ताल कर ही रही थी कि पुलिस के सामने एक और मामला आ गया। पुलिस को पता चला कि घायल अधिवक्ता के दोस्त बगवाड़ा निवासी दोस्त महफूज अहमद के मोबाइल पर कॉल कर 15 लाख की भी फिरौती मांगी गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी ने एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल की अगुवाई में 40 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है। साथ ही गोलीकांड और विदेश से हमले की जिम्मेदारी लेने के साथ ही फिरौती मांगने की जांच पूरी कर चार दिन के भीतर मामले का पर्दाफाश करने को कहा है।

## चेक बाउंस के आरोपी को पांच माह की जेल

**काशीपुर:** चेक बाउंस के आरोपी को पांच माह के कारावास की कोर्ट ने सजा सुनाई है। साथ ही 5.40 लाख का जुर्माना भी लगाया है।

मोहल्ला खालसा निवासी मौ. बिलाल सैफी ने न्यायालय में मुकदमा दायर कर कहा कि सफायत हुसैन पुत्र किफायत निवासी बाबरखेड़ा, काशीपुर से उसके पारिवारिक सम्बन्ध है, इन्हीं सम्बन्धों की बिनाह पर सफायत ने पांच लाख रुपये उधार लिये थे, जब उससे रुपये वापस मांगे, तो उसने पांच लाख रुपये का चेक दिया, जो चेक बाउंस हो गया। बिलाल के अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल, मुनिदेव विश्नोई व भारत भूषण ने बहस की और तर्को को पेश किया। बहस व तर्कों से संतुष्ट होकर द्वितीय अपर सिविल जज काशीपुर ने सफायत हुसैन को 5.40 लाख रुपये के जुर्माने व पांच माह के कारावास से दण्डित किया किया गया है।

# दोस्त को मार खुद को दिखा दिया मृत, गिरफ्तार

संवाददाता, सितारगंज

**शातिर अपराधी**

- 10 साल बाद पुलिस ने बरेली से किया गिरफ्तार, मृतक के जेब में रख दिए थे अपने दस्तावेज
- षड्यंत्र में शामिल उसके भाई को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** साथी की हत्या कर उसके शव का अपने ही नाम से पंचायतनामा करवाकर स्वयं का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर दस वर्ष से जिंदा घूम रहे कुख्यात अपराधी एवं षड्यंत्र में शामिल उसके भाई को कोतवाली पुलिस गिरफ्तार किया।

कोतवाली परिसर में एसएसपी मंजूनाथ टीसी एवं एसपी सिटी मनोज कत्याल ने वारदात का अनावरण करते हुए कहा कि 29 जुलाई 2015 को अभियुक्त मुकेश यादव अपने ही गांव के रहने वाले मनिंदर की, सितारगंज क्षेत्र में हत्या कर शव को वाहन से बुरी तरह से कुचलवा दिया था। हत्या को दुर्घटना का रूप देकर, पहचान मिटाने के लिए षड्यंत्र में अभियुक्त ने अपने परिजनों को भी शामिल कर लिया।



सितारगंज में आरोपियों की गिरफ्तारी का खुलासा करते पुलिस अधिकारी।

शव को अपनी पहचान देने के लिए उसके कपड़ों में, अपना फोन नंबर, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज रख दिए। वारदात के बाद परिजनों से भी खुद के रूप में शव की पहचान कराई। अभियुक्त मुकेश यादव पर उत्तर प्रदेश में कई मुकदमे थे, उस पर गैंगस्टर की कार्यवाही भी हुई थी। इन मुकदमों से बचने के लिए अभियुक्त द्वारा यह षड्यंत्र रचा गया। पुलिस ने जांच के बाद मुकेश यादव, धर्मपाल, भीकम सिंह, सुधा और संगीता निवासी मुंडा पांडे उत्तर प्रदेश, पप्पू पुत्र कृष्णपाल निवासी लालपुर पट्टी खुर्द रामपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने मुकेश यादव को शाहजहांपुर एवं उसके भाई धर्मपाल को, किच्छा रोड लालकुआं शमशान घाट के पास से गिरफ्तार किया। वहीं खुद को मृत साबित करने के बाद आरोपी मुकेश यादव ने मिलीभगत कर, अपने नाम लाखों रुपए बीमा के हासिल कर लिए, साथ ही उस पर दर्ज मुकदमे भी खत्म हो गए। इसके बाद वह शाहजहांपुर के थाना रोजा के मठिया कॉलोनी में, मुकेश यादव के नाम से रहने लगा, यहां पर प्रॉपर्टी का काम करने लगा।

## शादी में मिले जेवर बेचने पर तहरीर दी

**बाजपुर:** नगर पालिका के वार्ड नंबर-6 मोहल्ला केशवनगर निवासी दिव्यांग शाहनाबाज हुसैन पुत्र रहीस अहमद ने कोतवाली में तहरीर दी।

पुलिस को बताया कि विवाह में मिले सोने-चांदी के जेवर को मां ने यह कहकर ले लिए थे कि जब भी जरूरत होगी ले लेना। आरोप है कि सोमवार की सुबह जब उसने मां से जेवर मांगे तो उसने मना कर दिया। कहने लगी कि सारे जेवर बेच दिए हैं। उसकी मां व भाई जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उसकी टांग टूटी हुई है और भाई का ई-रिक्शा 200 रुपये रोज किराये पर चलाता था, लेकिन विवाद के बाद आज भाई ने ई-रिक्शा में भी छीन लिया है। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता चीता मोबाइल पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# नोटिस को लेकर सीएनजी टेम्पो यूनियन मुखर

संवाददाता, रुद्रपुर

**गुंडा एक्ट**

- श्रमिक नेताओं को भेजा नोटिस पुलिस पर शोषण का आरोप
- नोटिस रद्द नहीं होने पर यूनियन आंदोलन की रणनीति बनाएगी

**अमृत विचार :** विगत दिनों श्रमिक संयुक्त मोर्चा के श्रमिक नेताओं को गुंडा एक्ट का नोटिस भेजने के खिलाफ सीएनजी टेम्पो यूनियन मुखर हो गया है। यूनियन के पदाधिकारियों ने डीएम कार्यालय पर सांकेतिक प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यदि नोटिस को रद्द नहीं किया तो यूनियन मोर्चा के साथ मिल कर आंदोलन की रणनीति बनाएगी।

सोमवार को डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सिडकुल में पिछले कई सालों से श्रमिक वर्ग मेहनत मजदूरी कर कंपनी को फायदा पहुंचा रहा है। बावजूद सिडकुल की एक कंपनी के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से श्रमिक नेताओं ने आवाज उठाई। तो कंपनी प्रबंधन ने नेताओं पर हमला करा कर घायल किया और जब एसएसपी से गुहार लगाई तो फटकार बाहर निकाल दिया।



डीएम कार्यालय पर ज्ञापन के साथ सीएनजी टेम्पो यूनियन के पदाधिकारी।

आरोप था कि घायल नेताओं ने सिडकुल चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग भी की, लेकिन कार्रवाई करने की बजाए झूठी रिपोर्ट लगाकर डीएम को प्रेषित कर दी। जिसके आधार पर डीएम ने श्रमिक नेताओं को गुंडा एक्ट का नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। आरोप था कि पूंजीपतियों के दबाव में आकर श्रमिकों की आवाज की दबाने की प्रयास किया जा रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने आरोप था कि शासन द्वारा न्यूनतम वेतनमान 15000 किए जाने का शासनादेश जारी कर दिया है। बावजूद मानदेय नहीं बढ़ाया गया। उन्होंने डीएम से गुंडा एक्ट का नोटिस रद्द करने और सिडकुल कंपनियों को मानदेय बढ़ाने की मांग की। इस मौके पर सुब्रत विश्वास, लेखराज सिंह, जगजीत सिंह, विक्की विश्वास, कृपाल राठौर, राजीव पाठक, लाखन सिंह, तापस सिंह, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# चोरी के खुलासे के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में हुई ढाई लाख की चोरी में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेजों को खंगालना शुरू कर दिया है।

विजय लक्ष्मी कॉलोनी निवासी अमित कुमार छाबड़ा ने बताया कि 29 जून की सुबह दस बजे वह कहीं बाहर गया था और जब 30 जून की सुबह साढ़े तीन बजे वापस लौटा, तो देखा कि घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है।

जब अलमारी की पड़ताल की तो पाया कि चोरों ने 29 जून की रात्रि चोरी की घटना को अंजाम देते हुए अलमारी में रखी दो तोले सोने की चेन, एक तोले सोने की अंगूठी, 50 हजार की नगदी और सीसीटीवी डीवीआर गायब है। चोरों ने करीब 2.50 लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है।

**चिंता** नोटिस के बाद छत की चिंता सताने लगी, कल से निगम की टीम हटाएगी अतिक्रमण

# बैगुल-कल्याणी नदी किनारे बसे लोगों की नींद उड़ी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** रुद्रपुर में बैगुल और कल्याणी नदी के किनारे वर्षों से रह रहे लोगों को नोटिस मिलने के बाद रातों की नींद उड़ गई है। लोगों को चिंता सताने लगी है कि अगर तीन जुलाई तक अतिक्रमण नहीं हटाया तो नगर निगम, राजस्व और सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम उनके आशियानों को ध्वस्त कर देगी।

यहां बता दें कि जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देश के बाद संयुक्त टीम की ओर से बैगुल और कल्याणी नदी के किनारे रह रहे लोगों को नोटिस थमाने की कार्रवाई चल रही है। इसके तहत अब तक टीम 150 से अधिक लोगों को नोटिस थमा चुकी है। इसको लेकर जब नदी किनारे रह रहे लोगों से बातचीत की तो लोगों ने अपना दुखड़ा सुनाया।

**पीड़ित लोग बोले**



खेड़ा में पिछले 15 वर्षों से रह रहे हैं। यह प्लाट उन्होंने खरीदा है और मकान बनाया है। मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। विगत दिनों नगर निगम, राजस्व और सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम ने उनके साथ ही वहां रहने वाले कई लोगों को नोटिस थमाया है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।
**-बबलू अली**, निवासी खेड़ा



40 वर्ष पूर्व उनके पिता स्व. मोहन कुमार ने बस्ती में प्लाट खरीदकर मकान बनाया है। अब टीम की ओर से उनको नोटिस थमाया गया है। जबकि वे बिजली का बिल देने के साथ ही नगर निगम को हाउस टैक्स दे रहे हैं। बावजूद उन लोगों से बस्ती खाली कराई जा रही है।
**-विनोद कुमार**, निवासी खेड़ा



19 वर्ष पूर्व शादी हुई है। इसके बाद से वे नदी किनारे रही हैं। पति मजदूरी करते थे। कुछ वर्ष पूर्व पति कि मृत्यु हो चुकी है। लोगों के घरों में काम कर परिवार भरण-पोषण कर रही हैं। अगर उनके आशियाने को तोड़ा गया तो वे बच्चों को लेकर कहां जाएंगी। जब से नोटिस मिला है तब से टेंशन बढ़ गयी है और रात में नींद भी नहीं आ रही है।
**-पूनम**, निवासी खेड़ा



पिछले 17 व 18 वर्षों से टीन शेड में परिवार के साथ रह ही हैं। पति मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। नोटिस मिलने के बाद से उनके साथ ही बस्ती में रहने वाले परेशान है। इसको लेकर जनप्रतिनिधियों के पास जा रहे हैं, लेकिन कहीं से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिल रहा है। **-गीता**, निवासी खेड़ा

# प्लॉट से आवाजाही करने से रोकने पर जानलेवा हमला

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** घर के नजदीक खाली पड़े निजी प्लॉट से होकर निकलने से मना किया तो दंपति ने महिला पर हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गई।

ग्राम बन्नाखेड़ा निवासी तमन्ना शर्मा पत्नी शरबन शर्मा ने पुलिस को बताया कि उसके मकान के पास खाली पड़ी जमीन में सोमवार को दोपहर 12 बजे के करीब उसके मना करने के बावजूद गांव के ही पति-पत्नी निकलकर जाने लगे तथा अभद्र भाषा का प्रयोग कर गाली-गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं उसके साथ हाथापाई पर उतर आए तथा मारपीट की गई जिससे उसके हाथ में चोट आई है। आरोपी ने उसे परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



घायल तमन्ना शर्मा।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

## सार-संक्षेप

### परीक्षाफल सुधार परीक्षा 18 से 24 जुलाई के मध्य होगी

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी जीआईसी में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाफल सुधार परीक्षा 18 से 24 जुलाई के मध्य होगी। सोमवार को परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद ने बताया कि 18 जुलाई को हाईस्कूल हिन्दी तथा इण्टरमिडिएट हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत भाषा की परीक्षा प्रात: 10 बजे से अपराहन 1 बजे तक होगी। इसी क्रम में 19 जुलाई को हाईस्कूल अंग्रेजी तथा इण्टरमिडिएट इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, गृहविज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र तथा शिक्षा शास्त्र की परीक्षा होगी। 20 जुलाई को हाईस्कूल उर्दू, संस्कृत तथा इण्टरमिडिएट गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान तथा कम्प्यूटर विषय की परीक्षा होगी। 22 जुलाई को हाईस्कूल गणित, गृह विज्ञान तथा इण्टरमिडिएट बालिका वर्ग की परीक्षा होगी। 23 जुलाई को हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान की परीक्षा तथा 24 जुलाई को हाईस्कूल विज्ञान विषय की परीक्षा होगी।

### स्मैक सहित एक दबोचा

**खटीमा :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम व नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना झनकईया पुलिस टीम ने गस्त के दौरान प्राइमरी स्कूल अमाऊं के निकट से एक सांड युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने स्वयं को योगेन्द्र सिंह रफ़ाल निवासी राजीवनगर बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से 3 .10 ग्राम स्मैक और स्मैक बिक्री के 150 रुपए बरामद किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेशकर दिया। टीम में उपनिरीक्षक लक्ष्मण दत्त जोशी, रमेश जीना थे।

### हरेला तक 10 हजार नीम के पौधे लगाने का संकल्प

**शक्तिफार्म :** नगर के युवा समाजसेवी सूरज देवनाथ ने पर्यावरण संरक्षण के लिए क्षेत्र में 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखकर दो हजार नीम के पौधे लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। शक्तिफार्म में हरेला पर्व तक 10 हजार नीम के पौधे लगाने का संकल्प किया। उनके के साथ व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल, रवि मजुमदार, मनोज उत्तम दास, अमल मंडल, दिनेश तिवारी, विक्रम सिंह भंडारी, अंकित दास, मनोज सुतार आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस प्रदेश सचिव को मिली मंगलौर की जिम्मेदारी

**काशीपुर :** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव जितेंद्र सरस्वती को कांग्रेस हाईकमान ने मंगलौर विधानसभा उपचुनाव के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप कर उनसे पार्टी प्रत्याशी को विजय बनाने में प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी। उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा एवं प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा की संस्तुति पर पीसीसी सचिव जितेंद्र सरस्वती 10 जुलाई तक मंगलौर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन के समर्थन में प्रचार-प्रसार को गति प्रदान करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष (प्रशासन) मथुरा दत्त जोशी की ओर से जारी पत्र में सरस्वती को शीघ्र ही पार्टी प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए वरिष्ठ नेताओं से जनसंपर्क कर चुनावी रणनीति में भागीदारी करने का आह्वान किया गया। इससे पूर्व भी सरस्वती राजस्थान विधानसभा के चुनाव में एआईसीसी ऑब्जर्वर के रूप में पार्टी को अपनी सेवाएं दे चुके हैं।



काशीपुर में श्रीराम संस्थान में संकल्प यज्ञ करते अतिथि।

### श्रीराम संस्थान के स्थापना दिवस पर संकल्प यज्ञ किया

**काशीपुर :** श्रीराम संस्थान के 21 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान में सर्वजन कल्याण के लिए संकल्प यज्ञ का आयोजन किया गया। संस्थान के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर 23 सितम्बर 2003 को सोशल वेलफेयर एण्ड एजूकेशन सोसाइटी के नाम से एक संस्था की स्थापना हुई। जिसका लक्ष्य एक समाजोपयोगी संगठन स्थापित करना था। श्रीराम इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमैंट एण्ड टैक्नोलॉजी का उद्घाटन एक जुलाई 2004 को कुमाऊं विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति प्रो .आर सी पंत एवं क्षेत्र के सांसद केसी सिंह बाबा ने किया था। बताया कि संस्थान उच्च शिक्षा के अतिरिक्त छात्रों के व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास के लिए तीव्र गति से निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। यज्ञ के अवसर पर निदेशक प्रो. (डॉ.) योगराज सिंह, कमलेश अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा सहित समस्त प्रवक्ता एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

### ब्राह्मनगर में चल रहे धरने को भीम आर्मी का समर्थन

**काशीपुर :** ग्राम ब्रहमनगर में विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे धरना प्रदर्शन को भीम आर्मी ने भी अपना समर्थन दिया है। यह धरना प्रदर्शन पिछले करीब आठ दिनों से चल रहा है। सोमवार को ग्राम ब्रहमनगर में चल रहे धरना प्रदर्शन को भीम आर्मी ने अपना समर्थन दिया। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओ ने कहा अगर गांव की मांगे पूरी नहीं की गई और खनन माफियाओं ने अपने वाहन गांव में आने से नहीं रोके तो भीम आर्मी व पूरे क्षेत्र के सभी लोग मिलकर एक महापंचायत करेंगे। अगर उसके बाद भी प्रशासन और सरकार ने मांगे पूरी नहीं की, तब वह बहुत जल्द एसडीएम कार्यालय का घेराव करेंगे। यहां भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष अजय गौतम एडवोकेट, सौरभ कुमार, छात्र संघ सचिव फैजुल रहमान, ताहिर हुसैन, विधानसभा उपाध्यक्ष मीनाक्षी, विवेक जाटव, गणेश सिंह, अंकित कुमार, कुलदीप, मनोज कुमार, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।




खटीमा में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक।

### दौलतबेग ओल्डी के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**खटीमा।** भूतपूर्व सैनिक संगठन द्वारा तहसील परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर दौलतबेग ओल्डी में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व सैनिकों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नारायण सिंह सोन, मनोहर सिंह ज्वाला, धन सिंह सामंत, हीरा सिंह, लक्ष्मण सिंह, पुष्कर सिंह सामंत, हीरा सिंह रावत, फकीर सिंह, कल्याण सिंह, टीकाराम, गणेश राम, खुशाल सिंह, उमेद सिंह, शिव चंद, सुरेंद्र सिंह कैलाश आदि थे।

### लायंस क्लब के रक्तदान शिविर में जमा हुआ 18 यूनिट रक्त

**खटीमा।** लायंस क्लब खटीमा सेवा के तत्वावधान में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप 18 लोगों ने रक्तदान किया। लायनिस्टिक वर्ष के पहले दिन के अवसर पर कंजाबाग रोड स्थित न्यू लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक में शिविर आयोजित किया गया। यहां क्लब सदस्यों के साथ ही स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने भी आगे बढ़कर रक्तदान किया। शिविर के 18 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जोन चेयरपर्सन जितेंद्र पारुथी, क्लब सचिव मनोज कन्याल, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, प्रोग्राम चेयरमैन मनोज वाधवा, ब्लड बैंक संचालिका नीलम ज्याला, रमेश महर, नवीन सिंघल, संजय अग्रवाल, हयात सिंह, ऋषि जोशी, पवन देव, पवन राय आदि मौजूद रहे।

### रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई तो कांग्रेस सड़क पर उतरेगी

**खटीमा :** उपनेता प्रतिपक्ष और विधायक भुवन कापड़ी ने एसएचओ के अश्लील ऑडियो मामले में अभी तक रिपोर्ट दर्ज न किए जाने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस महा निदेशक के निलंबन और एफआईआर के आदेश के बाद भी रिपोर्ट दर्ज न होना पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। विधायक ने कहा कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि गदरपुर में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी लेकिन पुलिस अभी तक खाली हाथ है। जिले में चोरियां, हत्या, स्मैक के धंधे फूल फल रहे है। उन्होंने डीजीपी से थानाध्यक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने और एसएसपी को जांच प्रकरण से अलग रखने की मांग की है।

# नई धाराओं से पुलिस और अदालतों का कामकाज भी बदलेगा

## नए आपराधिक कानूनों की जानकारी देने को कोतवाली, थाना आईटीआई व कुंडा में की गोष्ठी, कई संगठनों व स्कूली बच्चों ने लिया भाग



नए कानूनों की जानकारी संबंधी गोष्ठी में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू होने पर अपर पुलिस अधीक्षक अभय सिंह के नेतृत्व में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रामनगर रोड स्थित रामलीला के सभागार में किया गया। जिसमें राजनीतिक, सामाजिक व स्कूली छात्राओं को नए कानून के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अभय सिंह ने बताया कि इंडियन पीनल कोड अब भारतीय न्याय संहिता, कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और इंडियन एविडेंस एक्ट अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम हो गया है, जिसके तहत बने कानूनों में अब कार्रवाई की जाएगी, जिससे आम लोगों को ध्यान में रखते हुए लोगों को सशक्त न्याय के लिए बनाया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल ने बताया कि नए कानूनों में कुछ धाराएं हटा दी गई हैं तो कुछ नई धाराएं जोड़ी गई हैं। कानून में नई धाराएं शामिल होने के बाद पुलिस, वकील और अदालतों के साथ-साथ आम लोगों के कामकाज में भी काफी बदलाव आ जाएगा।

वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता संजय शर्मा व मुस्तफा मलिक ने कहा कि वह मामले जो एक जुलाई से पहले दर्ज हुए हैं, उनकी जांच और ट्रायल पर कोई असर नहीं होगा। एक जुलाई से सारे अपराध नए कानून के तहत दर्ज होंगे। प्रचलित धाराएं अब बदल चुकी हैं, इसलिए अदालत, पुलिस और प्रशासन को भी नई धाराओं का अध्ययन करना होगा। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष शमशुद्दीन, गुरविंदर सिंह चंडोक, प्रशांत पंडित, हसीन खान, मुशर्रफ हुसैन, एमए राहुल, राशिद फारूकी, नितिन कौशिक, शफीक फौजी, जाहिद चौधरी, मनोज बाली आदि मौजूद रहे। उधर, थाना आईटीआई में थाना प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी और थाना कुंडा में प्रभारी विक्रम राठौर के नेतृत्व में सभी ग्राम प्रधान, एनजीओ, स्कूल के अध्यापक व बच्चों को एक जुलाई से लागू हुए नए कानून के संबंध में जानकारी दी गई और सभी को इसका प्रचार -प्रसार अधिक से अधिक करने के लिए प्रेरित भी किया गया।

### किसी भी थाने में दर्ज करा सकते हैं मुकदमा

**बाजपुर।** देशभर में लागू हुए तीन नए कानूनों के प्रति लोगों में जन-जागरुकता लाने के लिए सोमवार को कोतवाली के साथ ही सभी पुलिस चौकी क्षेत्र के विद्यालयों आदि में गोष्ठियां व सेमीनार हुए। गोष्ठी को संबोधित कर सीओ अन्नराम आर्य ने बताया कि अब नए कानून के तहत किसी भी अपराध की एफआईआर पीड़ित किसी भी थाने में दर्ज करा सकता है। कुछ बदलाव के साथ भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह नए क्रिमिनल कानून देश में लागू हुए हैं। इस मौके पर एसएसआई विनोद कुमार फर्त्याल, एसआई देवेंद्र सिंह मनराल, एएसआई सुनील कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं पुलिस चौकी दोराहा, बन्नाखेड़ा, बरहैनी, सुल्तानपुर पट्टी आदि के अंतर्गत स्कूलों में भी जन-जागरूकता के लिए कार्यक्रम हुए जिनमें पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने बच्चों व शिक्षकों को नए कानूनों के बारे में जानकारी देकर जारूगक किया।



बाजपुर कोतवाली में नए कानूनों के बारे में जानकारी देते सीओ अन्नराम आर्य।

### गदरपुर में नए कानून लागू होने पर थाना अध्यक्ष ने दी जानकारी

**गदरपुर :** नये कानून लागू होने पर लोगों को जागरूक करने के लिए थाने में क्षेत्र के लोगों की बैठक आयोजित की गई। देर शाम थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान के नेतृत्व में नगर में नए कानूनो के बारे में जागरूकता रैली निकाली गई। सोमवार को थाने में क्षेत्र के लोगों की बैठक आयोजित की गई। देर शाम थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान के नेतृत्व में नए कानून लागू होने पर लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई रैली गदरपुर थाने से प्रारंभ होकर गूलरभोज मोड अनाज मंडी बुध बाजार मुख्य बाजार होते हुए थाने में समाप्त हुई। इस मौके पर थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान बसंत कुमार व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड, पंकज सेतिया, सुरेश खुराना, रिजवान हुसैन, ज्योति चुग, ममता शर्मा, कुलबीर चौधरी, रिंकी हितकारी, अनीता शाह, अनीता कश्यप आदि लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने नागरिकों को पढ़ाया कानून में बदलाव का पाठ

**खटीमा।** कोतवाली खटीमा और थाना झनकईया में बैठक कर नागरिकों को तीन नए बदलाव भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जानकारी दी गई। खटीमा में पुलिस छेत्राधिकारी विमल रावत ने बताया कि नए कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी। जिसमें जीरो एफआईआर, ऑनलाइन शिकायत, एसएमएस के जरिए सम्मन भेजने जैसी सुवधाएं हैं। इस अवसर पर कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी, एसएसआई अशोक कुमार आदि थे। इधर थाना झन कईया में भी नागरिकों के साथ बैठक कर उन्हें नए कानूनों और धाराओं के बदलाव से अवगत कराया गया। इस अवसर पर थानाथ्यक्ष अनिल जोशी, उप निरीक्षक लक्ष्मण दत्त आदि थे।

## महिला सुरक्षा पर दिया है विशेष ध्यान

- एसबीएस महाविद्यालय सभागार में हुई कार्यशाला
- जनजागरण अभियान चलाने का किया आह्वान

संवाददाता, रुद्रपुर



रुद्रपुर में आयोजित कार्यशाला में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें एसएसपी द्वारा कानून में हुए बदलाव को लेकर कॉलेज के विद्यार्थियों से चर्चा की और नये कानून की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सोमवार को कार्यशाला के दौरान एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा एक जुलाई से पुराने कानून में बदलाव करते हुए आईपीसी, सीआरपीसी व साक्ष्य अधिनियम में कई बदलाव किए हैं। इसके बाद जहां नाबालिग से दुष्कर्म प्रकरण में कठोर सजा का प्रावधान किया गया है।



एसएसपी मंजूनाथ।

वहीं हत्या, लूट, डकैती जैसी संगीन धाराओं में काफी बदलाव हुआ है। इसके बाद अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने और कठोर सजा दिलाने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि नये कानून में महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा गया है।

बताया कि लोगों को नये कानून की जानकारी देना बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए जहां विद्यार्थी नये कानून का बोध करें। वहीं प्रचार-प्रसार कर आम जनमानस को भी जागरूक करें। इस दौरान विद्यार्थियों को पंपप्लेट और पर्चे देकर भी सूचनाएं प्रदान की गई।

### पंतनगर थाने में लोगों को नए कानून की जानकारी दी

**पंतनगर :** पहली जुलाई से लागू हुए नए कानूनों को लेकर पंतनगर थाने में लोगों को जागरूक किया गया। जिसके तहत क्षेत्रवासियों को कानून में हुए बदलाव की जानकारी दी गई। इस दौरान थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने स्कूली बच्चों को कानून के नए नियमों की जानकारी दी। प्रदीप ने कहा इस भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों को जल्द और सही न्याय मिले, इसके लिए सरकार काम कर रही है। बताया कि अब पुलिस नए कानूनों के तहत् तलाशी और गिरफ्तारी के दौरान वीडियोग्राफी करने, वीडियो को डिजिटल लॉकर में सुरक्षित रखने, 90 दिन के भीतर शिकायकर्ता को जांच रिपोर्ट सौंपने सहित गिरफ्तार व्यक्ति के बारे में जानकारी सार्वजनिक करेगी।

### जसपुर में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

**जसपुर :** पुलिस की ओर से कोतवाली में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन कर लोगों नए कानून की जानकारी दी गई। 1 जुलाई से लागू हो चुके तीन नए कानूनों के संबंध में जानकारी देने के लिए सोमवार को पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार जसपुर पुलिस ने जागरूकता गोष्ठी की। पुलिस उपाधीक्षक व क्षेत्राधिकारी काशीपुर ने लोगों को जानकारी दी। साथ ही नशा विरोधी अभियान के तहत नशे के दुष्प्रभावों तथा आसपास फैले नशे के कारोबार के संबंध में लोगों को जागरुक किया गया। गोष्ठी में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्तियों, समाज सेवियों, महिला स्वयं सहायता समूह व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### दिनेशपुर थाने में हुई बैठक, आम लोग हुए सम्मिलित

**दिनेशपुर :** थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता की जनप्रतिनिधियों व लोगों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी प्रकरण व अपराधों में लागू कानून के बारे में बताते हुए समाज को अपराध मुक्त बनाने के लिए पुलिस को सहयोग की अपील की। यातायात नियमों व मार्ग दुर्घटना से बचाव पर सुझाव दिए। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, महिला संगठन अध्यक्षा हीरा जंगपांगी रौतेला, नपं पूर्व अध्यक्षा सीमा सरकार, जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, भाजपा अध्यक्ष अनादिरंजन मंडल, राजेंद्र सिंह मेहरा, हिमांशु सरकार, पंजाबी महासभा अध्यक्ष केके गावा, अनिल रौतेला, विशंभर लाल मिगलानी, अशोक कालड़ा, सुनीता मस्त्री, योगेश मिगलानी, राहुल बाठला, चेतन सुखीजा, रोहित मंडल, भोला शर्मा, सुकोमल मंडल, प्रयाग दत्त कांडपाल आदि मौजूद थे।

### किच्छा में भी दी कानून में बदलाव की जानकारी

**किच्छा।** भारतीय न्याय संहिता के नियमों के बारे में आम जन मानस को जानकारी देने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में आईपीसी की धाराओं को बदलकर बीएनएस किए जाने के संबंध में लोगों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। कोतवाली में आयोजित बैठक में क्षेत्राधिकारी बहादुर सिंह चौहान, व्यापारी नेता जगरूप सिंह गोल्डी, पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष अरुण तनेजा, सभासद लियाकत अंसारी, देवेंद्र सिंह विर्क, देवेंद्र शर्मा, त्रिवेणी सहाय गंगवार, अब्दुल रशीद जक्कू, कलावती, नासिर खान, पूरन भट्ट, राजकुमार बजाज, पूरन भट सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सीएम के सामने रखीं खटीमा की समस्याएं

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** खटीमा की विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिले। उन्होंने सीएम धामी के समक्ष सिसैया, बग्गा चौवन, मोहम्मदपुर भुड़िया, प्रतापपुर में बिजली घर, मेलाघाट की जमीन की समस्या को रखा। जिसे लेकर मुख्यमंत्री के दिवस अधिकारी दिनेश यादव शनिवार को खटीमा का दौरा कर क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे।

ब्लॉक प्रमुख नामधारी सीएम धामी से हेलीपैड देहरादून में मिले और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान उन्होंने खटीमा की समस्याएं उनके समक्ष रखीं। जिसमें सत्रहमील- प्रतापपुर मार्ग के डेढ़-डेढ़ मीटर चौड़ीकरण और हॉटमिक्स, मोहम्मदपुर भुड़िया में छठ घाट, प्रतापपुर से पुरनापुर संपर्क मार्ग, परवीन नदी पर पुल, सड़क निर्माण आदि शामिल हैं। इस मामले में मुख्यमंत्री के दिवस अधिकारी दिनेश यादव ने शनिवार को मौका मुआयना करने की बात कही है।



सीएम धामी से मिलते ब्लॉक प्रमुख नामधारी।

## पार्टी का विरोध करने वालों को नहीं देना चाहिए टिकट : चीमा

**काशीपुर :** चुनावों के समय टिकट न मिलने पर में पार्टी का विरोध करने वाले ऐसे नेताओं को न ही पार्टी का टिकट दिया जाए न ही उन्हें जिम्मेदार पद दिया जाए। यह बात पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही है।

उन्होंने कहा अक्टूबर में नगर निकाय के चुनाव होने हैं। ऐसे में जनता की आवाज बनकर हरभजन सिंह चीमा ने आगामी चुनाव को लेकर कई मुद्दों पर बयान दिये। सोमवार को काशीपुर स्थित अपने कार्यालय में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा व पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। यहां भाजपा प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा मौजूद रहे।

## आशा वर्कर की अश्लील वीडियो बनाने पर रिपोर्ट

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** आशा वर्कर के पति ने दो महिलाओं समेत पांच लोगों पर उसकी पत्नी को बंधक बनाकर अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो महिलाओं समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने कोर्ट को बताया कि उसकी पत्नी आशा वर्कर है। उसका कई वर्षों से सुरेश प्रजापति, हरिशंकर प्रजापति निवासी टांडा उज्जैन, प्रगट सिंह निवासी फसियापुरा से स्वयं के मकान को लेकर विवाद चल रहा है। विवाद निपटाने को लेकर उसकी पत्नी की आशा फैसीलिटर एक महिला निवासी वांसियोंवाला मंदिर व उसकी गिन्नीखेड़ा निवासी सहयोगी महिला ने दबाव डालने को लेकर अपने मुंहबोले भाई को घर पर विवाद सुलझाने के लिए भेज दिया करती थी। जिससे उसकी पत्नी मानसिक अवसाद में आ गई। बीती 17 अगस्त 2023 की सुबह मधु वाला ने विभागीय कार्य करने के लिए उसकी पत्नी को घर बुलाया। जहां पहले से ही सुरेश प्रजापति, हरिशंकर प्रजापति व प्रगट सिंह मौजूद थे। उन्होंने घर में घुसते ही उसकी पत्नी को बंधक बनाकर निर्वस्त्र कर अश्लील वीडियो बना कर छेड़खानी की। तब से उक्त लोग ब्लैकमेल कर रहे हैं। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दो महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जल निकासी नहीं एसडीएम से मिले

**किच्छा :** निकटवर्ती ग्राम सिरौली कला क्षेत्र के तमाम ग्रामीणों ने जल निकासी की समस्या से निजात के लिए उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा से मुलाकात कर नाला सफाई किए जाने की मांग की।

वरिष्ठ समाजसेवी एन यू खान एवं यूथ कांग्रेसी नेता तसलीम सलमानी के नेतृत्व में सिरौली कला एवं एनएच 74 किनारे क्षेत्र के तमाम व्यापारी एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को जल निकासी की समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि सुरेंद्र पेट्रोल पंप से लेकर सिरौली कला तथा सिरौली चौराहे से गोला नदी तक तमाम लोगों द्वारा सरकारी नाले पर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया। मौके पर अनस सलमानी, नासिर खान, विशाल मदान, सेम मियां, पप्पू, शाहिद अंसारी, इरशाद अहमद, विक्की अंसारी, सराफा शाह आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** सपा मुखिया व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने एलडी भट्ट चिकित्सालय परिसर में पौधरोपण किया

# सार्वजनिक स्थानों के पार्कों में पौधरोपण करने का संकल्प लिया

संवाददाता, काशीपुर/बाजपुर

**अमृत विचार :** सपा मुखिया व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन समाजवादी के पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रवि छाबड़ा के नेतृत्व में एलडी भट्ट चिकित्सालय के परिसर में पौधरोपण किया।

सोमवार को पौधरोपण के दौरान रवि छाबड़ा ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने सात दिन तक जिले के सभी सार्वजनिक स्थानों के पार्कों पर पौधा रोपण करने का संकल्प लिया है। बताया कि पूरे जिले में सभी कार्यकर्ता अपनी-अपनी विधानसभा में अखिलेश यादव का जन्मदिन मना कर उनकी दीर्घायु की कामना कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश सचिव आकाश यादव, अमरदीप सिंह, नाजिम सैफी, यामीन, सुमित यादव, समेत कई लोग मौजूद रहे। वहीं बाजपुर में सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव के नेतृत्व में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटकर पौधारोपण किया गया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष रवि छाबरा, प्रदेश अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड अमित कुमार, अरविंद दिवाकर, एड.प्रेम सिंह सागर, एड.कृष्णलाल मौर्य, नवाब हैदर काजमी, टोनी पठान, जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड शीशपाल यादव, शिवअवतार शर्मा, मो.आजम, अली नकी, अर्जुन सिंह, चुन्नी, वंशु जोशी, मोहम्मद ओन, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।



बाजपुर में सपा कार्यालय में पौधे वितिरत करते कार्यकर्ता।




एलडी भट्ट चिकित्सालय में पौधारोपण करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### पौधरोपण में प्रतिभाग किया

**पंतनगर :** सोमवार को यूपी के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर किच्छा विधानसभा में कई जगहों पर सपाइयों ने पौधरोपण कर सामाजिक समानता का संदेश दिया। सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव इंजी. प्रज्ञा चैधरी के नेतृत्व में चलाए गए पौधरोपण अभियान में महिलाओं, किसानों और छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस दौरान वरिष्ठ समाजवादी नेता व तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजिंदर सिंह विर्क, समाजवादी छात्र सभा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष ओसियन सिंह यादव, सनी यादव, आशीष यादव, उषा यादव व नेहा यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सार-संक्षेप



गदरपुर थाने में पौधरोपण करतीं भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्त्रियां।

### भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण

**गदरपुर :** भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकृतियों ने एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत थाने में पौधरोपण किया। सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष ज्योति चुग के नेतृत्व में दर्जनों महिलाएं थाने पहुंची। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष ज्योति चुग, कुलबीर चौधरी, मानसी शर्मा, ममता शर्मा, रिंकी हितकारी, लक्ष्मी चौहान, कंचन सिंह, राजबाला चौहान, अनीता शाह, पुष्पा ठाकुर, अनीता कश्यप सहित काफी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताएं मौजूद थी।

### व्यापारी चुनाव में राजनीति कर रहे पूर्व विधायक

**किच्छा :** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव में पूर्व भाजपा विधायक राजेश शुक्ला द्वारा उनका नाम शामिल किए जाने पर आपत्ति जताते हुए पूर्व विधायक पर व्यापारियों के चुनाव में राजनीति करने का आरोप लगाया है। नगर के आवास विकास स्थित कार्यालय में मीडिया से वार्ता कर कहा कि व्यापार मंडल के निवर्तमान महामंत्री और कोषाध्यक्ष ने पूर्व भाजपा विधायक की सदस्यता वाली चुनाव समिति को निष्पक्ष करार दिया था एवं पूर्व विधायक ने उस समय व्यापारी नेता गुलशन सिंधी को चुनाव जिताने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर भी लगाया था लेकिन उस समय चुनाव समिति पर कोई आरोप नहीं लगाए गए। उन्होंने पूर्व विधायक पर व्यापार मंडल के चुनाव में राजनीति तथा हस्तक्षेप न करने की मांग कर कहा कि व्यापार मंडल के चुनाव में उनका कोई हस्तक्षेप नहीं होगा तथा जो भी व्यापारी जीतेगा, उनके द्वारा अवश्य स्वागत किया जाएगा। मौके पर कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश प्रताप सिंह एवं नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू मौजूद रहे।

### आदित्य को स्वास्थ्य और स्वच्छता में मिला सम्मान



**खटीमा :** आईबीसीटीएससी के 13 जून से 22 जून तक रुड़की में आयोजित शिविर में अलक्ष्या पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट आदित्य कार्की ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता श्रेणी की अंडर बटालियन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया है। मेजर जनरल अतुल रावत एडीजी उत्तराखंड निदेशालय द्वारा आदित्य कार्की को सम्मान प्रदान किया गया। आदित्य की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक मधुसूदन दास गोस्वामी, प्रबंधक विनोद बोहरा, प्रधानाचार्य अजय बोहरा आदि ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### गर्मी की छुट्टियां समाप्त होने के बाद स्कूलों में लौटी रौनक

**दिनेशपुर :** एक माह की गर्मियों की छुट्टियां समाप्त होने के बाद सरकारी व निजी विद्यालयों में रौनक दिखी। सोमवार की प्रात: 7 से 8 : बजे तक सभी स्कूलों के छात्र-छात्राएं स्कूल की ड्रेस में समय से विद्यालय पहुंचे। लंबी छुट्टियों के बाद स्कूलों में चहल-पहल देखी गई। छात्रों की अपेक्षा छात्राओं की उपस्थित पहले दिन अधिक रही।

# वर्षा काल में सड़क बंद होने पर कम से कम समय में यातायात सुचारु करें

## राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई सलाहकार समिति की बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष विनय रुहेला की अध्यक्षता में उत्तराखंड आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्षा काल प्रारंभ हो गया है इसलिए सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें। सड़क बंद होने पर त्वरित गति से कार्य करते हुए कम से कम समय में यातायात सुचारु करें।

सोमवार को वर्चुअल बैठक के दौरान उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन ने कहा कि नदियों में जलस्तर बढ़ने पर पैनी नजर रखे व अलार्म सिस्टम चालू रखें। नदियों के जलस्तर बढ़ने अथवा बाढ़ स्थिति से पूर्व नदी किनारे बसे लोगों को विस्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी जिला आपदा कंट्रोल रूम राज्य आपदा कंट्रोल रूम से जुड़े हैं आपदा सूचनाएं त्वरित दें। ताकि समय पर सहयोग दिया जा सके। अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी ने बताया कि जनपद मुख्यालय व तहसील स्तर पर आपदा कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित है। कर्मचारियों की तैनाती कर दी गयी है। 29 बाढ़ चौकियां व 8 बाढ़ नियंत्रण केन्द्र संचालित हैं जिनमें कार्मिकों की भी तैनाती की गयी हैं। सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश पूर्व में ही जारी कर दिये गये है।



वर्चुअल बैठक में मौजूद एडीएम और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**यह लोग रहे मौजूद:** उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, एसीएमओ डॉ. राजेश कुमार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पांडे, जल निगम ज्योति पालनी, विद्युत विजय सकारिया, लोनिवि ओपी सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एसबी पांडे, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया आदि मौजूद थे।

### वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर शोक

**काशीपुर, अमृत विचार:** बार एसोसिएशन काशीपुर की एक शोक सभा एसोसिएशन के सभागार में की गई, जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता अवतार सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर दो मिनट का मौन धारण किया गया। साथ ही ईश्वर से प्रार्थना की गई कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें तथा उनके परिजनों को दुख सहने की क्षमता प्रदान करें।

शोक सभा में वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, अवधेश चौबे, सचिव नृपेंद्र चौधरी उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, उप सचिव सूरज कुमार, सौरभ शर्मा, हिमांशु बिश्नोई, सतपाल सिंह बल आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होनी चाहिए

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** डॉक्टर्स डे पर पंडित रामसुमेर शुक्ल मेडिकल कॉलेज सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में निर्णय लिया गया कि माह में एक ऐसे मरीज को चिह्नित कर निजी अस्पताल में निशुल्क उपचार किया जाएगा। जिसकी आर्थिक स्थिति दयनीय होगी। इसके अलावा कई मुद्दों पर चर्चा के बाद प्राचार्य डॉ. शाही ने आईएमए, स्वास्थ्य विभाग से आपसी सामंजस्य बनाकर स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर डॉ. रणजीत सिंह गिल, डॉ. जेएस गिल, डॉ. राजेश आर्य, डॉ. गगनदीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।




डॉक्टर्स डे पर गोष्ठी को संबोधित करते मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केदार सिंह।

### पेड़-पौधे प्रकृति के डाक्टर्स, जो बिना फीस के देते हैं प्राणवायु

**बाजपुर :** डाक्टर्स डे पर सोमवार को सरकारी अस्पताल के प्रभारी सीएमएस डा.पीडी गुप्ता की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपजिला चिकित्सालय परिसर में चिकित्सकों ने दस पौधे लगाए। प्रभारी चिकित्सकाधिकारी डा.पीडी गुप्ता ने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति के डाक्टर्स हैं, जो बिना फीस लिए सबको प्राणवायु देते हैं। इस मौके पर डा.तय्यब, डा.विनय यादव, डा.एकता तिवारी, आशीष, दीपक शर्मा, मोहन, नन्हें, सुनील कुमार, निशांत सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



बाजपुर में गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला में सम्मानित बच्चे व अतिथि।

### गुरुमुखी व गुरमत सिखलाई कैंप का समापन

**बाजपुर :** गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला में बाबा कुंदन सिंह संगीत विद्यालय के तत्वावधान में चल रहे गुरुमुखी व गुरमत सिखलाई कैंप के समापन अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह ने कहा कि भाषा संस्कृति के संरक्षण व भावी पीढ़ी को सामाजिक कुरीतियों से बचाने के साथ-साथ नशे की गिरफ्त में आ रहे समाज को सही दिशा देने के लिए सभी सामाजिक संस्थाओं को ऐसे कैंप आयोजित करने चाहिए। वहीं समर कैंप में प्रतिभागी बच्चों की प्रतियोगिता में अव्वल आए बच्चों को बाबा प्रताप सिंह व ज्ञानी मनदीप सिंह सहित अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर ज्ञानी मनदीप सिंह, किसान नेता जगतार सिंह बाजवा, भाई मणि सिंह सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष मनजीत सिंह बिट्टा, बलविंद्र सिंह, अमरीक सिंह, मंगा सिंह, अनमोल सिंह आदि मौजूद रहे।



पूटा कार्यकारिणी के अध्यक्ष पर चुनाव में मतदान करते शिक्षक।

### डॉ. मल्ल अध्यक्ष और डॉ. अनूप बने महामंत्री

**पंतनगर, अमृत विचार :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में सोमवार को पंतनगर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (पूटा) की नई कार्यकारिणी का गठन हो गया। जिसमें सिर्फ अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में डॉ. प्रमोद मल्ल ने पूर्व अध्यक्ष डॉ. रोहिताश्व सिंह को 24 मतो से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया। विवि में पूटा कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष को छोड़कर सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। विवि में पूटा से 280 शिक्षक जुड़े हैं। सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए संपन्न हुए चुनाव में पंतनगर विवि के शिक्षकों ने भारी संख्या में मतदान किया। जिनका मतदान प्रतिशत लगभग 93 रहा। इस चुनाव में कृषि महाविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग में प्राध्यापक डॉ. प्रमोद मल्ल ने 117 मत हासिल कर जीत दर्ज की। वहीं पूर्व अध्यक्ष डॉ. राहिताश्व सिंह को 93 मत ही प्राप्त हुए, जबकि एक मत खारिज हो गया। इसके अलावा पूटा कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद के लिए डॉ. विनय कुमार सिंह, महामंत्री पद के लिए डॉ. अनूप कुमार सचान, सचिव पद के लिए डॉ. केपी सक्सेना एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉ. एसपी गंगवार और डॉ. सुमनलता यादव व डॉ. नवीन सिंह पूटा एक्जीक्यूटिव निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए। चुनाव की पूरी कार्यवाही मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. ओमवीर सिंह प्राध्यापक उधान विभाग की देखरेख में संपन्न हुई। जिसमें चुनाव अधिकारियों डॉ. जेपी पुरवार, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. अमित भटनागर, डॉ. सुनील सिंह एवं डॉ. अशोक कुमार की महत्वपूर्ण भमिका रही।

## धर्म दर्शन

### बौद्ध पाली ग्रंथों में अयोध्या

बौद्धगया और पाटलिपुत्र के बौद्ध तीर्थो एवं सापना केन्द्रों में लिखे गए बौद्ध पाली ग्रंथों के अनुसार प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या का दीर्घ कालोपरान्त लगभग छठी शती ईसापूर्व में हुए तथागत बुद्ध से अत्यन्त महत्वपूर्ण संबंध रहा है, जिनमें उनकी कम से कम दो अयोध्या यात्राओं तथा प्रवचनों का विस्तृत विवरण बौद्ध साहित्य में उपलब्ध है। भगवान बुद्ध के अयोध्या से हार्दिक लगाव का अकाट्य प्रमाण "मज्झिम निकाय" में उनका एक संबोधन "कोसलक" (कोसलका वासी) है। बौद्ध पाली ग्रंथो में अयोध्या को "अयोज्झ" या "अयुज्झनगर" लिखा गया है, किंतु उसका सबसे लोकप्रिय नाम "साकेत" है। बुद्ध के समय अयोध्या अथवा साकेत की गणना बुद्धकालीन भारत के छः महानगरों में होती थी। ये नगर क्रमशः श्रावस्ती, साकेत, प्रतिष्ठान, राजगृह, वाराणसी तथा तक्षशिला हैं। तथाबुद्ध के अतिरिक्त बौद्धभिक्षु आनन्द (गौतम बुद्ध का चचेरा छोटा भाई) तथा प्रबुद्ध सारिपुत्र की साकेत या अयोध्या यात्राओं बौद्ध धर्म ग्रंथों में कई बार उल्लेख है। सारिपुत्र की गणना, बुद्ध के निकट शिष्यों एवं 'थेरवाद' के प्रमुख प्रचारकों में की जाती है। बौद्ध मूर्तिकला में सारिपुत्र को प्रायः तथागत बुद्ध की प्रतिमा के दाहिनी ओर चित्रित किया गया है। उल्लेखनीय ब्राह्मण वंशीय प्रकाण्ड बौद्ध चिन्तक भिक्षु सारिपुत्र की गणना बुद्ध के प्रारम्भिक प्रमुख शिष्यों में की जाती है।

ऐसा प्रतीत होता है कि बौद्ध लेखकों ने बिना साकेत या अयोध्या को यात्रा किए ही एक भयंकर भौगोलिक गलती कर दी और पाटलि पुत्र की भांति साकेत या अयोध्या को भी गंगा नदी का तटवर्ती लिख दिया है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

यही भूल या गलती सातवीं शती में हर्षवर्धन के शासनकाल में भारत आए चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी की है। नेपाल की सीमा के निकटवर्ती श्रावस्ती (पूर्व के बहराईच एवं आज के श्रावस्ती (सेत-महेत) को, कोसल की दूसरी राजधानी के रूप में बसाने का श्रेय कोसलाधीश श्रीराम के पुत्र लव को है। बौद्ध ग्रंथ 'दीघ निकाय' के अनुसार बौद्ध धर्म के भिक्षुओं के द्वारा दक्षिण दिशा स्थित प्रतिष्ठान की यात्रा के समय श्रावस्ती से प्रस्थान के बाद पहिला पड़ाव या विश्रामस्थल साकेत (अयोध्या) की दूरी छः योजन या चौबीस कोस थी। बौद्ध साहित्य में सरयू को 'सरभ' कहा गया है। जैन आदि पुराण के अनुसार अपने भव्य प्रासादों (भवनों) के कारण पर फहराते ध्वज-पताकाओं के कारण ही अयोध्या को ही साकेत कहा गया। इसीलिए हिन्दू विष्णु पुराण में बौद्धों के 'साकेत' को ही 'साकेतु" कहा गया है।

### सामवेद और सामगान के स्वर

सामगान के स्वर-सामयोनि के मंत्रों का आश्रय लेकर ऋषियों ने गान मंत्रों की रचना की है। यह गान चार तरह के हैं- ग्राम गेय गान, जिसे प्रकृति गान तथा वेय गान भी कहते हैं। आरण्यक गान, ऊह गान, ऊह्य गान या रहस्य ज्ञान। इन गानों में वेयगान पूर्वार्चिक सामवेद के प्रथम पांच अध्याय के मंत्रों के ऊपर होता है। अरण्यगान, आरण्यपर्व के निर्दिष्ट मंत्रों पर ऊह और ऊह्य गान उत्तरआर्चिक में उल्लिखित मंत्रों पर मुख्यतः गाया जाता है। भिन्न शाखाओं में इन गानों की संख्या अलग-अलग है। सबसे अधिक गान जैमिनीय शाखा में मिलते हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

भारतीय संगीत शास्त्र का मूल इन्हीं साम गानों पर आधारित है। सामगान की पद्धति का ज्ञान अत्यंत दुरूह है। एक तो यूं ही साम के जानने वाले कम हैं, उस पर सामगान को ठीक स्वर में गाने वालों की संख्या तो उंगलियों में गिने जाने लायक है। यदि गायक के गले में लोच हो और वह उचित मूर्छना, आरोह-अवरोह का विचार कर सामगान करे, तो मंत्रार्थ न जानने पर भी भावों की दिव्य अनुभूति हुए बिना नहीं रहती। नारद शिक्षा के अनुसार साम के स्वरमंडल में-सात स्वर, तीन ग्राम, इक्कीस मूर्छना तथा उनचास (49) तान हैं। इन सातों स्वरों की तुलना वेणु स्वरों से भी की गई है। साम गानों में यही सात तक के अंक तत्तत् स्वरों के स्वरूप को सूचित करने के लिए लिखे जाते हैं। सामयोनि के मंत्रों के ऊपर दिए गए अंकों की व्यवस्था दूसरे प्रकार की होती है। साम योनि मंत्रों को सामगानों के रूप में ढालने पर संगीतानुकूल शाब्दिक परिवर्तन भी किए जाते हैं, जिन्हें साम विकार कहते हैं जो विकार, विश्लेषण, विकर्षण, अभ्यास, विराम तथा स्तोभ के रूप में जाने जाते हैं।

साम गायन की पद्धति बहुत कठिन है। उसकी ठीक-ठीक जानकारी हो सके, इसके लिए बहुत सूक्ष्म अध्ययन अपेक्षित है। साधारण ज्ञान के लिए यह जान लेना काफी है कि साम गान के पांच भाग होते हैं। प्रस्ताव-यह मंत्र का प्रारंभिक भाग है, जो 'हुं' से प्रारंभ होता है। इसे प्रस्तोता नामक ऋत्विज् गाता है। उदगीथ-इसे साम का प्रधान ऋत्विज उद्गाता गाता है। इसके आरंभ में 'ओंम' लगाया जाता है। प्रतिहार-इसका अर्थ है, दो को जोड़ने वाला। इसे प्रतिहर्ता नामक ऋत्विज् गाता है। इसी के कभी-कभी दो टुकड़े कर दिए जाते हैं। उपद्रव-जिसे उद्गाता गाता है। निधन-जिसमें मंत्र के दो पद्यांश या ओम् रहता है। इसका गायन तीनों ऋत्विज प्रस्तोता, उदगाता तथा प्रतिहर्ता एक साथ मिलकर करते हैं।

उदाहरण के लिए सामवेद का प्रथम मंत्र- अग्न आया हि वीतये गृणानो हव्यदातये। नि होता सत्सि बर्हिषि।। इस मंत्र के ऊपर जिस साम का गायन किया जायेगा, उसके पांचों अंग इस प्रकार होंगे। हुं ओग्नाइ (प्रस्ताव), ओम् आयाहि वीतये गृणानोहव्यदातये (उदगीथ), नि होता सत्सि बर्हिषि ओम् (प्रतिहार), इसी प्रतिहार के दो भेद होंगे जो दो प्रकार से गाये जायेगें।, निहोता सत्सि बर्हिषि (उपद्रव), बहिर्षि ओम्( निधन)।


## वर्ग पहेली-118

**बाएं से दाएं**

1. जिसपर दोष लगाया गया हो, अभियुक्त।
2. 1. पानी के कारण होने वाली नमी, ठंडक 2. सीलन, सील, तरी।
4. 1. पाने या लेने वाला 2. सरकार के अनुरोध पर किसी विवादास्पद संस्था का प्रशासन-भार संभालने वाला व्यक्ति, (रिसीवर)।
7. 1. वह स्त्री जिसका मानसिक संतुलन ठीक न हो 2. जेल में किसी प्रकार का ख़तरा उत्पन्न होने पर बजाई जाने वाली घंटी, खतरे की घंटी, (अलार्म)।
8. बादलों की घटा, मेघवाई, मेघ पंक्ति, घनघटा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. लाचार, दीन 2. परेशान, तंग 3. ऊबा हुआ, झुंझलाया हुआ।
3. 1. ज़िंदादिल होना, ख़ुशमिज़ाजी, सहृदयता 2. उत्साह, प्रसन्नता 3. रसिकता 4. हंसोढ़पन 5. विनोदप्रियता।
5. 1. डांट-डपट करने की क्रिया या भाव 2. घुड़की, डांट, झिड़की।
6. 1. गाय पालने वाली 2. ग्वाले की स्त्री; गोप पत्नी 3. ब्रज की स्त्रियाँ जो कृष्ण से प्रेम करती थीं 4. छिपने वाली 5. सारिवा नामक औषधि।




### वर्ग पहेली -117 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 गु | लें | दा | ■ | ■ | 2 दो |
| ■ | ■ | ■ | 3 फ़ा | ■ | ल |
| ■ | 4 सँ | ड़ | सी | ■ | त |
| 5 खी | ■ | ■ | वा | ■ | ■ |
| स | ■ | 6 नं | दी | मु | 7 ख |
| ना | ■ | ■ | ■ | ■ | टा |
| ■ | 8 ख़ु | द | सि | ता | ई |

## सुडोकू -31

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 4 | | 7 | 3 |
| | | | 2 | | 5 | | | 9 |
| 9 | | | | | | 2 | | 8 |
| | 4 | | 5 | 7 | | | | 2 |
| | 2 | | 3 | | 9 | | 5 | |
| 3 | | | | 8 | 2 | | 6 | |
| 5 | | 6 | | | | | | 1 |
| 4 | | | 1 | | 3 | | | |
| 7 | 1 | | 9 | | | 4 | | |

### सुडोकू -30 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 | 2 | 4 | 1 |
| 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 4 | 3 | 7 | 9 |
| 4 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 2 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 7 | 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 |
| 2 | 3 | 4 | 6 | 5 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 08.42 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 05.27 तक तत्पश्चात कृतिका 3 जुलाई 4.40 तक।

**मेष** – आज आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। अविवाहित लोगों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपको सहकर्मियों से प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा।

**वृष** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। किन्तु परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके अनुकूल हो जायेंगी। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है।

**मिथुन** – आज निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी कार्य क्षमता में वृद्धि होगी।

**कर्क** – आज आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनंद उठायेंगे।

**सिंह** – आज आप दूसरों का उपकार करने की सोचेंगे। लेकिन लोग आपका आभार व्यक्त नहीं करेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

**कन्या** – आज अपने हित शत्रुओं से सावधान रहें। चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है।

**तुला** – आज अपने हित शत्रुओं से सावधान रहें। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम के समय मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी शानदार रहेगा।

**धनु** – आज अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे। कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**मकर** – आज दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। नए व्यावसायिक सम्पर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – आज किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित होंगे। आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है।

**मीन** – आज किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं तो इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है। आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। शाम के समय आप काफी हल्का महसूस करेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
होते होते प्यार हो गया – सुबह : 11.47
सोचा न था – शाम : 05.40

&pictures
ग्रेट ग्रैंड मस्ती – सुबह : 11.16
लगान – रात : 07.30

SONY PIX
द सोशल नेटवर्क – सुबह : 07.25
गॉडजिला – रात : 09.00

ZEE CINEMA
काली का करिश्मा – दोपहर : 12.01
डी ब्लॉक – रात : 08.00

colors CINEPLEX
हम तुमपे मरते हैं – सुबह : 08.18
बुड्ढा होगा तेरा बाप – रात : 09.01

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मोटू- आखिर आज पता चल ही गया कि पत्नी को बेगम क्यों कहते हैं...
क्योंकि शादी के बाद पत्नी बे, गम हो जाती है और सारे गम पति के हिस्से में चले जाते हैं।

पति- क्या तुम जानती हो दुनिया में सबसे ज्यादा शरीफ कौन है?
पत्नी- दुनिया में सिर्फ वही लोग शरीफ हैं।
जिनके मोबाइल में पासवर्ड नहीं है।

लड़की ने प्यार से लड़के के सीने पर अपना सर रखा और बोली- जानू, आपका दिल कितना कुरकुरा है।
लड़का - अरे पगली, दिल कुरकुरा नहीं है, जेब में बीड़ी का बंडल पड़ा है।

लालनाद् बहवो दोषास्ताडनाद् बहवो गुणा: ।
तस्मात्पुत्रं च शिष्यं च ताडयेन्न तु लालयेत् ॥

अधिक लाड़ से अनेक दोष तथा अधिक ताड़न से गुण आते हैं । इसलिए पुत्र और शिष्य को लालन की नहीं ताड़न की आवश्यकता होती है ।


## संपादकीय

# आत्मनिर्भरता के तहत

आज वैश्विक समीकरण बदल रहे हैं। वर्तमान दौर की लड़ाईंयां नया रूप ले रही हैं। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद भारत की सुरक्षा चुनौतियों में से एक है। आने वाले दिनों में जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पाकिस्तान को साधना भारत की सुरक्षा के लिए एक और चुनौती है। पाकिस्तान ने पहले ही देश के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ रखा है। इस बीच थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। भारतीय सेना आत्मनिर्भरता के जरिए अपनी क्षमता विकास और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे। वास्तव में देश को न केवल इस दिशा में अग्रसर रहने की ज़रूरत है बल्कि सैनिकों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर युद्ध पद्धति और रणनीति को बेहतर करने की जरूरत है। भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारत को स्वदेशी क्षमताएं विकसित करने की आवश्यकता है। क्योंकि युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर और सूचना प्रणालियों जैसे नए क्षेत्रों में विकसित हो चुका है। ऐसे में युद्ध प्रणालियों में प्रौद्योगिकी के समावेश और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने की अनिवार्यता है।

आज भारतीय सेना आधुनिकीकरण के पथ पर अग्रसर है। उस दिशा में आत्मनिर्भरता को हासिल करने के लिए सेना पूरी तरह से तैयार है। क्योंकि महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए आयात पर निर्भर होने से विशिष्ट क्षेत्रों में पीछे रह जाने का जोखिम है। थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा भी है कि वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे। भारतीय सेना का आत्मनिर्भरता के तहत आधुनिकीकरण करना और तीनों सेनाओं का तालमेल उनकी प्राथमिकता में शामिल है। आत्मनिर्भर होने, स्वदेशी अनुसंधान और विकास के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने में भारतीय सेना के परिवर्तन की राह निहित है। आधुनिक, चुस्त, अनुकूलनीय, प्रौद्योगिकी सक्षम और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए तैयार सेना को आकार देने के प्रयास उसी दिशा में उठाए गए कदमों का हिस्सा है। महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रहित की सुरक्षा से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा। आज देश चीन और पाकिस्तान द्वारा पेश की गई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर सकता है।

# आहार और पाकशास्त्र में हमारे सूत्रधारों का उपकार कर्म



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारतीय आहारों या पकवानों के पोषण मान और किस्म ऐसी है, जो मनुष्य में मेटाबोलिक डिजीजेज को या तो उभरने नहीं देते या इनके विकास को विलंबित करके रखते हैं। देसी पकवानों की बायो-केमिस्ट्री बिल्कुल अलग तरीके की होती है, जिसके सुरक्षित होने की गारंटी केवल यही है कि ये ताजा बने हों ।

भारत की आहार परंपरा अद्भुत है, लेकिन अफसोस कि अज्ञान या आंशिक जानकारी के चलते हम इसका इस्तेमाल पूरी क्षमता से नहीं कर पा रहे हैं और पोषण जन्य अनेक व्याधियों से खुद के शरीर को प्रताड़ित होने देते हैं या बीमार हो जाते हैं।

भारत की आहार परंपरा अद्भुत है,लेकिन अफसोस कि अज्ञान या आंशिक जानकारी के चलते हम इसका इस्तेमाल पूरी क्षमता से नहीं कर पा रहे हैं और पोषण जन्य अनेक व्याधियों से खुद के शरीर को प्रताड़ित होने देते हैं या बीमार हो जाते हैं। 'लाइफ-स्टाइल डीजीजेज' अर्थात् व्यवहार जन्य रोगों और आहार जन्य विकारों पर क्या हमारे प्राचीन और मध्यकालीन मनीषी चुप रहे? अगर ऐसा होता तो पाकशास्त्र के भारतीय ग्रंथों में आयुर्वेद के संदर्भ न मिलते! विज्ञान के मनुष्य के मेटाबोलिक सिस्टम के हिसाब से देखें तो इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के मुकाबले में हमारे स्ट्रीट-फूड्स कहीं बेहतर हैं, बशर्ते इन्हें तैयार करने वाले और परोसने वाले स्थान स्वच्छ हैं और शुद्ध खाद्य सामग्री का इनमें इस्तेमाल किया गया है। भारतीय आहारों या पकवानों के पोषण मान और किस्म ऐसी है, जो मनुष्य में मेटाबोलिक डिजीजेज को या तो उभरने नहीं देते या इनके विकास को विलंबित करके रखते हैं। देसी पकवानों की बायो-केमिस्ट्री बिल्कुल अलग तरीके की होती है, जिसके सुरक्षित होने की गारंटी केवल यही है कि ये ताजा बने हों और अल्पाहार समझ कर लिए जाए। उदाहरण के लिए ख्यात जर्नल फार्माकोग्नॉसी रिव्यु के सनन 2017 के अंक में प्रकाशित 'ए कॉम्प्रेहेंसिव रिव्यु ऑनरसम-ए साउथ इंडियन ट्रेडिशनल फंक्शनल फूड' के बारे में बताया गया है कि इसमें प्रोबायोटिक्स, प्रीबायोटिक्स (एक प्रकार से दही से बनी हुई छाछ समान गुणधर्म वाला तरल खाद्य), ओमेगा-3-पॉलीअन्सेच्युरेटेड फैटी एसिड्स, कांजुगेटेड लिनोलीक एसिड, प्लांट एंटीऑक्सीडेंट्स, एकाधिक विटामिन और खनिज,न्यूनाधिक मात्रा में प्रोटीन, पेप्टाइड्सऔर एमिनो-एसिड्स के अलावा फोस्फोलिपिड्स की मौजूदगी होती है। अब भला दुनिया के किस एक ही पकवान में इतनी संख्या में पोषक तत्व मौजूद हो सकते हैं। उत्तर भारत में जिस प्रकार से आयुर्वेद का बोलबाला है इसी प्रकार भारत के दक्षिणी प्रांतों, खासतौर से केरल और तमिलनाडु, में पारंपरिक भारतीय आयुर्वैज्ञानिक प्रणाली का नाम 'सिद्ध' है। ऐसी समृद्ध परंपराओं की मौजूदगी में विदेशी पकवानों के पीछे भागना अनुचित प्रतीत होता है।

खान-पान और इन्हें तैयार करने की विधियों का जो संकलन अनुसंधान और अनुभव आधारित हैं,उसे हमारे मनीषियों ने आयुर्वेद में दिया है। इस प्रयोगात्मक और वैज्ञानिक जानकारी देखकर अनेक बार मुझे ही नहीं, बल्कि आधुनिक विधियों से फूड साइंस में काम करने वाले शोधकर्मियों को भी चकित होना पड़ता है। इसे हमारी दादी-नानी के समृति में स्थानी रूप से रोपित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह एक परंपरा के रूप में अनादिकाल काल तक हमारी दिनचर्या का हिस्सा कैसे बन सकती है? हमारे विद्वज्जनों ने इस परंपरा के रूप में विकसित करने के लिए क्या तौर-तरीके अपनाए होंगें? इनके मूल पाठ संस्कृत और तमिल में हैं, लेकिन विद्वज्जनों ने टीका सहित इसका अनुवाद मुझे समझ में आने वाली हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में भी सुलभ कराया है। पंडित वामचरण भट्टाचार्य द्वारा पुनर्प्रस्तुत पाकदर्पणं के संस्कृत टेक्स्ट पर आधारित हिंदी टीका सन् 2006 में डॉ. इन्द्रदेव त्रिपाठी ने चौखंभा पब्लिकेशंस की मार्फत प्रकाशित करवाई।

आयुर्वेद में खाद्य सामग्री के स्रोत की शुचिता और विविधता, इसे प्रोसेस करने के तरीके और इसके सेवन के अलावा विभिन्न तरह से तैयार किए गए खाद्य पदार्थों के संरक्षण और स्टोरेज के बारे सूक्ष्म स्तर तक विस्तार से जानकारी दी गई है। साथ ही विभिन्न व्यंजनों, औषधीय खाद्यों और इनके थेराप्यूटिक गुणों की जानकारी भी दर्ज की गई है।

उत्कृष्ट और आश्चर्यजनक हैं पकवानों के वे अनेक नाम-शब्द जिनका अन्वेषण आयुर्वेदाचार्यों ने किया, क्योंकि भाषा विज्ञान की दृष्टि से सर्वथा उपयुक्त हैं, अर्थात 'प्रिसायिज' अर्थ प्रेषित करते हैं। इन शब्दों की संरचना को जानकर भाषाविदों के कौशल के प्रति भी हमें नतमस्तक होने की जरूरत है। खाद्य और पोषण विज्ञान (द साइंस ऑफ फूड, फूड टेक्नोलॉजी एंड न्यूट्रीशन) के ख्यात जर्नल्स में पारंपरिक भारतीय भोज्य पदार्थ, घरेलू भोजन एवं अन्य प्रकार के आहार के बारे में अन्योन्य प्रकार से प्रयोगात्मक, प्रबंधात्मक और निबंधात्मक जानकारी का प्रकाशन हुआ है। मेटाबॉलिज्म के पैमाने पर हम अपने पकवानों को श्रेष्ठ कह सकते हैं तो इसमें रत्तीभर संदेह नहीं होना चाहिए? भारतीय प्राचीन पाकशास्त्रों -जैसे कि रसमंजरी, पाकदर्पणम, सूपशास्त्र, भोजन कौतूहलं, क्षेम कौतूहलं के अलावा के.टी. अचाया की दो पुस्तकें 'ए हिस्टोरिकल डिक्शनरी ऑफ इंडियन फूड' और 'इंडियन फूड ए हिस्टोरिकल कम्पैनियन' पर जो दो-तीन शानदार पुस्तकें (ट्रीटाईजेज अर्थात्व प्रबंध ग्रंथ) उपलब्ध हैं उनके अध्ययन से जाहिर होता है कि सामग्री का चुनाव,किस के साथ किसका मेल सर्वथा उचित है और इन्हें बनाने की सहज-सर्वश्रेष्ठ तकनीक के अलावा परोसने के तरीके क्या होने चाहिए, इस बारे में विस्तार से निर्देश दिए गए हैं। हमारे मनीषियों ने भोजन को प्रोसेस करने और पाक-गृह (किचन) में भोजन तैयार करने वाले रसोइए (शेफ) और परोसने वालों (बीयरर या बॉय) के लिए भी कुछेक हिदायतें दी हैं। आयुर्वेद के अलावा यूनानी और तिब्बिया सिस्टम्स में भी खाने-पीने के बारे में अच्छी मालूमात दर्ज हैं। सिर्फ इतना भर नहीं,बल्कि किस लकड़ी की कितना तीव्र आंच, चूल्हे के डिजाइन और धातु-अधातु के बर्तन और मृद्भांड कैसे हो, कितने आमाप के हों आदि पर भी उक्त ग्रंथों में विस्तार से लिखा गया है। उदाहरण के लिए दक्षिण भारत में परंपरा के तौर पर विवाह के एक उपहारों में से जस्ता धातु के आधिक्य मिश्रण वाली हांडी दिए जाने की परंपरा है,जिसमें सांभर पकाया जाता है। यह धातु सांभर पकाते समय सूक्ष्म मात्रा में बर्तन से विलग होकर सांभर में मिल जाती है और टॉक्सिक होने की बजाय पोषण प्रदान करती है। कालोनियल भारत में ब्रिटिश इंडियन आर्मी के अफसरों को यूरोपियन और भारतीय सैनिकों के लिए पोषक आहार चुनने के लिए भारतीय खाद्य पदार्थों में से ही चुनाव करना होता था। उन सबको भारतीय तरीके से बनाया गया भोजन पसंद नहीं था और उन्हें यह भी मालूम था कि भारतीय लोग या तो अतिपोषित रहते हैं या कुपोषित। इन्हें संतुलित आहार के बारे में कुछ नहीं मालूम, क्योंकि पाकशास्त्र के ग्रंथ और आयुर्वेद की रचनाओं में पोषक तत्वों की जानकारी उस तरीके से दर्ज नहीं हुई थी जिस तरीके से मॉडर्न केमिस्ट्री और बायो-केमिस्ट्री के हिसाब से इसे समझा जा सकता था। इसी प्रसंग में भारत में पोषणाहार की कमी से उपजी बेरी-बेरी, मराजमस और प्रोटीन केलरी कुपोषण जैसी शारीरिक विकृतियों की ओर मेजर (डॉ) रॉबर्ट मैक्कैरिसन का ध्यान गया। वे सन्न 1911 में मद्रास आर्टिलरी में रहकर कुनूर (तमिलनाडु) में नियुक्त थे। यहां रहकर डॉ. मैक्कैरिसन ने 'न्यूट्रीशन रिसर्च लेबोरेट्रीज' की स्थापना की और काम शुरू किया। उक्त बीमारियों पर काम करने के साथ-साथ इन्हें भारतीय खाद्य पदार्थों में मौजूद अनेक पोषक तत्वों और इनके पोषक मान का पता लगाने के लिए अपने साथी डॉ.आयक्रायड को कहा तो कुछ ही समय बाद 'न्यूट्रीटिव वैल्यू ऑफ इंडियन फूड्स' नामक किताब का जन्म हुआ। सन 1911 में कुनूर में स्थापित वह छोटी सी रिसर्च लेबोरेट्री अब नेशनल इंस्टीट्यूशन ऑफ न्यूट्रीशन के रूप में हैदराबाद में 60 साल से अधिक समय से काम कर रही है। इस रिसर्च लेबोरेट्री के निदेशक पद पर रहते हुए डॉ. पटवर्द्धन जैसे नामी पोषण विज्ञानियों ने भारतीय पोषण और विज्ञान के इतिहास पर शानदार किताब लिखी। हमारे पाकशास्त्र ग्रंथों पर विदेशियों की शुरू से नजर रही है, खासतौर से ब्रिटिश और अमरीकनों की। इतिहास संकलन के नजरिए से मैं यह देखकर चकित हूं कि अमेरिका की लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस में सन्ल 1907 में पुनर्प्रकाशित 'रसमंजरी' की प्रति मौजूद है। उनके संग्रह में सन्न 1991 में इसका पहुंचना बड़ी बात नहीं है। 'साउथ एशियन रेट्रोस्पेक्टिव मैटीरियल' के खाते में यह उनके रेकॉर्ड में दर्ज की गई है। रसमंजरी का संकलन और लेखन कार्य वैद्यनाथन शालीनाथ ने और 'मिश्र'-कुल अग्रगण्य पंडित नारायण प्रसाद मुकुन्दराम, बांस बरेली (अब बरेली) तथा लखीमपुर निवासी ने इस पर टीका तैयार की।

## प्रसंगवश

# सबसे बड़ा रोना अकल का है

अब अकल ज्यादा हो तो अजीर्ण हो जाता है उसका। नगदऊ खनखनाये बिना नहीं मानते। अक्लमंदी अपच जैसी होती है। पेट फूलता है इससे। बंदा चाहता है कि सबको पता चल जाए कि वो अकलमंद है। फौरन पता चले और लोग उसकी अकल का लोहा माने। ऐसे में लोगों से पंगा लेते फिरता है।

सौ में से नब्बे यही सुनते सुनते बड़े होते हैं कि बेवकूफ हो? अकल नहीं है? अब दिक़्क़त यही है कि यदि नहीं है तो कहां से लाएं? अकल कोई धनिया तो है नहीं कि दौड़े और नुक्कड़ पर लगी दुकान से ख़रीद लाएं। अकल का कोटा ऊपर वाला रिलीज़ करता है। किसी को देता है तो छप्पर फाड़ देता है, किसी को थोड़ी बहुत कंजूसी से दे देता है और किसी को नहीं देता तो छदाम भर भी नहीं देता। इससे ये नतीजा तो फौरन निकाला जा सकता है कि भगवान जो भी है वो कम्युनिस्ट तो हरगिज़ नहीं है।

पर जैसा ज़माना है आजकल, उसके हिसाब से अकलमंद होना खतरनाक हो चुका। अकल होगी तो आप सोचेंगे विचारेंगे। लोगों से उलझेंगे। अकेले पड़ेंगे और अपनी हंसी उडवा लेंगे। जबकि बेवकूफ होकर पैदा होना फ़ायदे का सौदा है और अकल तलाशना तो हरगिज़ अक्लमंदी का काम नहीं है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

अब अकल ज्यादा हो तो अजीर्ण हो जाता है उसका। नगदऊ खनखनाये बिना नहीं मानते। अक्लमंदी अपच जैसी होती है। पेट फूलता है इससे। बंदा चाहता है कि सबको पता चल जाए कि वो अकलमंद है। फौरन पता चले और लोग उसकी अकल का लोहा माने। ऐसे में लोगों से पंगा लेते फिरता है। पर इसके अपने ख़तरे है। अक्लमंद हमेशा अल्पमत में होता है इसलिए बहुत बार हाथ पांव से मज़बूत बेअकल लोगों से पिट जाता है।

बेअक्ली हमेशा से बहुमत में होती आई है इसलिए वो राज करती है और अकलमंद उसकी चाकरी करते है। बेवकूफी में सबसे बढ़िया बात ये है कि वो खुद को अकलमंद समझता है और सारे अकलमंद उसे बेवकूफ लगते है। अक्लमंदी के उलट बेवक़ूफ़ी जताने में मेहनत भी नहीं करनी पड़ती। अक्लमंदी सरकारी नल की तरह होती है जबकि बेबकूफी पहाड़ी झरने की तरह बहती है। वो खुद अपना परिचय है। और सामने वाले का मन हो या ना हो उसे नहलाये बिना नहीं मानती।

अकलमंद को अपनी बुद्धि मे हमेशा धार लगाते रहना पड़ता है। पढ़ना लिखना पड़ता है। अपने जैसे लोगों की संगत करना पड़ती है जो कि मुश्किल से मिलते हैं। बेवकूफी में ऐसी फालतू की कवायद की कोई झंझट ही नहीं होती। उसे अपने जैसे हज़ार मिल जाते हैं। अकलमंद बहस करता है, हमेशा असहमत, बेचैन और कुड़कुड़ा बना रहता है। अपनी-अपनी चलाना और अपनी ही मनवाना चाहता है। और ऐसी हरकतों से अपने गिने चुने दोस्तों से भी हाथ धो बैठता है। अकेला हो जाता है जबकि बेवकूफ एक दूसरे से बहुत जल्दी सहमत हो जाते है। आशावादी होते हैं वो। हमेशा ख़ुश रहते है। एक दूसरे के गले में हाथ डालते है। ज़बर्दस्त एका होता है उनमें और जब भी कोई अकलमंद उनसे टकरा जाये तो सारे मिलकर उसे कूट देते हैं।

अकल से हासिल भी क्या है? ज़माने भर की बेगारी। किसी अनपढ़ सेठ की मुनीमी, किसी डूबते बैंक की क्लर्की या किसी प्राईवेट स्कूल की मास्टरी। अकल वाले ज़िंदगी भर यही सोच सोच कर कलपते रहते हैं कि उन्हें वो पोज़ीशन हासिल नहीं हुई जिसके वो हक़दार थे।

अकल के साथ सबसे बड़ा रोना यही है कि यदि वो आपके हिस्से में आ गई है तो आप उससे पीछा नहीं छुड़ा सकते। वो आपसे नदी में बहते कंबल की तरह चिपट जाती है और मौक़े बेमौके पर आपको बेइज्जत करवाए बिना मानती नही।

ऐसे में यदि आपको कोई अकलमंद या बुद्धिजीवी कहे तो ज्यादा फूलने की ज़रूरत है नहीं। हो सकता है वो आपका मज़ाक़ उड़ा रहा हो। आपको दया करने लायक़ समझ रहा हो। या आपको कूटने की फ़िराक़ में हो।

# वायु प्रदूषण के कारण पृथ्वी से खत्म हो जाएंगे कीट



सीमा अग्रवाल
मेरठ

शोधकर्ताओं के अनुसार प्रदूषण कीटों के एंटीना को प्रभावित करता है और मस्तिष्क को भेजे जाने वाले गंध संबंधी विद्युत संकेतों की शक्ति को कम कर देता है।

वायु प्रदूषण केवल इंसान को प्रभावित कर रहा है ऐसा नहीं है। जहरीली गैसों का बुरा असर पूरी जैव विविधिता के खात्मे पर तुला है। इस कड़ी में वो सूक्ष्म कीट भी शामिल हैं जो हमें अक्सर हवा में उड़ते दिखते हैं। ये सूक्ष्म कीट कचरे का विघटन, मानव जीवन, फसलीय चक्रीकरण के लिए बेहद जरूरी हैं। इनकी अहमियत मानव जीवन में प्रत्यक्ष तौर पर नजर नहीं आती। लेकिन अप्रत्क्ष रूप से ये कीट इंसान को हर स्तर पर प्रभावित करते हैं। वायुमंडल में चढ़ती प्रदूषण की मोटी परत से इन कीटों के भोजन तलाशने से लेकर साथी से मिलन, संतति निर्माण और विकास की प्रक्रिया प्रदूषण के कारण नष्ट हो चुकी है। कीटों के सूचना तंत्र को धुएं और गैसों ने डिस्टर्ब कर उन्हें रास्ते से भटका दिया है।

हालिया शोधों के मुताबिक कीटों की घटती आबादी के लिए प्रदूषण के साथ शहरीकरण, कृषि क्षेत्र में बढ़ता कीटनाशकों का उपयोग और जलवायु परिवर्तन जैसी वजह जिम्मेदार हैं। प्रदूषण न केवल शहरों के आस-पास बल्कि दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में भी इनकी आबादी को प्रभावित कर रहा है। शोध से पता चला कि प्रदूषण के चलते आने वाले कुछ दशकों में दुनिया के 40 फीसदी कीट खत्म हो जाएंगे। धुआं, धूल, धुंध, पीएम के कण कीटों के एंटीना और रिसेप्टर्स पर बहुत बुरा असर डाल रहे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न, बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं के अध्ययन में कीटों पर प्रदूषण का असर अनुमान से कहीं ज्यादा निकला है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा तय मानक के अनुसार वार्षिक औसत से ज्यादा हैं।

खेतों, बगीचों में उड़ते कीटों का मुख्य काम परागण होता है। ये फसलों, फूलों को परागित कर नए बीजों का संवर्द्धन करते हैं। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) द्वारा संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए जारी की जाने वाली रेड लिस्ट में कीटों की सिर्फ आठ फीसदी प्रजातियां ही शामिल हैं। एक अन्य अध्ययन के मुताबिक 1990 के बाद से कीटों की आबादी में करीब 25 फीसदी की कमी आई है, अनुमान है कि यह कीट हर दशक में करीब नौ फीसदी की दर से कम हो रहे हैं।


शोधकर्ताओं के अनुसार प्रदूषण कीटों के एंटीना को प्रभावित करता है और मस्तिष्क को भेजे जाने वाले गंध संबंधी विद्युत संकेतों की शक्ति को कम कर देता है। कीटों की एंटीना में गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स होते हैं, जो आहार, स्रोत, संभावित साथी और अंडे देने के लिए एक अच्छी जगह खोजने में मदद करते हैं। ऐसे में यदि किसी कीट के एंटीना पार्टिकुलेट मैटर से ढके होते हैं तो उससे एक भौतिक अवरोध उत्पन्न हो जाता है। यह गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स और हवा में मौजूद गंध के अणुओं के बीच होने वाले संपर्क को रोकता है। जीवाश्म ईंधन के दहन से निकलने वाले पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) में ज़हरीले भारी धातु और कार्बनिक पदार्थ शामिल हैं। ये सांस के ज़रिए शरीर में जाने वाले कण होते हैं जो इतने छोटे होते हैं कि उन्हें नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता। बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया डेविस विश्वविद्यालय की टीम ने बीजिंग के हैडियन जिले से एकत्रित घरेलू मक्खियों का अध्ययन उस समय किया जब वायु गुणवत्ता सूचकांक का उपयोग करके वायु गुणवत्ता को निम्न, मध्यम या उच्च आंका गया था। प्रदूषण के बड़े कण आपकी आंखों और नाक में जलन पैदा कर सकते हैं, जबकि बहुत छोटे कण फेफड़ों में गहराई तक जा सकते हैं। बाद वाले कण हमारे लिए ज्यादा हानिकारक होते हैं और कीड़ों के एंटीना पर जमा हो सकते हैं।

एंटीना पर प्रदूषक तत्वों के जमने के कारण कीटों का सूचना तंत्र काम करना बंद कर देता है। आपस में संदेशों का आदान, प्रदान नहीं कर पाते। भोजन, अपने साथी को खोजना या अपने ठिकानों को तलाश करने की उनकी शक्ति क्षीण हो जाती है। उनके एंटिना काम करना बंद कर देते हैं और कीट एक जिंदा लाश बन जाता है। जो समय से पहले मर जाता है। कीटों की सिग्नलिंग प्रणाली डिस्टर्ब हो जाती है। नाइट्रस ऑक्साइड या ओजोन जैसे गैसीय वायु प्रदूषकों की तुलना में कणीय पदार्थों का संपर्क कीटों और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अधिक खतरनाक हो सकता है। इंसान को यह समझना होगा कि ये नन्हें कीट, तितलियां, फ्लाइज हमारे पारिस्थितिकी तंत्र में कीटों और बीमारियों के नियमन, परागण और पोषक चक्रण के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें से सभी के लिए रासायनिक संकेतों का प्रभावी पता लगाना आवश्यक है।

## सोशल फोरम

# व्यक्ति सापेक्ष कुछ सत्य नहीं

दुनिया में जितने भी तथाकथित भगवान हैं, वे सभी मनुष्य की कल्पना की उपज हैं। इन्हें मनुष्यों ने गढ़ा है। इसीलिए मनुष्य के अलावा दुनिया के किसी अन्य जीव के पास कोई भगवान नहीं है। दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों की प्राकृतिक परिस्थियां एक-जैसी नहीं हैं, उनमें भिन्नता के कारण वहां के निवासियों की सभ्यताएं और संस्कृतियां भी भिन्न हैं। उनके विचार अलग हैं और विचारों के अलग होने के कारण उनके भगवान संबंधी विचार भी भिन्न हैं। भले ही यह भिन्नता बहुत सूक्ष्म हो।



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

सच तो यह है कि एक ही संस्कृति के दो व्यक्तियों के भगवान संबंधी विचार भी एक-जैसे नहीं हो सकते। अपने विचारों में व्यक्ति अभिव्यक्त होता है। प्रत्येक व्यक्ति के भगवान में उसका ख़ुद का व्यक्तित्व झलकता रहता है। विचारों के व्यक्ति सापेक्ष होने के कारण ही दुनिया में एक ही धर्म या मत के मानने वालों में भी असंख्य मत-मतांतर हैं, संप्रदाय और समूह हैं। यह अंतर कई बार इतना प्रगाढ़ होता है कि एक ही धर्म के मानने वाले दो समूह एक-दूसरे के शत्रुता के स्तर तक विरोधी होते हैं।

केवल अपने धर्म को सत्य और निरपेक्ष मानना व्यक्ति की गलत समझ का परिणाम है। व्यक्ति सापेक्ष कोई भी चीज़ सत्य और निरपेक्ष नहीं हो सकती। सभी मनुष्यों के लिए जो एक-जैसी है, वही सत्य और निरपेक्ष है। भगवान संबंधी विचार इसीलिए सत्य और निरपेक्ष नहीं हैं, क्योंकि सभी मनुष्यों के भगवान संबंधी विचार भिन्न-भिन्न हैं।

वास्तव में मानव के विचारों से पूरी तरह स्वतंत्र और अप्रभावित हवा, पानी, सूर्य, आदि तत्व ही निरपेक्ष हैं। निरपेक्ष वही हो सकता है जो हवा, पानी, सूर्य, आदि की तरह समस्त मानवता के लिए एक-जैसा हो।

व्यक्ति के विचार सापेक्ष होते हैं, वे निरपेक्ष नहीं हो सकते। इस सामान्य तथ्य को भूलना ही व्यक्ति को असहिष्णु बनाता है। असहिष्णुता का उत्स मनुष्य की इसी प्रवृत्ति में है। व्यक्ति की असहिष्णुता उसके असभ्य और असामाजिक होने का प्रमाण है।

-फेसबुक वॉल से

# सरकार चुनने में जन मनोभावों की भूमिका

सरकारों को चुनने की प्रक्रिया में सामान्य जन मनोभावों या अनुभूति (परसेप्शन) की बड़ी भूमिका है। इन दिनों जैसा माहौल बन रहा है वह निश्चित रुप से वर्तमान सरकार के अनुकूल नहीं है। राज्यों में बड़े निर्माण कार्य चाहे किसी भी दल की सरकारों द्वारा कराए गए हों लेकिन इन दिनों अनेक पुलों के धराशायी होते जाने, कई प्रदेशों के एअरपोर्ट के क्षतिग्रस्त होने की लगातार आ रही खबरें वर्तमान सरकार के विरुद्ध ही जनमत तैयार कर रही है। क्या निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता या कमीशनखोरी हुई है? जनभावना तो ऐसी ही बन रही है और विपक्षी दल इसे हवा दे रहे हैं।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

नए-नए बने रामपथ का कई जगहों पर ध्वस्त हो जाना तो सचमुच विचलित करता है। विरोधी पार्टियां मुखर होकर कह रही हैं कि इन सारे कामों का उद्घाटन सामान्य निर्वाचन के पूर्व कराये जाने की जल्दीबाजी थी। इसलिए निर्माण कार्य घटिया स्तर का हुआ और इन आरोपों का आश्वस्तिदायक और प्रभावी खंडन रुलिंग पार्टी द्वारा नहीं हो रहा है। विरोधी दलों द्वारा कुछ ऐसा हौवा खड़ा किया जा रहा है जैसा संविधान को बदलने या आरक्षण को खत्म कर देने की अफवाहों का हुआ था और एक बड़ा मतदाता समूह इन्हें सच मान बैठा था। समाजवादी पार्टी के मुखिया अभी भी आरक्षण वाली ढोल पीटे जा रहे हैं और उन्हें माकूल जवाब नहीं दिया जा पा रहा है जिससे आम जनता का भ्रम निवारण हो सके। न जीत न हार के पश्चात आम जनों के बीच जाकर उनका विश्वास जीतना तो जैसा भाजपा नेताओं के डीएनए में ही नहीं है। फिर सब अंतर्धान हो गए हैं।

हमारे गांव के कुछ वंचित तबके के लोग जो रोजी-रोटी के लिए मुंबई, कोलकाता और बंगलौर आदि शहरों में रह रहे हैं उनको अपने राशन कार्ड की सुविधा जारी रखने के लिए केवाईसी के लिए वापस मूल स्थानों पर लौटने के लिए विवश किया जा रहा है । जबकि किसी भी लाभार्थी को राशन की निर्धारित सुविधा कहीं भी प्राप्त करना अनुमन्य है तो फिर आज की डिजिटल तकनीकों से क्यों नहीं उनकी केवाईसी वहीं हो सकती है, जहां वे मौजूदा रुप से रह रहे हैं? एक यह भी मुद्दा तेजी से उभर रहा है जिसका समय रहते समाधान जरुरी है। अन्यथा भाजपा का एक बड़ा 'लाभार्थी वोटर समूह' भी असंतुष्ट हो जाएगा ।

छुट्टा गोवंश और नीलगायों से निरंतर किसानों की फसलों की बर्बादी का मुद्दा जस का तस है। अब किसान बिचारे भरे मन से इसे अपनी नियति मान लिए हैं। जिस गति से नव निर्मित सड़कें और निर्मित संरचनाएं ध्वस्त हो रही हैं कई 'मिस्टर क्लीन' छवि वाले जनप्रतिनिधि भी शंकाओं के दायरे में आ रहे हैं। मात्र अभियंताओं पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। निर्माण के उत्तरदायी तो संबंधित ठेके लेने वाली कंपनियां और विभागों के मंत्रीगण भी तो हैं। कम से कम उन पर भी जांच बैठाकर सरकार की निष्पक्षता दिखाई जा सकती है। और निरंतर बढ़ती जा रही इस अफवाह (या सच्चाई?) कि ज्यादातर ठेके गुजरात की कार्यदाई संस्थाओं को दिए गए हैं का भी सच आम जनता सुनना चाह रही है। कोई बताएगा? संतुष्टिदायक विवरण चाहिए।

अब नए चुनावों का सिलसिला शुरु हो रहा है। उपचुनावों को भी आगामी विधानसभा चुनावों का मापदंड/ संकेतक निश्चित तौर पर माना जाएगा। सत्तारुढ़ दल के समर्थक मतदाता खिन्न हैं कि सरकारें वह तत्परता अभी भी नहीं दिखा रहीं जिनसे अभी संपन्न चुनाव में उन्हें धक्का लगा है। जो सामान्य 'परसेप्शन' बन रहा है वह रुलिंग पार्टी के पक्ष में नहीं है।

# ये बारिश का पानी

कुछ ही दिनों की बात है कि प्रचंड गर्मी से उबरने के लिए देश बारिश की दुआएं मांग रहा था। अभी मानसून की बारिश शुरु ही हुई है कि देश के कई-कई शहरों के डूबने की ख़बरें आने लगी है। आने वाले दिनों में मीडिया ऐसी खबरों से भरी रहने वाली है। कुछ ही दशकों पहले के दिन याद करिए जब बरसात की बारिश शुरू होती थी तो कई-कई दिनों तक रुकने का नाम नहीं लेती थी। सड़क और खेत सब पानी-पानी।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

बारिश या बाढ़ का पानी घरों में घुस गया तब भी बदहवासी नहीं। घुटने भर पानी में छप्पा-छप्पा खेल लिया या कागज़ की कश्ती चला ली। तब प्रकृति का सहज स्वीकार हुआ करता था। बारिश और बाढ़ का पानी अपने में समेट लेने के लिए तब हर गांव-शहर में बड़े-बड़े तालाब और जलाशय भी होते थे और गहरे-गहरे कुएं भी। पानी आया भी तो कुछ ही देर या कुछ ही दिनों में उतर जाता था। प्रकृति-चक्र तेजी से बदला है। वैसी बारिश अब नहीं होती है। शहरों और गांवों में आधे घंटे की बारिश हुई नहीं कि हाहाकार मच जाता है। बारिश अब आनंद का नहीं, आफत का सबब हो चला है। प्रकृति से लड़ते-लड़ते प्रकृति से कितने दूर होते चले गए हैं हम ?

सृष्टि यदि है तो बारिश भी होगी। नदियां हैं तो बाढ़ भी आएंगी। बारिश या बाढ़ अपने साथ पृथ्वी को नए सिरे से गढ़ने का संकल्प लेकर आती हैं। योजनाविहीन शहरों-गांवों के निर्माण, जल-निकासी की कुव्यवस्था, कंक्रीट के जंगल उगाने के लिए असंख्य तालाबों, जलाशयों और कुओं की हत्या और नदियों पर असंख्य डैम और बांध बनाकर हमने प्रकृति के साथ जैसे युद्ध छेड़ा हुआ है। प्रकृति के साथ हमारा ऐसा ही सलूक जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे डूब मरने के लिए बारिश का चुल्लू भर पानी भी पर्याप्त होगा।

## एक नजर

### अल्मोड़ा, बागेश्वर और चम्पावत में आज स्कूल बंद

**बागेश्वर।** पहाड़ों में मंगलवार को भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए अल्मोड़ा, बागेश्वर व चम्पावत जिलों में 2 जुलाई को 12 वीं तक के सभी स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र बंद रहेंगे। अल्मोड़ा डीएम विनीत तोमर, बागेश्वर डीएम अनुराधा पाल तथा चम्पावत के डीएम नवनीत पांडेय ने सभी शासकीय, अशासकीय व निजी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में 2 जुलाई मंगलवार को अवकाश घोषित किया है। मौसम विभाग ने पर्वतीय जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

### धौलछीना में महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

**धौलछीना।** गीता गणेश फाऊंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट महाराजगंज उत्तर प्रदेश की ओर से फाउंडेशन से जुड़ी महिलाओं को प्रथम स्तर की वालंटियर ट्रेनिंग दी गई। फाउंडेशन के उत्तराखंड सुपरवाइजर योगेश पांडे की ओर से धौलछीना में करीब दो दर्जन महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत वॉलंटियर महिलाएं गांव-गांव जाकर संस्था द्वारा संचालित नारी सशक्तिकरण, रोजगार सृजन, शिक्षा साक्षरता, कृषि रसायन मुक्त, स्वास्थ्य शिविर, सह भोज कार्यक्रम, बालिका एवं लाडली योजना जैसी विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देकर जागरूक करेंगे।

### गैस गोदाम सड़क का सुधारीकरण की मांग

**अल्मोड़ा :** लंबे समय से क्षतिग्रस्त गैस गोदाम लिंक मोटर मार्ग के सुधारीकरण की मांग उठने लगी है। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने एक सप्ताह के भीतर मांग पूरी नहीं होने पर अधिकारियों के घेराव की चेतावनी दी है। कर्नाटक ने कहा कि वर्षों से गैस गोदाम लिंक मोटर मार्ग बदहाली का दंश झेल रहा है। लेकिन विभागीय अधिकारी मात्र कुछ टुकड़ों का सुधारीकरण कर पल्ला झाड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह लिंक मोटर मार्ग मुख्य सड़कों में यातायात के दबाव को कम करने का कार्य करता है। लेकिन इसके बाद भी सड़क बदहाल बनी हुई है। कहा कि सड़क ठीक नहीं होने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। चेतावनी दी कि सप्ताह भर के भीतर मार्ग का सुधारीकरण कार्य शुरू नहीं होने पर अधिकारियों का घेराव होगा।

# पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग मुखर

## जिला प्रधान संगठन के बैनर तले जनप्रतिनिधियों ने कलक्ट्रेट में दिया धरना, आंदोलन करने की दी चेतावनी

**प्रदर्शन**

- एक राज्य में एक चुनाव फॉर्मूले को लागू करने की उठा रहे मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में सोमवार को कलक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन करते विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत का कार्यकाल दो साल बढ़ाने की मांग को लेकर जनप्रतिनिधि मुखर हो गए हैं। सोमवार को जिला प्रधान संगठन के बैनर तले विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने कलेक्ट्रट में धरना दिया और मामले को लेकर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

जल्द एक राज्य में एक चुनाव फॉर्मुला को लागू करने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। धरना स्थल पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि वर्ष 2019 में त्रिस्तरीय पंचायतें चुनी गई थी। कहा कि निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को कोरोना काल में दो साल तक विकास के काम करने का अवसर नहीं मिला है। इसलिए पंचायत प्रतिनिधियों को काम के लिए अतिरिक्त समय मिलने के साथ सरकार को अध्यादेश लाकर पंचायतों के दो वर्ष के कार्यकाल को बढ़ाने की कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायत एक्ट के तहत पंचायत की बैठक नहीं होने पर उसे कालखंड को पंचायत के कुल कार्यकाल में नहीं जोड़ा जा सकता। प्रदेश के 12 जिलों में पंचायत का कार्यकाल बढ़ाया जाना एक्ट के अनुरूप है।

कहा कि एक राज्य एक चुनाव के लिए पंचायत का कार्यकाल दो साल बढ़ाया जाना बेहद जरूरी है। जनप्रतिनिधियों ने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

**ये लोग रहे मौजूद**

जिलाध्यक्ष प्रधान संगठन धीरेंद्र गैलाकोटी, ब्लॉक अध्यक्ष हवालबाग देव सिंह भोजक, प्रधान उकसोना देवेंद्र सिंह मेहरा, किशन सिंह बिष्ट, इंद्र सिंह राणा, अर्जुन सिंह, किरन पिलख्वाल, भुवन चंद्र आर्य, बलवंत कुमार, हेमा देवी, गुड्डी बिष्ट, राजेंद्र सिंह नेगी, पूरन सिंह बोरा, तुलसी देवी, प्रियंका, बबीता, राजेंद्र सिंह, जगत सिंह, प्रेम सिंह, बहादुर सिंह, कैलाश चंद्र, ईश्वर प्रकाश, आशा देवी, शंकर टम्टा, दीप उपाध्याय, नरेंद्र अधिकारी, भावना कडाकोटी, संतोष चौधरी, नीम जोशी, प्रमोद जोशी, बलवंत टम्टा, दिवान सिंह मेहता, राजेंद्र लटवाल, खष्टी बल्लभ, नवीन रावत, लछि राम, वीरेंद्र सिंह, महेश कुमार, रेनू, लीला देवी, तुलसी देवी समेत विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# टैक्सी चालक के हत्यारोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- विगत दिवस अपनी ही टैक्सी में लटका मिला था मनोज का शव
- मौत से पहले मनोज ने वीडियो वायरल कर दो लोगों पर लगाया था मारपीट का आरोप



संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** भैरूचोबटटा में टैक्सी मालिक की हत्या के आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर रिमांड में भेज दिया है। बता दें कि शनिवार रात भैरूचोबटटा के टैक्सी चालक मनोज कुमार का शव उसके वाहन में लटकता मिला था। मरने से पहले मनोज ने वीडियो वायरल करके दो युवकों के नाम सार्वजनिक किए थे। जिसमें कहा था कि नवीन और नीरज ने उसके सिर पर कांच से वार किया था जिससे वह घायल हो गया है यदि उसको कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार ये दो लोग होंगे। इधर वायरल वीडियो व मृतक के भाई प्रकाश चंद्र द्वारा दी गई प्राथमिकी के आधार पर नवीन नाथ पुत्र मंगल नाथ व नीरज कुमार पुत्र जगत राम को गिरफ्तार कर लिया गया है।

कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि दोनों आरोपियों को बागेश्वर से गिरफ्तार किया गया तथा उन्हें न्यायालय में पेश करके अल्मोड़ा रिमांड पर भेज दिया गया है।

## अल्मोड़ा के गांवों में पेयजल संकट जारी

**अल्मोड़ा :** जिले के ग्रामीण इलाकों में पेयजल के लिए लोग हलकान है। पेयजल आपूर्ति नहीं होने का सबसे ज्यादा दिक्कतें ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को झेलनी पड़ रही है। लोगों का पूरा दिन आसपास के नदी धारों से पेयजल की व्यवस्था करने की जुगत में बीत रहा है। जिला मुख्यालय समेत जिले के ग्रामीण इलाकों में पिछले कई माह से पेयजल की किल्लत बनी हुई है। वहीं, पेयजल योजनाओं पूरी तरह जवाब दे चुकी है। लोगों में अब विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों ने कहा कि लंबे समय से विभाग क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं को दुरुस्त नहीं कर पा रहा है। जिससे लोगों के सामने पेयजल संकट है। हालांकि, विभाग संकटग्रस्त इलाकों में टैंकर से पानी बांट रहा है। सोमवार को संस्थान ने दौलाघट, दन्या, हवालबाग, भेटुली, बल्टा, कालीमठ, शीतलाखेत आदि इलाकों में टैंकरों से पानी बांटा।

# मां-बेटे की मौत के मामले में चालक पर मुकदमा दर्ज

- बीते दिनों लमगड़ा में वाहन से कुचलकर मां- बेटे की हो गई थी मौत
- परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने चालक पर 279 और 304-ए के तहत दर्ज किया मुकदमा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** लमगड़ा के गौलीमहर में 25 जून को पिकअप वाहन दुर्घटना में मां-बेटे की मौत मामले में स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। चालक पर 279 और 304-ए में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम बलसूना निवासी आनंद सिंह ने पुलिस में तहरीर दी। कहना है कि 25 जून को उनकी पत्नी गीता बिष्ट ने पिकअप वाहन संख्या यूके-01-सीए-1276 को घरेलू सामान और रैता लाने के लिए बुक किया था। जिसके बाद लमगड़ा से गौलीमहर की ओर से आ रहे थे। बताया कि चालक के बगल सीट में उनकी पत्नी गीता बैठी थी। जबकि गीता के गोद में उनका पांच वर्षीय पुत्र शिवांश (यश) बैठा था। बताया कि शाम करीब छह बजे गौलीमहर के पास पिकअप चालक ने वाहन को तेजी गति और लापरवाही से चला दिया। जिससे पिकअप वाहन का दरवाजा खुल गया। उनकी पत्नी और बेटा वाहन से नीचे गिर गए और वाहन के टायर की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौत हो गई। बताया कि पूरी घटना घटनास्थल के पास प्रतीक्षा में खड़े गीता बिष्ट के पिता गोविंद सिंह ने देखी है। उन्होंने पिकअप चालक गोविंद सिंह धौनी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**अल्मोड़ा :** लमगड़ा ब्लाक के एक गांव निवासी युवक ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी अनुसार लमगड़ा के नतोली गांव निवासी चंद्र पाल (35) ने रविवार देर रात घर में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन-फानन में स्वजन उसे नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने चंद्र पाल को मृत घोषित कर दिया।

चंद्र पाल की मौत से स्वजनों में कोहराम मचा है। ग्रामीणों ने बताया कि चंद्र पाल के चार बच्चे हैं। वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। एसओ राहुल राठी ने बताया कि अस्पताल से सूचना के बाद पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव स्वजनों को सौंपा दिया गया है। विषाक्त पदार्थ का सेवन करने का कारण घरेलू विवाद बताया जा रहा है।

# अल्मोड़ा में 25 पेटी शराब के साथ टैक्सी चालक गिरफ्तार

- पुलिस ने लोधिया बैरियर के पास चेकिंग अभियान के दौरान दबोचा
- बरामद शराब की कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी गई

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में पकड़ी गई शराब के साथ आरोपी तस्कर व उसकी टैक्सी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** टैक्सी नंबर की कार से शराब की तस्करी कर रहे एक टैक्सी चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपी के कब्जे से अलग-अलग ब्रांड की शराब की कुल 25 पेटियां बरामद हुई हैं। पकड़ी गई शराब की कीमत दो लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस लोधिया बैरियर के पास चेकिंग कर रही थी। हल्द्वानी से अल्मोड़ा की ओर आ रही अल्टो कार संख्या यूके 04-टीए-3071 को रोककर चैक किया तो कार चालक सकपकाने लगा। जिसके बाद पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो कार से दस पेटी मैकडावेल, पांच पेटी ब्लैंडर प्राइड, पांच पेटी रॉयल स्टैग अवैध अंग्रेजी शराब व पांच पेटी बीयर बरामद हुई। पुलिस पकड़ी गई शराब की कीमत 2 लाख 8 हजार 800 रुपये आंक रही है। पुलिस ने आरोपी कार चालक राम सिंह पुत्र गोपाल सिंह, निवासी चौमू, अल्मोड़ा के खिलाफ कोतवाली अल्मोड़ा में आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त अल्टो कार को सीज किया है।

# सभी लोगों को नये कानूनों की जानकारी होना जरूरी



चम्पावत में आयोजित कार्यशाला में मौजूद डीएम, एसपी व अन्य अधिकारी।

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

**अमृत विचार :** सोमवार से लागू तीन नये कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम) की जानकारी लोगों को देने के लिए पुलिस विभाग ने गोरलचौड़ ओडिटोरिम में कार्यशाला का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नवनीत पाण्डेय ने कहा कि सोमवार को लागू नए कानूनों की जानकारी सभी को होना जरूरी है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा कि सभी लोग नये कानूनों को जानें। संचालन सीओ वन्दना वर्मा ने किया। कार्यशाला में विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी तनुजा वर्मा, एसएसआई मनीष खत्री, अनिल कुमार सिंह, गोविन्द बल्लभ जोशी, तनुजा वर्मा, विकास शाह, विजय वर्मा, गोविन्द सामन्त आदि रहे।

# बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़ें अफसर

- मानसून सीजन को देखते हुए डीएम ने दिए निर्देश
- 2 से 4 जुलाई तक जिले में भारी वर्षा है का अलर्ट

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** मानसून सीजन को देखते हुए चम्पावत के जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह मुख्यालय न छोड़ें। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि नियम का पालन नहीं हुआ तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 2 से आगामी 4 जुलाई तक चम्पावत के कई स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर जिलाधिकारी व अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नवनीत पांडेय ने आईआरएस प्रणाली में नामित सभी अधिकारियों को हाई अलर्ट में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को सड़क बाधित होने पर तत्काल मोटर मार्गों को खुलवाने के भी निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा है कि सभी तहसीलदार एवं पटवारी अपने क्षेत्र में बने रहेंगे।



नवनीत पांडेय।

साथ ही समस्त थाने, चौकी भी आपदा सम्बन्धित उपकरणों सहित हाई अलर्ट में रहेंगे। उन्होंने अधिकारियों को जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए तत्काल जेसीबी मशीनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। तहसील कोतवाली, थाना तथा नगर पालिका परिषद टनकपुर और नगर पंचायत बनबसा द्वारा बाढ़ की संभावना वाले क्षेत्रों में लोगों को पानी बढ़ने की स्थिति में अलर्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने किसी भी प्रकार की आपदा की सूचना तत्काल जनपद आपातकालीन परिचालन केंद्र 05965- 230819/ 230703 (1077), 9917384226 तथा 7895318895 पर देने को कहा।

**जिले में तीन दिन भारी बारिश का अलर्ट**

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** मानसून के बीच जिले में भारी बारिश को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। डीएम विनीत तोमर ने जिले के सभी अधिकारियों को मौसम के दृष्टिगत संवेदनशील व तत्पर रहने के निर्देश दिए है। डीएम ने बताया कि दो से चार जून के बीच मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जिले के कुछ स्थानों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस संबंध में उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्परता बरतने और सजग रहने के निर्देश दिए। उन्होंने आपात स्थिति का सामना करने के लिए सतस्त आवश्यक उपाय करने, कार्मिकों को सतर्कता का उच्च स्तर बनाए रखने, खोज बचाव व अन्य संबंधित कार्मिकों को तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से किसी भी आपदा की स्थिति पर 05962-237874, 237875 और 7900433294 पर तत्काल सूचना देने की अपील की।

## सार-संक्षेप



रानीखेत में श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व नगर में कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

**रानीखेत :** नगर स्थित पंचेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ वार्षिकोत्सव का शुभारंभ महिला सत्संग समिति के तत्वावधान में कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा संपूर्ण बाजार का भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल पंचेश्वर महादेव प्रांगण में पहुंची। तत्पश्चात गणेश पूजा व यज्ञ प्रारंभ हुआ। जिसमें भारी संख्या में दूर दराज क्षेत्रों से आए भक्त जनों ने भारी संख्या में भाग लिया। आगामी 7 जुलाई को पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव का समापन होगा। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ से पूरा माहौल भक्तिमयी में हो गया है। ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ झूला देवी राम मंदिर के महंत श्री 1008 मौनी महाराज के सानिध्य में हुआ। दोपहर समय कथावाचक राष्ट्रीय संत राजेंद्र जी महाराज श्री धाम वृंदावन ने श्रीमद् भागवत कथा शुरू की। मुख्य यजमान दया नेगी, भुवन नेगी हैं। इस अवसर पर पंचेश्वर महादेव मंदिर समिति के कैलाश पांडे, अतुल अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, दिनेश अग्रवाल, पूरन नेगी सहित भारी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में सोमवार को ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद स्कूल जाते छात्र।

### ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूलों में लौटी रौनक

**अल्मोड़ा :** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोमवार से जिलेभर में सभी सरकारी स्कूल खुल गए हैं। इस दौरान प्राथमिक से लेकर इंटरमीडिएट तक के विद्यालय छात्र-छात्राओं से गुलजार रहे। पहाड़ में शीतकालीन अवकाश वाले विद्यालयों में 10 दिन और ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले विद्यालयों में एक माह का ग्रीष्मावकाश घोषित किया गया था। कई दिनों के बाद सोमवार को खुले विद्यालयों में रौनक लौट आई है। काफी दिनों बाद स्कूल खुलने के कारण छात्र-छात्राएं अधिक उत्साह के साथ विद्यालय पहुंचे और अवकाश के दिनों की दिनचर्या को अपने साथियों के साथ साझा की। स्कूल खुलने के साथ ही बच्चों की स्कूल आवाजाही से बाजारों में काफी चहल-पहल रही। वहीं, कॉपी-किताबों की दुकानों में भी छात्र-छात्राओं की भीड़ रही। हालांकि, पहले दिन स्कूलों में छात्र संख्या कम रही।

### भतरौजखान में निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

**अल्मोड़ा :** राजकीय महाविद्यालय भतरौजखान की ओर से ग्राम पंचायत दनपौ में नशा मुक्त अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए नशे से दूर रहने का आह्वान किया। नोडल अधिकारी नशा विरोधी प्रकोष्ठ डॉ. केतकी ने कहा कि नशे की लत ने आज कितने परिवारों की खुशियां उजाड़ दी हैं। उन्होंने कहा कि हर दूसरा युवा नशे का दंश झेल रहा है। उन्होंने कहा कि नशे को समाज से दूर करने के लिए हम सब को जागरूक होना पड़ेगा। यहां प्राचार्य प्रो. सीमा श्रीवास्तव, तारा, प्रकाश चंद्र, विशाल भारती, आंचल करगेती, मनीषा, शीतल असवाल, रवीना कराकोटि, मनीषा, रेनू, कुसुम, जानकी मौजूद रहे।

# नौकरी से वंचित रहे रोडवेज के मृतक आश्रितों में आक्रोश

- रोडवेज के मृतक आश्रितों का शिष्टमंडल क्षेत्रीय प्रबंधक से मिला

संवाददाता, टनकपुर



परिवहन निगम के आरएम पवन मेहरा को ज्ञापन देते रोडवेज के मृतक आश्रित।

**अमृत विचार :** नौकरी से वंचित रहे रोडवेज के मृतक आश्रितों में अब आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। शासन के निर्देश के बाद भी अभी भी कई रोडवेज के मृतक आश्रितों को परिवहन निगम में समायोजित नहीं किया गया है।

मामले को लेकर सोमवार को उत्तराखंड रोडवेज मृतक आश्रित संगठन की ओर आश्रितों का एक शिष्टमंडल संगठन के अध्यक्ष और उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी गंगा गिरि गोस्वामी के नेतृत्व में परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक पवन मेहरा से उनके कार्यालय में मिला और उन्हें इस संबंध में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि शासन के निर्देश के बाद भी अभी भी कई रोडवेज के मृतक आश्रितों को निगम में नौकरी नहीं दी गई है, जिससे उनके और परिवार के समक्ष आर्थिक स्थिति काफी खराब हो रही है। रोडवेज मृतक आश्रित संगठन की ओर से मृतक आश्रित नियमावली पर सरलीकरण किए जाने की मांग को भी प्रमुखता से उठाया गया। संगठन ने वंचित रहे सभी मृतक आश्रितों को शीघ्र परिवहन निगम में समायोजित करने की मांग उठाई।

इस अवसर पर भगवान दास शर्मा, सोनी सिंह, शान्ति देवी, कोमल, पार्वती देवी, मोहित गुप्ता, कुलदीप कुमार, देवकी देवी, तारा देवी, पुष्पा गुप्ता, कमलेश देवी आदि मौजूद रहे।

## नहरों में पानी न होने से खेत लगे सूखने

**बागेश्वर :** सिंचाई विभाग नहरों में पानी नहीं चला पा रहा है, जिससे खेत सूखने लगे हैं। परेशान महिलाओं ने सोमवार को गरुड़ के सिंचाई उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र पानी नहीं चलाया तो कार्यालय में तालाबंदी कर दी जाएगी। जनपद में गरुड़ क्षेत्र खेती के क्षेत्र में प्रमुख स्थान रखता है। यहां के अधिकांश परिवारों की आय का साधन खेती ही है। इन दिनों धान की रोपाई का कार्य चल रहा है। परंतु सिंचाई विभाग नहरों में पानी चलाने में नाकाम साबित हो रहा है, जिससे खेत सूखने लगे हैं। परेशान तैलीहाट गांव की महिला काश्तकारों ने सोमवार को धरना दिया। महिलाओं ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर कार्य न करने का आरोप लगाया। पूर्व ग्राम प्रधान कमला देवी ने कहा कि रोपाई का समय जा रहा है, नहरों में पानी नहीं है। आज तक नहरों की सफाई नहीं की गई है।

# डंपर से टक्कर में कार सवार पांच लोग घायल

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** सोमवार सुबह करीब 8 बजे टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर फर्त्याल गार्डन के पास एक डंपर और कार में जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में कार में सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को चम्पावत जिला अस्पताल ले जाया गया।

सोमवार सुबह करीब 8 बजे चम्पावत से करीब 1 किमी दूर डीएफओ कार्यालय मोड़ के पास पिथौरागढ़ से हल्द्वानी की ओर जा रही कार संख्या यूके 04 यू 5859 और विपरीत दिशा से आ रहे डंपर वाहन संख्या यूके 04 सीसी 0317 में भिड़ंत हो गई। हादसे में पांच कार सवार घायल हो गए। चम्पावत के पूर्व ब्लॉक प्रमुख बहादुर सिंह फर्त्याल ने आसपास लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचवाया। कार सवार खुशाल सिंह कन्याल (60) पुत्र चंचल कन्याल निवासी खटीमा के सिर और दीपा कन्याल (75) पति पुष्कर सिंह कन्याल निवासी हल्द्वानी के हाथों में काफी चोट आई है। चालक गजेंद्र कन्याल (45) पुत्र पुष्कर सिंह कन्याल, उनकी पत्नी पूजा कन्याल (32) निवासी हल्द्वानी और लीला कन्याल (57) पति खुशाल सिंह कन्याल चोटिल हुए हैं। मामले में किसी की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।



डंपर से भिड़ंत के बाद क्षतिग्रस्त कार।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 79,476.19 | 24,141.95 |
| बढ़त | 443.46 | 131.35 |
| प्रतिशत में | 0.56 | 0.55 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 925 फ्लैग 1035 डीएमओ 825 बोल्ड 1100, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 900 फ्लैग 1055 बोल्ड 1100 डीएमओ 830।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2060, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1770, रविन्द्रा 1965, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1510, सचिन 1525, सूरज 1535, अवसर 1655, राग गोल्ड 1610, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1575, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1915, स्वास्तिक 2030, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 19500, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000–25500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7575–7900, मलका छांटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000–16200, अरहर कोरी छोटी 17200, **चीनी**–डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी (नई) 4040 रुपये।

# पहले कारोबारी दिन नई ऊंचाई पर बाजार

## बैंक, आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स 443 अंक चढ़ा और निफ्टी 24,100 अंक से ऊपर रहा

**मुंबई, एजेंसी**

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंक एवं आईटी शेयरों में लिवाली आने से सोमवार को पहले कारोबारी दिन मानक सूचकांक सेंसेक्स 443 अंक बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 24,100 अंक से ऊपर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 443.46 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476.19 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 528.27 अंक उछलकर 79,561 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 131.35 अंक बढ़कर 24,141.95 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।



कारोबार के दौरान यह 24,164 तक पहुंच गया जो पिछले कारोबारी सत्र में हासिल 24,174 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर से मात्र 10 अंक कम है। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजार ने अपनी तेजी को बरकरार रखा। अमेरिकी मुद्रास्फीति में कमी ने सितंबर में फेडरल रिजर्व की तरफ से दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ाई हैं। इस उम्मीद ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों के मजबूत प्रदर्शन में योगदान दिया। बीएसई के छोटी एवं मझोली कंपनियों के सूचकांक भी रिकॉर्ड स्तरों पर पहुंच गए।

### बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 443 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण सोमवार को बढ़कर 443.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह इसका अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। पूंजीकरण में यह उछाल सेंसेक्स के अपने नए शिखर पर पहुंचने के बीच आया है। बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 443.46 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476.19 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 528.27 अंक उछलकर 79,561 पर पहुंच गया था। इस रिकॉर्डतोड़ तेजी का असर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन पर पड़ा और वह 4,43,05,344.36 करोड़ रुपये (5.31 लाख करोड़ डॉलर) के अपने नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान दे रही राज्य सरकार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- कृषि यंत्रों के लिए दो जुलाई से आवेदन कर सकेंगे किसान
- 16 जुलाई की रात 12 बजे तक ऑनलाइन हो सकेगा आवेदन

**अमृत विचारः** किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के तहत राज्य सरकार ने दो जुलाई से 16 जुलाई तक की एक अवधि तय की है। इस दौरान राज्य के किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह कवायद प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू, (सीआरएम) योजना के तहत की जा रही है।

योजना के तहत कृषि यंत्रों जैसे- सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (सुपर एसएमएस), हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्रा चोपर,श्रेडर, मल्चर, श्रब मास्टर, रोटरी स्लैशर, सरफेस सीडर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी. प्लाऊ, बेलिंग मशीन, स्ट्रा रेक, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर



ड्रिल, क्रॉप रीपर ट्रैक्टर माउंटेड, सेल्फ प्रोपेल्ड, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाइंडर और कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए आवेदन किए जा सकेंगे। इस क्रम में निर्धारित अवधि में विभागीय दर्शन पोर्टल https://www.agriculture.up.gov.in पर यंत्र पर अनुदान के लिए टोकन निकालना होगा।

### ई-लॉटरी की मिलेगी सूचना

ई-लॉटरी के लिए स्थल, तिथि एवं समय की जानकारी आवेदकों के मध्य संबंधित जिला उप कृषि निदेशक द्वारा विभिन्न माध्यमों से सूचना दी जाएगी। निर्धारित समय के भीतर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर डीएम की अध्यक्षता में गठित कार्यकारी समिति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जाएगा।

कृषक परिवार (पति अथवा पत्नी में कोई एक) द्वारा एक वित्तीय वर्ष में योजना के तहत निर्धारित यंत्रों में से एक या एक से अधिक प्रकार के यंत्र लिए जा सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 फीसदी व कस्टम हायरिंग सेंटर पर अधिकतम 80 प्रतिशत तक अनुदान प्राप्त होगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,400 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,850–55,050 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,300 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,300 |
| चांदी पक्की | 882 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,600 |
| चांदी आभूषण | 89,400। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**–शरबती 5500 मसूरी 4700–5000 बासमती 9000–9500 परमल 3600, **दाल दलहन**–काला चना 7500–7800 साबुत चना दाल 6800–7600 मूंग साबुत 10200– 10500 राजमा 11500–16000 दाल उड़द 10800–11200 साबुत मसूर दाल 7300– 7600 मसूर दाल 8200–8500 उड़द साबुत 11700 काबुली चना 12500 अरहर दाल 16000–17000 लोबिया/करमानी 8500–8700 सोयाबीन 4300 मूंगफली- 11500 मटर (सूखी) 5100–5300 मक्का 3000 (दाम प्रति क्विंटल में)।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 –106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये।

# आरबीआई-आसियान त्वरित सीमापार खुदरा भुगतान के लिए मंच बनाएंगे

**मुंबई, एजेंसी**

आरबीआई और आसियान देशों ने सीमापार खुदरा भुगतान को तेज करने के लिए एक मंच बनाने का फैसला किया है। इस मंच के 2026 तक चालू होने की उम्मीद है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि वह 'प्रोजेक्ट नेक्सस' में शामिल हो गया है, जो घरेलू त्वरित भुगतान प्रणाली (एफपीएस) को आपस में जोड़कर सीमापार खुदरा भुगतान को तेज करने के लिए एक बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय पहल है। बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के नवाचार केंद्र ने प्रोजेक्ट नेक्सस को तैयार किया है। प्रोजेक्ट नेक्सस का मकसद चार आसियान देशों (मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड) और भारत के एफपीएस को जोड़ना है। भारत इस मंच का संस्थापक सदस्य और पहला प्रस्तावक देश होगा। इस आशय के एक समझौते पर बीआईएस और संस्थापक देशों के केंद्रीय बैंकों - बैंक नेगारा मलेशिया (बीएनएम), बैंक ऑफ थाईलैंड (बीओटी), बैंगको सेंट्रल एनजी फिलीपींस, मॉनेटरी अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर और आरबीआई ने रविवार को स्विट्जरलैंड के बेसल में हस्ताक्षर किए हैं।

# बिजली खपत जून में करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 152.38 अरब यूनिट

**नई दिल्ली।** देश में बिजली खपत जून में सालाना आधार पर करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 152.38 अरब यूनिट रही। भीषण गर्मी के कारण घरों और दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों का अत्यधिक इस्तेमाल इसकी मुख्य वजह रही। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून 2023 में बिजली की खपत 140.27 अरब यूनिट थी। एक दिन में सर्वाधिक आपूर्ति (पूरी की गई अधिकतम मांग) भी जून 2024 में बढ़कर 245.41 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 223.29 गीगावाट थी।

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि जून में बढ़ी, रोजगार में रिकॉर्ड उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मई के पीएमआई 57.5 की अपेक्षा बढ़कर 58.3 हो गया

भारत के विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन जून में तेज गति से बढ़ा है। अनुकूल मांग परिस्थितियों के बीच नए ठेके मिलने जारी रहे और इसके परिणामस्वरूप रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि हुई।

सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) जून में बढ़कर 58.3 हो गया जो मई में 57.5 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। जून के आंकड़ों के अनुसार भारत में विनिर्माताओं की बिक्री में मजबूत वृद्धि मुख्य रूप से मजबूत अंतर्निहित मांग, उच्च निर्यात और सफल विज्ञापन के कारण हुई। नए ठेके मिलने में लगातार बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप कंपनियों द्वारा भर्ती में तेजी आई। रोजगार सृजन की दर तेज हुई और मार्च 2005 में डेटा संग्रह शुरू होने के बाद से मजबूत रही।



## कमान संभालने के बाद पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद पर बोले थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

# भारतीय सेना सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है।

देश के 13 लाख सैनिकों वाले मजबूत बल की कमान संभालने के एक दिन बाद उन्होंने कहा कि थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच तालमेल सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक होगा। रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक में सलामी गारद का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में नव नियुक्त सेना प्रमुख ने कहा कि सेना अनूठी अभियानगत चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसे खतरों के लिए तैयार रहने के वास्ते यह महत्वपूर्ण है कि सैनिकों को आधुनिक हथियार मुहैया कराए जाएं। उन्होंने कहा-मुझे सौंपी गयी जिम्मेदारियों के प्रति, मैं पूरी तरह सजग हूं और मैं देश तथा सभी नागरिकों को आश्वस्त करता हूं कि भारतीय सेना सभी मौजूदा व भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने यह भी कहा कि वह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे।



जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में 30वें सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। ● एजेंसी

### सेना में सभी कर्मियों के हितों की रक्षा के प्रतिबद्ध

जनरल द्विवेदी ने कहा कि वह सेना में सभी कर्मियों के हितों की रक्षा तथा पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को हरसंभव सहायता मुहैया कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा-यह सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता होगी कि भारतीय सेना के सभी अधिकारियों तथा सैन्य नागरिकों के हितों की रक्षा हो। उन्होंने कहा-भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों के प्रति मेरी जिम्मेदारी एक पवित्र प्रतिबद्धता है और मैं इस विस्तारित परिवार को अपना पूर्ण सहयोग देता हूं। जनरल द्विवेदी ने साउथ ब्लॉक में अपने रस्मी स्वागत के मद्देनजर धार्मिक नेताओं के समूह से संक्षिप्त बातचीत की। मध्य प्रदेश के रीवा स्थित सैनिक स्कूल के छात्र रहे जनरल द्विवेदी 1984 में भारतीय सेना की जम्मू कश्मीर राइफल्स में शामिल हुए थे। जनरल द्विवेदी 19 फरवरी से सेना के उप-प्रमुख का कार्यभार संभाल रहे थे। वह उप प्रमुख का कार्यभार संभालने से पहले 2022-2024 तक उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रहे थे।

# तेलंगाना हाईकोर्ट ने की केसीआर की याचिका खारिज

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने सोमवार को बिजली क्षेत्र में कथित अनियमितताओं में जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग की वैधता पर सवाल उठाने वाली बीआरएस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने पिछली सरकार के फैसलों की जांच की जरूरत को सही ठहराने वाले सरकार के तर्क से सहमत होकर केसीआर द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना सरकार ने यदाद्री और भद्राद्री ताप विद्युत स्टेशनों के निर्माण में अनियमितताओं के आरोपों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के साथ बिजली खरीद समझौतों की जांच के लिए इस साल 14 मार्च को न्यायमूर्ति एल नरसिम्हा रेड्डी की अध्यक्षता में एक आयोग नियुक्त किया था।

# कोर्ट ने बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिकाएं कीं खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**भ्रष्टाचार, धनशोधन मामला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के दो मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कविता की याचिकाओं को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति शर्मा ने 28 मई को कविता की दो जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

कविता ने निचली अदालत के छह मई के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के भ्रष्टाचार मामले के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धनशोधन मामले में उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। बीआरएस नेता के वकील ने दलील दी की कि मामले में आरोपी बनाए गए 50 लोगों में कविता एकमात्र महिला हैं और अदालत से उनके महिला होने के नाते जमानत देने की गुहार लगाई। सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने दलील दी कि कविता प्रभावशाली महिला है और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं।

कविता दोनों मामलों में न्यायिक हिरासत में है। यह घोटाला दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है, जिसे बाद में रद्द कर दिया गया था।

## एक नजर

### एक ही परिवार के पांच लोगों ने कर ली आत्महत्या

**अलीराजपुर/भोपाल।** मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में सोमवार को एक दंपति और उनके तीन बच्चों के शव घर में लटके मिले। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस अधिकारी ने कहा-सोंडवा तहसील के रावड़ी गांव में पांच लोगों की मौत की सूचना सोमवार सुबह सात बजे मिली। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के लिए अलीराजपुर के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) की अगुवाई में एक टीम गठित की गई है। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान राकेश डोडवा (27), उनकी पत्नी ललिता डोडवा (25) और उनके बच्चों लक्ष्मी (9), प्रकाश (7) और अक्षय (5) के रूप में हुई है।

### बारामूला में आतंवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर इलाके में आतंवादियों के एक संदिग्ध सहयोगी को पकड़ा है। पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के जवानों ने रविवार देर रात सोपोर में एक संयुक्त चौकी स्थापित की थी। अधिकारियों ने कहा, जांच में एक वाहन को रोका गया। तो चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया।

# पीएम की पिक्चर कैसी होने वाली इसका लग गया है अंदाजा : खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्यसभा में चुटकी लेते हुए कहा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के दौरान पिछले 10 साल के शासन को 'महज ट्रेलर' और 'पिक्चर अभी बाकी है' बताने वाले बयान के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। उनके तीसरे कार्यकाल में पेपर लीक, जम्मू एवं कश्मीर में आतंकी हमले, ट्रेन दुर्घटना, हवाई अड्डों की छत के कुछ हिस्सों के ढहने और पुल गिरने की विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इनसे अंदाजा लग गया है कि उनकी आगे की 'पिक्चर' कैसी होने वाली है।

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कई बार कहा है कि 'पिछले 10 साल तो बस ट्रेलर थे, अभी असली तस्वीर बाकी है। खरगे ने चुटकी लेते हुए कहा, अब पीएम की पिक्चर कैसी होने वाली है, पिछले एक महीने में अंदाजा लगा है। हाल की कई घटनाओं का उल्लेख करते हुए खरगे ने बताया कि पिछले एक महीने में



परीक्षा पेपर लीक, कई परीक्षाओं को रद करने, ट्रेन दुर्घटनाएं, जम्मू एवं कश्मीर में तीन आतंकी हमले, राम मंदिर में पानी का रिसाव, तीन हवाई अड्डों की छतों के कुछ हिस्सों का गिरना, टोल टैक्स में वृद्धि और रुपये में ऐतिहासिक गिरावट की घटनाएं हुई हैं।

उन्होंने कहा कि हाल ही में पेपर लीक के कारण 30 लाख छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा-अगर ऐसा होता रहा तो छात्र अपनी पढ़ाई बंद कर देंगे। खरगे ने कहा कि पिछले सात वर्षों में, 70 बार पेपर लीक हुए हैं और इनसे दो करोड़ छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उच्च सदन में विपक्ष के नेता ने कहा कि सरकार इस मामले पर कुछ नहीं कर रही है और संसद में इस मुद्दे को उठाने के लिए विपक्षी दलों को दोषी ठहराती है।

# फरीदाबाद में कांग्रेस नेता के भाई की गोली मारकर हत्या

**फरीदाबाद, एजेंसी**

- रंजिश के चलते वारदात को दिया गया अंजाम

फरीदाबाद में कांग्रेस के स्थानीय नेता ज्योतिंद्र भड़ाना (रिंकू) के छोटे भाई की रंजिश के चलते गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब सवा 11 बजे मस्जिद चौक के पास गांव नवादा कोह के निवासी कुणाल भड़ाना की हत्या कर दी गई। ज्योतिंद्र भड़ाना की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, कुणाल अपने एक दोस्त के साथ मस्जिद चौक के पास खड़ा था तभी विजय, बिल्लू और दो अन्य वहां पहुंचे और उससे बहस करने लगे। ज्योतिंद्र ने बताया कि उनके भाई की विजय और बिल्लू के साथ पुरानी रंजिश थी।

कांग्रेस नेता ने शिकायत में कहा-भाई के दोस्त से सूचना मिलने के बाद मैं मौके पर पहुंचा। मैंने देखा कि बिल्लू ने मेरे भाई का हाथ पकड़ा हुआ था और विजय ने उसके सीने में गोली मार दी। इसके बाद वे कार से भाग गए। अन्य की मदद से मैं कुणाल को सेक्टर 21-ए स्थित एशियन अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के बाद विजय, बिल्लू और दो अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# कोर्ट ने टीएमसी नेता साकेत गोखले पर लगाया 50 लाख का हर्जाना

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को टीएमसी नेता साकेत गोखले को स्विट्जरलैंड में संपत्ति खरीद को लेकर पूर्व राजनयिक लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी के खिलाफ अपमानजनक ट्वीट करने के लिए उनसे माफी मांगने और 50 लाख रुपये का हर्जाना देने का निर्देश दिया। संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव की ओर से दायर मानहानि के मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने टीएमसी सांसद को उनके द्वारा लगाए आरोप के संबंध में किसी भी सोशल मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मंच पर कोई भी सामग्री प्रकाशित करने से रोक दिया। कोर्ट ने आदेश में कहा कि आपत्तिजनक ट्वीट मानहानिकारक हैं और इससे वादी की प्रतिष्ठा को अनावश्यक कानूनी क्षति पहुंची है, जिसके लिए निवारण आवश्यक है।

# पश्चिम बंगाल में भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट पीटकर दी हत्या कर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। राज्य में भीड़ द्वारा किसी व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किये जाने की यह चौथी घटना है। इससे पहले 28, 29 और 30 जून को कोलकाता, सॉल्ट लेक और झारग्राम में भी ऐसी ही घटनाएं हुई थीं। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान हुगली जिले के तारकेश्वर इलाके के नैता मालपहाड़पुर ग्राम पंचायत के रहने वाले बिस्वजीत मन्ना के रूप में हुई है। हुगली (देहात) थाना पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस अपराध के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# जैन समुदाय के लिए उपासना का मांगा गया अधिकार

**इंदौर, एजेंसी**

**विवादित भोजशाला मसले में आया नया मोड़**

जैन समुदाय के एक व्यक्ति ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करके धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में अपने समुदाय के लोगों के लिए उपासना का अधिकार मांगा है।

याचिका में दावा किया गया है कि इस विवादित परिसर में कभी जैन गुरुकुल और जैन मंदिर हुआ करता था जहां देवी अम्बिका की मूर्ति स्थापित थी। दिल्ली के सामाजिक कार्यकर्ता सलेकचंद जैन की ओर से दायर इस रिट याचिका पर उच्च न्यायालय में इस हफ्ते सुनवाई हो सकती है। जैन के अधिवक्ता मनोहर सिंह चौहान ने सोमवार को यह



जानकारी दी। यह याचिका ऐसे वक्त में दायर की गई है, जब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर भोजशाला परिसर के सर्वेक्षण की रिपोर्ट अदालत में पेश करने की तैयारी में जुटा है। जैन की याचिका में दावा किया गया है कि भोजशाला परिसर में कभी जैन गुरुकुल और जैन मंदिर हुआ करता था जहां जैन मुनियों और विद्वानों द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाती थी और इस परिसर में संस्कृत, प्राकृत और अन्य भाषाओं में ग्रंथों के अनुवाद का काम भी होता था, लिहाजा जैन समुदाय के लोगों को इस स्थान पर उपासना का अधिकार प्रदान किया जाना चाहिए।

याचिका में यह दावा भी किया गया है कि भोजशाला परिसर की जिस मूर्ति को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) की प्रतिमा बता रहा है, वह असल में जैन समुदाय की देवी अम्बिका (जैन यक्षिणी) की मूर्ति है जिसे धार के राजा भोज ने इस परिसर में 1034 ईस्वी में स्थापित किया था। याचिका में गुहार लगाई गई है कि लंदन के एक संग्रहालय में रखी इस मूर्ति को भारत वापस लाकर भोजशाला परिसर में फिर से स्थापित किया जाना चाहिए।

याचिका में कहा गया है कि भोजशाला परिसर और इसमें मिली मूर्तियों, शिलालेखों, कलाकृतियों आदि की वास्तविक उम्र पता लगाने के लिए केंद्र सरकार को ''रेडियोकार्बन डेटिंग'' पद्धति के इस्तेमाल के निर्देश दिए जाने चाहिए। भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष 11वीं सदी के इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। यह परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित है।

## तीनों सफेद मिल गए, लाल बाकी है: द्रविड़

ब्रिजटाउन, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के निवर्तमान कोच राहुल द्रविड़ ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को टी20 विश्व कप जीतने के कुछ घंटे बाद और अपने कार्यकाल के आखिरी दिन भी एक काम सौंपा है। द्रविड़ ने भारतीय ड्रेसिंग रूम के जश्न के वीडियो में कोहली से कहा तीनों सफेद तो हासिल कर लिए, एक लाल बाकी है। उसे भी हासिल कर लो।

आईसीसी ने इंस्टाग्राम पेज पर यह वीडियो डाला है। तीन सफेद से आशय टी-20 विश्व कप, वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी है जो कोहली ने जीत रखे है। अब बस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतना बाकी है। भारत दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल (2021 में न्यूजीलैंड से और 2023 में आस्ट्रेलिया से) हार चुका है। 35 वर्ष के कोहली ने विश्व कप जीतने के साथ टी-20 क्रिकेट से विदा ले ली। वह द्रविड़ के इस बयान पर मुस्कुराकर रह गए। इस वीडियो में सूर्यकुमार यादव भी हैं जिन्होंने फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच लपका था। इस उपलब्धि को समझने में उन्हें कम से कम दो दिन लगेंगे। अभी कुछ महसूस नहीं हो रहा। समझ में नहीं आ रहा कि क्या कहूं। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा आत्मविश्वास से क्या हासिल नहीं हो सकता। भारतीय टीम फिलहाल बारबडोस में ही है क्योंकि तूफान बेरिल की चेतावनी के कारण उड़ान सेवाएं निरस्त हैं। भारतीय टीम को दुबई के रास्ते न्यूयॉर्क से अमीरात की उड़ान लेनी थी। एक सूत्र ने बताया कि टीम को चार्टर्ड उड़ान से वापिस लाया जा सकता है। भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ, परिवार और अधिकारियों समेत 70 सदस्य हैं।



## कार्तिक होंगे आरसीबी के बल्लेबाजी कोच, मेंटॉर

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपना बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद कार्तिक इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र से आरसीबी के खिलाड़ियों को बल्लेबाजी के गुर सिखाते नजर आएंगे।

कार्तिक ने आरसीबी के बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर नियुक्ति को लेकर जारी प्रेस विज्ञप्ति में एक बयान में कहा, पेशेवर स्तर पर कोचिंग करने का अवसर पाकर मैं काफी उत्साहित हूं। यह मेरे जीवन का एक नया अध्याय है। मैं उम्मीद करता हूं एक खिलाड़ी के तौर पर मिले अपने अनुभव आरसीबी को दे पाऊंगा। कार्तिक आईपीएल में कुल छह टीमों का हिस्सा रहे। उन्होंने में केकेआर के लिए कप्तानी भी की है।

## श्रीलंका दौरे पर जाएंगे नए कोच : शाह

ब्रिजटाउन, एजेंसी



- गौतम गंभीर के नाम की लगाई जा रहीं अटकलें
- भारतीय टीम के साथ बारबडोस में फंसे हैं सचिव

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोमवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच इस महीने के आखिर में श्रीलंका में सीमित ओवरों की श्रृंखला के साथ टीम से जुड़ेंगे हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि राहुल द्रविड़ के जाने के बाद किसके नाम पर मुहर लगी है। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर के नाम की अटकलें लगाई जा रही है । क्रिकेट सलाहकार समिति ने गंभीर और भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच डब्ल्यू वी रमन के इंटरव्यू लिए हैं।

शाह ने कहा कि एक चयनकर्ता की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। शाह टी-20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज आए हैं जिसमें भारत ने फाइनल में श्रीलंका को सात रन से हराकर खिताब जीता। शाह ने कहा कोच और चयनकर्ता की नियुक्ति जल्द ही होगी। सीएसी ने दो उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए हैं और मुंबई जाने के बाद जो उनका फैसला होगा, हम उस पर अमल करेंगे। जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण जाएंगे लेकिन नया कोच श्रीलंका श्रृंखला से ही जुड़ेगा। टीम 27 जुलाई से तीन टी-20 और तीन वनडे खेलने श्रीलंका जाएगी। हार्दिक के प्रदर्शन और रोहित के बाद उनके कप्तान बनने की संभावना पर शाह ने कहा कप्तानी का फैसला चयनकर्ता करेंगे। सम्मान समारोह की बीसीसीआई योजना बना रही है लेकिन तूफान की चेतावनी के कारण बारबडोस हवाई अड्डा बंद है और टीम यहीं फंसी हुई है। शाह ने कहा हम भी यहां फंसे हुए हैं।

# भारतीय महिला टीम ने जीती शृंखला




दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय महिला टीम के खिलाड़ी व अन्य सदस्य। ● एजेंसी



ट्रॉफी के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर। ● एजेंसी

## टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया, राणा बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सोमवार को चौथे और आखिरी दिन दस विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 373 रन पर आउट करने के बाद भारत को जीत के लिये 37 रन का आसान लक्ष्य मिला जो मेजबान ने बिना कोई विकेट गंवाये 9.2 ओवर में हासिल कर लिया।

भारत ने पहली पारी छह विकेट पर 603 रन पर घोषित की थी। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शुभा सतीश ने नाबाद 13 और शेफाली वर्मा ने नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने इससे पहले 2002 में पार्ल में भी दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया था। पहली पारी में 266 रन पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया। लौरा वोल्वार्ट ने 314 गेंद में 122 और सुने लुस ने 203 गेंद में 109 रन बनाए। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 232 रन से आगे खेलते हुए वोल्वार्ट और मरियाने काप ने रन बनाना जारी रखा।

वोल्वार्ट ने पहला टेस्ट शतक जड़ा और एक ही साल में टेस्ट, वनडे तथा टी-20 में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई। काप को दीप्ति शर्मा ने 31 के स्कोर पर पगबाधा आउट किया। वहीं स्नेह राणा ने डेल्मी टकर को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। वोल्वार्ट 122 के स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका ने 300 रन का आंकड़ा पार किया जो भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। लंच के बाद सिनालो जाफ्टा रिटायर्ड हर्ट हो गई जबकि एन्ने डेर्कसन पांच रन बनाकर पूजा वस्त्राकर का शिकार हुई। डि क्लेर्क और मसाबाटा क्लास ने 23 रन की साझेदारी करके टीम को पारी की हार से बचाया।

वहीं पहली पारी में भारत की शेफाली वर्मा (205) के एतिहासिक दोहरे शतक और स्मृति मंधाना (149) की शतकीय पारी की मदद से भारत ने छह विकेट पर 603 रन पर घोषित कर दी थी। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए मैदान के चारों ओर शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिये 292 रनों की रिकार्ड साझेदारी की। इसके बाद स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिए मुफीद चेपॉक की सपाट पिच पर मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढ़ेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली थी। स्नेह राणा के शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी: 603/6 (पारी घोषित)
दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 266/10

प्लेयर ऑफ द मैच: स्नेहा राणा

**द. अफ्रीका (फॉलोऑन) 373/10 (154.4 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| लॉरा वुलवार्टर पगबाधा राजेश्वरी | 122 | 314 | 16/0 |
| ऐनेक बॉश पगबाधा दीप्ति | 9 | 18 | 2/0 |
| सुने लुस बो हरमनप्रीत | 109 | 203 | 18/0 |
| मारिजाने काप पगबाधा दीप्ति | 31 | 82 | 3/0 |
| डेलमी टकर का रोड्रिग्स बो राणा | 0 | 3 | 0/0 |
| नाडिने डि क्लार्क बो राजेश्वरी | 61 | 185 | 8/1 |
| सिनालो जाफ्ता का शुभा बो राणा | 15 | 36 | 2/0 |
| एन्नेरी डर्कसन पगबाधा वस्त्राकर | 5 | 17 | 1/0 |
| तुमी सेखुखुने रन आउट (राजेश्वरी) | 6 | 35 | 1/0 |
| मासाबाटा क्लास बो शेफाली | 2 | 33 | 0/0 |
| नोनकुलुलेको म्लाबा नाबाद | 1 | 5 | 0/0 |

अतिरिक्त : 12, गेंदबाजी : रेणुका 10-1-30-0, राणा 40-12-111-2, वस्त्राकर 16-7-35-1, दीप्ति 45-10-95-2, राजेश्वरी 30 .4-12-55-2, शेफाली 3-1-7-1, हरमनप्रीत 10-0-31-1

**भारत दूसरी पारी 37/0 (9.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शुभा सतीश नाबाद | 13 | 26 | 1/0 |
| शेफाली वर्मा नाबाद | 24 | 30 | 3/1 |

गेंदबाजी : म्लाबा 5-0-18-0, टकर 4 .2-0-19-0

## खेल डायरी

### चैंपियनशिप में आडवाणी की नजरें खिताबी हैट्रिक पर

**रियाद।** भारत के शीर्ष क्यू (स्नूकर एवं बिलियर्ड्स) खिलाड़ी पंकज आडवाणी मंगलवार से शुरू होने वाली एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक पूरा करने के लक्ष्य के साथ भाग लेंगे। इस चार दिवसीय टूर्नामेंट में एशिया से शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें आडवाणी के अलावा सौरव कोठारी और ध्रुव सितवाला भी भारतीय चुनौती को पेश करेंगे। आडवाणी ने 2005 के बाद से नौ एशियाई बिलियर्ड्स खिताब जीते हैं। उन्होंने स्नूकर में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 2016, 2019 और 2021 में एशियाई खिताब जीतने के साथ-साथ 2017 में टीम खिताब जीतने का स्वाद चखा है। आडवाणी ने कहा मैंने पिछले कई वर्षों से सफलता का स्वाद चखा है लेकिन मैं आत्ममुग्धता से बचते हुए खेल पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करता हूं। इसमें भारत, थाईलैंड, म्यांमार और सिंगापुर के दिग्गज खिलाड़ी भाग ले रहे ।

### इटालियन ओपन में पांचवें स्थान पर शुभंकर

**रोम।** पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा तीन होल के अंदर एक बोगी और एक डबल बोगी करने के बाद इटालियन ओपन में पांचवें स्थान पर रहे। शुभंकर तीसरे दिन के बाद चार खिलाड़ियों के साथ तालिका में शीर्ष पर थे लेकिन दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद वह पांचवें स्थान पर खिसक गये। उनका कुल स्कोर आठ अंडर रहा। उन्होंने 13वें होल तक दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये थे लेकिन वह 14वें होल में डबल बोगी और 16वें होल में बोगी कर बैठे।

### भारतीय बधिर टीम ने टी-20 श्रृंखला जीती

**नई दिल्ली।** भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने लीसेस्टर में सातवें और अंतिम टी-20 मैच में मेजबान इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला 5-2 से अपने नाम कर ली। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड को चार विकेट पर 164 रन पर रोक दिया और फिर अभिषेक सिंह (68) तथा उमर अशरफ (56) के अर्धशतकों की मदद से चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 46 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे लेकिन अभिषेक और अशरफ ने 95 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई।

### क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से हारा भारत

**नई दिल्ली।** भारत को बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया ने 3-2 से हरा दिया। भारतीय खिलाड़ी अब व्यक्तिगत मुकाबलों में भाग लेंगे। भारत ने मिश्रित युगल टीम में बदलाव करते हुए संस्कार सारस्वत के साथ श्रावनी वालेकर को उतारा। दोनों ने कांग खाइ किंग और एन मेइसाराह की जोड़ी को 21-16, 13-21, 21-17 से मात दी। इसके बाद तन्वी यार्मा ने सिति जुलैखा को एकल वर्ग में 21-15, 15-21, 22-20 से हराकर भारत की बढत दुगुनी कर दी। प्रणय शेट्टिगर को एकल वर्ग में मुहम्मद फैक ने 15-21, 21-18, 21-19 से मात दी। वालेकर और नव्या कंडेरी को बुइ ओंग शिन यि और कारमेन तिंग ने 21-16, 21-15 से हराया। लड़कों के युगल वर्ग में भार्गव एरिगेला और अर्श मुहम्मद को कांग और आरोन तेइ ने 21-18, 21-10 से शिकस्त दी।

### आनंद ने 10वीं बार जीता लियोन मास्टर्स खिताब

**लियोन (स्पेन)।** पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद लियोन मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के जैमे सैंटोस लटासा को 3-1 से हराकर यहां दसवीं बार चैंपियन बनें। आनंद ने 28 साल पहले 1996 में यहां अपना पहला खिताब जीता था। इस प्रारूप में चार खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें आनंद और उनके हमवतन अर्जुन एरिगैसी के अलावा बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव और लटासा शामिल थे। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन को दूसरे सेमीफाइनल में लटासा ने 2 .5-1 .5 के स्कोर से हराकर उलटफेर किया था।

### प्रज्ञानानंदा को वेस्ली सो ने बराबरी पर रोका

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में एक बार फिर शानदार स्थिति में होने बावजूद अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रहे और यह मुकाबला ड्रॉ पर छूटा। इस दौरान दिन के पांचों मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। अमेरिका के फैबियानो कारूआना 3 .5 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश और प्रज्ञानानंदा उनसे आधा अंक पीछे संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

### गुकेश विश्व चैंपियनशिप में लिरेन को देंगे चुनौती

**नई दिल्ली।** भारत के शतरंज स्टार डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच 2024 विश्व चैंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी सिंगापुर करेगा। फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इसके मायने हैं कि गुकेश दिल्ली या चेन्नई में यह मुकाबला नहीं खेल सकेंगे चूंकि भारत के ये दोनों शहर सिंगापुर से पिछड़ गए। ढाई मिलियन डॉलर (लगभग 21 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाला यह मुकाबला 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच होगा। तमिलनाडु सरकार और एआईसीएफ ने विश्व शतरंज संस्था फिडे को मेजबाजी अलग-अलग बोलियां सौंपी थीं। सिंगापुर शतरंज महासंघ ने फिडे विश्व चैंपियनशिप मैच 2024 की मेजबानी हासिल की है।

## एरिना सबालेंका कंधे की चोट के कारण विंबलडन से हटीं

विंबलडन (इंग्लैंड), एजेंसी



- सबालेंका बोलीं- मैदानी शॉट खेल पा रही हूं लेकिन सर्विस नहीं हो रही

तीसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका कंधे में चोट के कारण सोमवार को विंबलडन से हट गईं। दो बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन को ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के शुरुआती दिन पहले दौर में अमेरिका की एमिना बेक्टास से खेलना था।

पिछली दो बार की सेमीफाइन लिस्ट सबालेंका की जगह सोमवार को ड्रॉ में एरिका एंड्रीवा को शामिल किया गया जो पिछले सप्ताह क्वालीफाइंग चरण में हार गई थी। सबालेंका ने एक सप्ताह पहले कंधे में दर्द का हवाला देते हुए बर्लिन लेडीज ओपन के क्वार्टर फाइनल के पहले सेट से हटने का फैसला किया था। उन्होंने कहा था कि उनकी मांसपेशियों में चोट है और यह उनके लिए बहुत निराशाजनक है। सबालेंका ने कहा मैं अभ्यास कर पा रही हूं। मुझे मैदानी शॉट खेलने में कोई परेशानी नहीं है लेकिन सबसे दुखद यह है कि मैं सर्विस नहीं कर पा रही हूं। आपको ऐसा महसूस नहीं होता आप चोटिल है।

## ओसीए ईबी ने योग को एशियाई खेलों में शामिल करने पर जताई सहमति : पीटी उषा

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने योग को एशियाई खेलों में शामिल करने पर सहमति जताई है और ओसीए की आमसभा से मंजूरी मिलने पर इसे खेलों में स्थान मिल जाएगा।

उषा ने कहा कि ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह ने उन्हें ईबी के फैसले के बारे में बताया। उन्होंने आईओए की विज्ञप्ति में कहा मुझे खुशी है कि ओसीए के कार्यकारी बोर्ड ने भारत के अनुरोध पर योग को वह मान्यता देने पर मंजूरी जताई है जिसका वह हकदार है। अब यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए आमसभा की खेल समिति के पास जाएगा। आईओए सूत्र ने बताया कि अभी योग को एशियाई खेलों में शामिल करने की दिशा में पहला कदम उठाया है। यह पदक का खेल होगा या नुमाइशी, इसका फैसला ओसीए की आमसभा लेगी।

## आईओए ईसी सदस्यों ने पेरिस यात्रा के लिए कोई भत्ता न लेने का किया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

- परिषद के सदस्यों ने कहा- एथलीटों से अधिक भत्ता लेने से होगा छवि को नुकसान

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद (ईसी) के सदस्यों ने पेरिस ओलंपिक के दौरान यात्रा भत्ता नहीं लेने का फैसला किया है। परिषद के सदस्यों को इस बात की चिंता है कि अगर वे पेरिस ओलंपिक के लिए एथलीटों से अधिक भत्ता स्वीकार करेंगे तो उनकी छवि को नुकसान होगा।

आईओए की कार्यकारी परिषद ने यह भी कहा कि वे विदेश यात्रा के लिए सरकारी धन पर निर्भर नहीं है क्योंकि सभी सदस्य अच्छी पृष्ठभूमि से आते हैं। बजट अनुमान के मुताबिक आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्यों को प्रतिदिन 300 डॉलर (लगभग 25,000 रुपये) मिलने थे। सदस्यों को उनकी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान आवास के लिए प्रति दिन अतिरिक्त 1000 डॉलर (लगभग 84,000 रुपये) भी मिलने थे। ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का भत्ता प्रति दिन 50 डॉलर तय किया गया था, जबकि ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल के लिए प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अलग से दो लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई थी। ईसी के एक सदस्य ने कहा हां, हमने इस मुद्दे पर चर्चा की। अधिकांश सदस्य इस बात पर सहमत थे कि हमें यह भत्ता स्वीकार नहीं करना चाहिए। इससे जनता में गलत संदेश गया है और इसे सुधारने की जरूरत है। ईसी के सभी सदस्य आर्थिक रूप से संपन्न हैं। उन्हें ऐसी यात्राओं के लिए सरकारी कोष पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है।

## अकुला, बर्नाडेट ड्राफ्ट में शामिल

मुंबई, एजेंसी

**यूटीटी 2024 सत्र**

भारत की उभरती हुई खिलाड़ी श्रीजा अकुला, रोमानिया की बर्नाडेट स्जोक्स, नाइजीरिया के अरुणा कादरी और जर्मनी की नीना मित्तेलहम 10 जुलाई को यहां होने वाले अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) 2024 ड्राफ्ट में शामिल शीर्ष खिलाड़ियों में से हैं।

यूटीटी का आगामी सत्र 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में आठ विदेशी पुरुष और महिला खिलाड़ियों सहित 47 खिलाड़ी होंगे और उनमें से 43 को टीमों में शामिल किया जाएगा।

भारतीय सितारों शरथ कमल, मनिका बत्रा, हरमीत देसाई, मानव ठक्कर और जी साथियान को उनकी संबंधित फ्रेंचाइजियों ने पहले ही बरकरार रखा है। दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी 29 वर्षीय बर्नाडेट तीसरी बार यूटीटी का हिस्सा बनने की दौड़ में है जबकि 16वीं रैंक वाली कादरी अपनी चौथी उपस्थिति के लिए तैयार है। देसाई गोवा चैलेंजर्स का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे जबकि ठक्कर यू मुंबा टीटी के लिए खेलेंगे। मनिका बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए खेलेंगी। पुणेरी पल्टन ने अपने किसी भी खिलाड़ी को रिटेन नहीं किया है, इसलिए वे नयी टीमों जयपुर पैट्रियट्स और अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के साथ ड्राफ्ट के शुरुआती दौर का हिस्सा होंगे। आयोजकों ने कहा सभी आठ टीमें दूसरे दौर से ड्राफ्ट का हिस्सा होंगी क्योंकि प्रत्येक फ्रेंचाइजी को छह सदस्यीय टीम बनानी होगी, जिसमें एक विदेशी पुरुष और महिला खिलाड़ी और दो भारतीय पुरुष और महिला खिलाड़ी होंगे। ड्राफ्ट में अन्य अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी, महिलाओं में यशस्विनी घोरपड़े, दीया चितले, पोयमंती बैस्या आदि हैं।

## जॉर्जिया को हराकर स्पेन क्वार्टर फाइनल में

**यूरो 2024**

**कोलोन (जर्मनी)।** शुरूआती आत्मघाती गोल से उबरते हुए स्पेन ने जॉर्जिया को 4-1 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्पेन के रॉबिन ले नोरमांड ने 18वें मिनट में आत्मघाती गोल करके जॉर्जिया को बढ़त दे दी थी। इसके बाद रौड्री और फेबियन रूई ने गोल करके स्पेन को मैच में लौटाया। निको विलियम्स और डानी ओल्मो ने बाकी दो गोल किए। स्पेन का सामना शुक्रवार को स्टटगार्ट में क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी से होगा। इस हार के साथ ही जॉर्जिया के स्वर्णिम अभियान पर रोक लग गई जिसने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम को 2-0 से हराया था।



हेड शॉट का प्रयास करते दोनों टीमों के खिलाड़ी।

## बेलिंगम के गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को हराया

**गेलसेनकिरचेन।** जूड बेलिंगम के बेहतरीन गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। एक समय पर लग रहा था कि इंग्लैड यूरो चैंपियनशिप के सबसे बड़े उलटफेर का शिकार हो जाएगा जब स्लोवाकिया स्टॉपेज टाइम तक इवान शरांज के गोल के दम पर 1-0 से आगे चल रहा था। बेलिंगम ने हालांकि अतिरिक्त समय में बराबरी का गोल दागा और हैरी केन ने विजयी गोल करके 1966 के बाद पहला बड़ा खिताब जीतने की इंग्लैंड की उम्मीदों को कायम रखा।



जीत के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

**यूरो 2024**

## गोलरहित ड्रॉ के बाद इक्वाडोर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**ग्लेनडेल।** इक्वाडोर ने स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी शॉट बचाया और मैक्सिको से गोलरहित ड्रॉ के बाद उसने कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मैक्सिको ने दूसरे हाफ में कई हमले किए जिन्हें इक्वाडोर ने बचाया। अब इक्पाडोर का सामना गुरुवार को ग्रुप ए की विजेता अर्जेंटीना से होगा। मैक्सिको चौथी बार ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सका है। वहीं, एडुअर्ड बेलो के गोल के दम पर वेनेजुएला ने ग्रुप बी के मैच में जमैका को 3-0 से हराया। वेनेजुएला ने ग्रुप चरण के तीनों मुकाबले जीत लिए हैं। कोच फर्नांडो बतिस्ता के बिना खेल रही थी जिन्हें मैदान पर देर से आने के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## विवादित दक्षिण चीन सागर के एक क्षेत्र पर फिलीपींस ने किया दावा

# बढ़ा विवाद, चीन ने दूसरा पोत किया तैनात

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने अपने दूसरे विमान वाहक पोत शेनडोंग को फिलीपींस तट के नजदीक तैनात किया है और इसे इलाके में गश्त करते देखा गया है। चीन ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब फिलीपींस ने विवादित दक्षिण चीन सागर के एक क्षेत्र पर दावा किया है, जिस पर बीजिंग भी अपना दावा करता है।

चीन के सरकारी ग्लोबल टाइम्स समाचार पत्र में सोमवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, विमानवाहक पोत शेनडोंग, फिलीपींस के जलक्षेत्र में गश्त करता देखा गया। यह चीनी द्वीपों और टापुओं पर निरंतर फिलीपींस के उकसावे के खिलाफ एक प्रतिरोध के रूप में कार्य करता है। चीनी विशेषज्ञों के हवाले से अखबार ने कहा कि विमानवाहक पोत संभवतः एक निर्धारित अभ्यास पर है, जो इसे पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में संभावित सुदूर समुद्री यात्रा के लिए भी तैयार कर सकता है। शेनडोंग की तैनाती जनवादी मुक्ति सेना (पीएलए) द्वारा दक्षिण चीन सागर में बड़े और मध्यम विध्वंसक पोत सहित प्रमुख युद्धपोतों के साथ-साथ जल व थल पर जाने में सक्षम मुख्य जहाज को तैनात करने के बाद हुई है। यह कदम चीन का फिलीपींस के साथ समुद्र क्षेत्रीय संघर्ष बढ़ने के मद्देनजर उठाया गया है।


फिलीपींस के आइलेंड के निकट पहुंचा पोत।

● बीजिंग का विध्वंसक पोत में कई एयरक्राफ्ट हैं तैनात

## दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति ने गठबंधन सरकार की घोषणा की

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने अपने नए राष्ट्रीय कार्यकारी मंत्रिमंडल की घोषणा की। जिसमें राष्ट्रीय एकता सरकार (जीएनयू) बनाने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के मंत्री शामिल हैं। रामफोसा ने राष्ट्रपति के दूसरे कार्यकाल शुरू होने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद यह घोषणा की, क्योंकि दोबारा चुनाव में उन्हें कम बहुमत प्राप्त हुआ है, इसलिए उनकी पार्टी, अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस को तीन दशकों में पहली बार सत्ता साझा करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

### ब्रिटेन मे चुनाव



ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक प्रचार अभियान के तहत यूनाइटेड किंगडम के मिडलैंड्स में प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां हेल्थ केयर वर्कर्स के साथ तस्वीर भी ली।

### एक नजर

**इजरायल में ड्रोन हमले में 18 सैनिक घायल**

**गाजा।** इजरायल के उत्तरी शहर गोलान हाइट्स में एक ड्रोन हमले में 18 इजरायली सैनिक घायल हो गए। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। आईडीएफ ने रविवार को टेलीग्राम पर कहा कि सोमवार सुबह उत्तरी गोलान हाइट्स में एक विस्फोटक ड्रोन हमले में एक आईडीएफ सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया और 17 सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। लेकिन आईडीएफ ने यह नहीं बताया कि ड्रोन का प्रक्षेपण किसने किया या यह कहां से आया। अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के बाद इजरायल-लेबनानी सीमा पर स्थिति खराब हो गई। आईडीएफ और लेबनानी हिजबुल्लाह लड़ाके रोजाना सीमा से लगे इलाकों में एक-दूसरे के ठिकानों पर गोलीबारी करते हैं।

**आईएस के हमले में चार सीरियाई सैनिकों की मौत**

**दमिश्क।** मध्य सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के हमले में चार सीरियाई सैनिक मारे गए। स्थानीय रेडियो स्टेशन के अनुसार, यह हमला पूर्वी होम्स के रेगिस्तानी क्षेत्र में रविवार को ताल शिहाब के एक सैन्य ठिकाने पर हुआ। लंदन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने हमले की रिपोर्ट में कहा कि आईएस के लोगों ने सैन्य अड्डे को निशाना बनाने के लिए मध्यम और हल्के हथियारों का इस्तेमाल किया।

**अल्बानिया के उपन्यासकार इस्माइल कादरे का निधन**

**तिराना।** अल्बानिया के विश्व विख्यात उपन्यासकार इस्माइल कादरे का यहां स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके प्रकाशन के संपादक ने सोमवार को यह जानकारी दी। वह 88 साल के थे। साहित्य के नोबेल पुरस्कार के संभावित दावेदार के रूप में कादरे के नाम का उल्लेख लंबे समय से होता रहा है। ओनफ्री पब्लिशिंग हाउस के संपादक बुजर हुधरी ने कहा कि प्रसिद्ध लेखक का सोमवार सुबह निधन हो गया।

**उत्तर कोरिया ने दागी दो बैलिस्टिक मिसाइल**

**सोल।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को दक्षिण कोरिया की ओर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागी। यह जानकारी दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने देश के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ का हवाला देते हुए दी। रिपोर्ट में कहा गया कि कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल ने लगभग 600 किलोमीटर (372 मील) की दूरी तय की, जबकि एक अन्य मिसाइल ने लगभग 120 किलोमीटर की दूरी तय की।

# अमेरिकी सांसद बोले- हिंदुओं के प्रति घृणा नहीं करेंगे बर्दाश्त

## सांसदों ने हिंदुओं को भेदभाव और हिंदूफोबिया के प्रति किया आश्वस्त

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में हिंदूफोबिया, अल्पसंख्यक, हिंदू समुदाय के विरुद्ध बढ़ते भेदभाव को लेकर आवाज तेज होती जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख अमेरिकी सांसदों ने इसके खिलाफ भारतीय अमेरिकियों को अपना समर्थन देने का वादा किया है। हिंदूफोबिया से आशय हिंदू धर्म और हिंदुओं के प्रति विरोधी और अपमानजनक दृष्टिकोण और व्यवहार करने से है। सांसदों ने कहा हिंदुओं के प्रति घृणा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) द्वारा आयोजित तीसरे राष्ट्रीय हिंदू समर्थन दिवस में 28 जून को कई हिंदू छात्रों, शोधार्थियों और सामुदायिक नेताओं ने भाग लिया तथा अमेरिका में रहने वाले हिंदुओं की चिंताओं पर चर्चा की। कांग्रेस सदस्य थानेदार ने वाशिंगटन में एक दिवसीय समर्थन दिवस में अपने संबोधन में कहा हम यहां हैं और हम लड़ रहे हैं। थानेदार ने कहा आप सभी के पास जो आवाज है, वही आवाज कांग्रेस में हिंदू समुदाय के पास है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य थानेदार ने सदन में हिंदूफोबिया और मंदिरों पर हमलों की निंदा वाला प्रस्ताव पेश किया है। इसमें हिंदू अमेरिकी समुदाय के योगदान की सराहना की गई है। उन्होंने कहा कि वे हिंदूफोबिया, भेदभाव या नफरत के अन्य रूपों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।


तीसरे राष्ट्रीय हिंदू समर्थन दिवस पर भारतीयों के साथ उपस्थित सांसद। ● एजेंसी

**हिंदू समुदाय के साथ खड़े हैं रिपब्लिकन सांसद**

कांग्रेस सदस्य रिच मैककॉर्मिक ने नीति निर्माण में हिंदू अमेरिकी और भारतीय अमेरिकी समुदाय की निरंतर बढ़ती भागीदारी और अमेरिका के भविष्य को बदलने की इसकी क्षमता का स्वागत किया। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ने हिंदू अमेरिकियों के योगदान का सम्मान करते हुए सदन के प्रस्ताव 1131 के प्रति अपने समर्थन की ओर ध्यान आकर्षित किया। रिपब्लिकन पार्टी के कांग्रेस सदस्य ग्लेन ग्रोथमैन ने समुदाय के साथ एकजुटता व्यक्त की। कांग्रेस सदस्य रो खन्ना ने पिछले दशक में समुदाय का समर्थन बढ़ने का जिक्र किया।

## विरोध-प्रदर्शन का वीडियो पोस्ट करने पर दो पत्रकार गिरफ्तार

**अल्जीयर्स।** अल्जीरिया में अधिकारियों ने एक सरकारी कार्यक्रम में दुर्व्यवहार की शिकार महिला व्यवसायियों के विरोध प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो पोस्ट करने के लिए दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया। राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने के चार वर्ष पहले सत्ता में आने के बाद से पत्रकारों को कथित रूप से दमन का सामना करना पड़ रहा है। देश में मामूली आरोपों पर लंबे समय तक जेल की सजा भी हो सकती है।

कानूनी शुल्क बढ़ने के कारण कई समाचार प्रतिष्ठान भी बंद हो चुके हैं। स्थानीय निगरानी समूह नेशनल कमेटी फॉर द लिबरेशन ऑफ डिटेनी की ओर से शनिवार को जारी बयान के अनुसार समाचार वेबसाइट अल्जीरी स्कूप से संबंधित पत्रकार सोफियानी घिरोस और फरहत उमर को पिछले सप्ताह उकसाने वाली और नफरत फैलाने वाली भाषा के वीडियो प्रसारित करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। महिला स्टार्टअप संस्थापकों ने वीडियो में शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण मंत्रालय द्वारा आयोजित एक नवाचार कार्यक्रम के दौरान सरकार पर उन्हें अपमानित और उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया।

# पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से 18 कैदी भागे एक की गोली से मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

● छह को मौत की सजा सुनाई गयी थी, जबकि तीन कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) स्थित एक जेल से कम से कम 18 खतरनाक अपराधी एक सुरक्षाकर्मी पर हमला करने के बाद फरार हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फरार कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गई थी। घटना शुक्रवार को रावलकोट जेल में हुई जब एक कैदी ने सुरक्षाकर्मी को पिस्तौल का भय दिखाकर जेल की चाबियां छीन लीं।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि फरार होने वाले 18 कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गयी थी जबकि तीन अन्य कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि फरार होने की कोशिश कर रहे एक अन्य कैदी की गोली लगने से मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि वह (कैदी) पांच वर्ष कैद की सजा काट रहा था। पुलिस ने इलाके में व्यापक खोज अभियान शुरू किया है।

**जेल प्रमुख तथा कुछ अन्य अधिकारि बर्खास्त :** इस बीच, अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी और जेल प्रमुख तथा कुछ अन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि कुछ अधिकारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। समा टीवी की खबर के अनुसार, रावलकोट जेल के उपाधीक्षक समेत सात अधिकारियों को हिरासत में लेकर सुरक्षा उल्लंघन की जांच शुरू कर दी गई है। खबर के मुताबिक, सुरक्षा चूक के मद्देनजर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की सभी जेलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सरकार ने कैदियों के फरार होने के कारणों की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग के गठन का अनुरोध किया है।

# ट्रंप का मामला निचली अदालत में वापस भेजा

वाशिंगटन, एजेंसी

● उच्चतम न्यायालय ने मुकदमे में छूट से जुड़े मामले की सुनवाई की

अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमे से छूट से जुड़े मामले को सुनवाई के लिए वापस निचली अदालत में भेज दिया है। इस कदम से ट्रंप के खिलाफ वाशिंगटन आपराधिक मामले में सुनवाई लंबी खिंच सकती है और इससे यह संभावना समाप्त हो गई कि पूर्व राष्ट्रपति पर नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले मुकदमा चलाया जा सकता है।



ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को पलटने की साजिश रची थी। न्यायाधीशों ने 6-3 के ऐतिहासिक फैसले में पहली बार कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों को उनके आधिकारिक कृत्यों के लिए मुकदमे से पूर्ण छूट है, लेकिन अनाधिकारिक कृत्यों के लिए कोई छूट नहीं है। हालांकि, न्यायाधीशों ने निचली अदालत को आदेश दिया कि वे यह तय करे कि ट्रंप के मामले में निर्णय को कैसे लागू किया जाए। वहीं, रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं पूर्व राष्ट्रपति ने कुछ भी गलत करने से इनकार किया है और दावा किया है कि यह अभियोजन और तीन अन्य मामले उन्हें व्हाइट हाउस में वापस आने से रोकने के लिए राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं। मई में, ट्रंप न्यूयॉर्क की अदालत में एक अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति बने। उन्हें 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान एक पोर्न अभिनेत्री को पैसे दिये जाने के प्रकरण को छिपाने के लिये कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का दोषी पाया गया था।

## श्रीलंकाई नेता संपन्थन का निधन, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

**कोलंबो।** श्रीलंका में तमिल नागरिकों के लिए शांति, न्याय और सम्मान का जीवन सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करने वाले उदारवादी तमिल नेता आर संपन्थन का रविवार रात निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा था।

संपन्थन ने 2004 से तमिल नेशनल अलायंस (टीएनए) का नेतृत्व किया और सिंहली बहुल देश में मुख्य विपक्षी नेता बनने वाले दूसरे तमिल बने। वह लंबे समय से बीमार होने के कारण संसद के मौजूदा सत्र में शामिल नहीं हो रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीलंकाई तमिल नेता के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा टीएनए के अनुभवी नेता आर संपन्थन के परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मोदी ने लिखा उनके साथ हुई मुलाकातों की यादें हमेशा संजोकर रखूंगा।

# पेरिस में प्रदर्शन, आंसू गैस के गोले छोड़े

पेरिस, एजेंसी

पेरिस में प्रदर्शन के दौरान ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का उपयोग किया। यह जानकारी आरआईए नोवोस्ती ने सोमवार को दी। फ्रांस में संसदीय चुनावों के पहले दौर के पहले नतीजों की घोषणा के बाद पेरिस के प्लेस डे ला रिपब्लिक में प्रदर्शन शुरू हुआ। विरोध प्रदर्शन में एक हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

● ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथियों ने दिया भड़काऊ भाषण

प्रदर्शन कई घंटों तक शांतिपूर्ण रहा, फिर एकाएक ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथी युवा कार्रवाई में शामिल हो गए। कट्टरपंथियों ने पुलिस के खिलाफ भड़कना शुरू कर दिया, कूड़ेदानों में आग लगा दी और कैफे की खिड़कियां तोड़ दीं। धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी पहले दौर के चुनाव में 34.2% के साथ आगे चल रही है, इसके बाद वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ का मध्यमार्गी गठबंधन क्रमशः 29.1% और 21.5% पर है।


पेरिस की सड़कों पर प्रदर्शन करते लोग।

**मैक्रों का निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन करने का निर्देश**

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी का मुकाबला करने के लिए अपनी टीम को देश के प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन करने का निर्देश दिया है। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने रविवार को कहाकि पहले एग्जिट पोल के अनुसार, नेशनल रैली 34.2 प्रतिशत के साथ पहले दौर के चुनावों में आगे चल रही है, उसके बाद वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन 29.1 प्रतिशत के साथ दूसरे और श्री मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन 21.5 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। श्री मैक्रों कथित तौर पर चुनावों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को एलीसी पैलेस में एक रणनीतिक बैठक करेंगे।

## सिंगापुर में विपक्षी नेता प्रीतम सिंह वर्कर्स पार्टी के पुनः महासचिव बने

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के विपक्ष के नेता प्रीतम सिंह को वर्कर्स पार्टी का महासचिव पुनः निर्वाचित किया गया है। पुनः निर्वाचित चेयरवुमैन सिल्विया लिम की अगुवाई में कुल 14 सदस्यों ने केंद्रीय कार्यकारी समिति (सीईसी) के लिए वोट दिया जो वर्कर्स पार्टी की शीर्ष निर्णय निर्धारण संस्था है। सिंह (48) को रविवार को निर्विरोध चुन लिया गया। वह 2018 से पार्टी के महासचिव हैं। सिंह ने पत्रकारों से कहा शानदार नतीजे।

हम अगले दो साल इस सीईसी के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। चैनल न्यूज एशिया ने सिंह के हवाले से कहा यह उम्मीदवारी के बारे में नहीं था, यह पार्टी का आंतरिक चुनाव था इसलिए मेरी टिप्पणियां उस तक ही सीमित रहेंगी। मीडिया की खबरों में कहा गया है कि दो साल के लिए चुने जाने वाली वर्कर्स पार्टी की सीईसी सिंगापुर के अगले आम चुनाव के लिए तैयार है जो नवंबर 2025 तक होने हैं लेकिन इन्हें इससे पहले भी कराया जा सकता है।

## बॉलीवुड हलचल

### अमिताभ ने बेटे अभिषेक के साथ देखी कल्कि 2898 एडी

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 एडी अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ देखी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित फिल्म कल्कि 2898 एडी 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है।' कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। इस फिल्म ने अब तक 555 करोड़ का ग्रॉस कारोबार कर लिया है।अमिताभ बच्चन ने इस फिल्म में अश्वत्थामा का किरदार निभाया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। अमिताभ ने बेटे अभिषेक के साथ फिल्म कल्कि 2898 एडी देख ली है। अमिताभ ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि रविवारों का रविवार। बड़े पर्दे पर कुछ दोस्तों के साथ कल्कि देखी है। इसको पहली बार देखा। आईमैक्स में थिएटर्स का माहौल, खूबसूरती और सुविधाएं काफी प्रभावशाली थीं। सालों से बाहर नहीं निकला था, लेकिन प्रगति देखने के लिए बाहर निकलना बहुत संतोषजनक था।

### 13 सितंबर को रिलीज होगी करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की आने वाली फिल्म द बकिंघम मर्डर्स, 13 सितंबर को रिलीज होगी। करीना कपूर इन दिनों हंसल मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म द बकिंघम मर्डर्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। बालाजी मोशन पिक्चर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने फिल्म के दो पोस्टर शेयर किए हैं और साथ ही इसकी रिलीज डेट भी बता दी है। पोस्ट शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है। फिल्म द बकिंघम मर्डर्स एक मर्डर मिस्ट्री है। इस फिल्म में करीना कपूर खान के साथ रणवीर बरार, कीथ एलन और ऐश टंडन समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं। वहीं, इस फिल्म को शोभा कपूर, एकता कपूर और करीना कपूर ने प्रोड्यूस किया है और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर, राघव राज कक्कड़ ने इसे लिखा है।



### 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी नखरेवाली

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार आनंद एल राय की आने वाली फिल्म नखरेवाली, 14 फरवरी 2025 में रिलीज होगी फिल्म नखरेवाली का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म वैलेंटाइन डे यानी 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म नखरेवाली के नये पोस्टर में अंश दुग्गल और प्रगति श्रीवास्तव किस करते नजर आ रहे हैं। आनंद एल राय के कलर येलो प्रोडक्शंस और जियो स्टूडियोज के बीच दूसरा कॉलोबोरेशन होगा। फिल्म का निर्देशन राहुल शांकल्या कर रहे हैं, वहीं इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा लिख रही हैं।

## जापान ने नए एच3 रॉकेट से पृथ्वी निगरानी उपग्रह किया प्रक्षेपित

**तोक्यो।** जापान ने सोमवार को एक नया महत्वाकांक्षी एच3 रॉकेट प्रक्षेपित करने के साथ ही आपदा प्रतिक्रिया और सुरक्षा के लिए एक उन्नत पृथ्वी निगरानी उपग्रह अंतरिक्ष में तैनात कर दिया। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) ने बताया कि एच3 नंबर 3 रॉकेट ने दक्षिण पश्चिमी जापान के एक द्वीप पर तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी और करीब 16 मिनट बाद तय योजना के अनुसार अपना पेलोड (उपग्रह) छोड़ा। उन्नत भूमि निरीक्षण उपग्रह या एएलओएस-4 को आपदा प्रतिक्रिया तथा मानचित्रण के लिए पृथ्वी की निगरानी करने तथा डेटा एकत्रित करने का काम सौंपा गया है। यह सैन्य गतिविधि जैसे कि मिसाइल प्रक्षेपण पर नजर रखने में भी सक्षम है। पहले यह प्रक्षेपण रविवार को किया जाना था लेकिन खराब मौसम के कारण इसमें देरी हुई।

**नियुक्ति** 123 वर्षों में दूसरी बार किसी महिला को दिया गया पद

# ऑस्ट्रेलिया में दूसरी महिला गवर्नर जनरल नियुक्त

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को सैम मोस्टिन को अपना गवर्नर जनरल नियुक्त किया। 123 वर्षों में दूसरी बार किसी महिला को इस पद पर नियुक्त किया गया है। यह, वर्ष 2022 में महाराजा चार्ल्स तृतीय का कार्यकाल शुरू होने के बाद से इस तरह की पहली ऑस्ट्रेलियाई नियुक्ति है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी सरकार की ओर से भी यह पहली नियुक्ति है।

लेबर पार्टी सरकार ब्रिटिश क्राउन के स्थान पर ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रपति को राष्ट्र प्रमुख के रूप में नियुक्त करना चाहती है। कारोबारी महिला और लैंगिक समानता की पक्षधर सैम मोस्टिन ने ऑस्ट्रेलिया की 28वीं गवर्नर जनरल के रूप में शपथ ली। वर्ष 1901 के बाद से यह दूसरी बार है जब इस पद पर कोई महिला आसीन हुई है। वह 2005 में ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग की पहली महिला कमिश्नर भी रह चुकी हैं। नयी भूमिका में अपने पहले भाषण में मोस्टीन ने ऑस्ट्रेलिया की पहली महिला गवर्नर-जनरल क्वेंटिन ब्राइस को उद्धृत किया।



**मोस्टीन ने कहा मैं एक आशावादी गवर्नर जनरल बनूंगी :** मोस्टीन ने कहा मैं एक आशावादी, आज के दौर के साथ चलने वाली और सभी की पहुंच में रहने वाली गवर्नर-जनरल बनूंगी। मैं उस सेवा और योगदान के लिए प्रतिबद्ध रहूंगी जिसकी अपेक्षा ऑस्ट्रेलिया के सभी लोग करते हैं। मोस्टीन ने कहा कि उन्होंने इस भूमिका के बारे में जानने के लिए उन सभी पांच पूर्व गवर्नर जनरल से बातचीत की जो कि अभी जीवित हैं, जिनमें ब्राइस भी शामिल हैं। ब्राइस को लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री की अनुशंसा पर महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा नियुक्त किया गया था और वे 2008 से 2014 तक इस पद पर रहीं।